*
ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

08 फरवरी, 2024
माघ, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
गुरुवार, वर्ष 09, अंक 109

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही







### मुख्यमंत्री ने राजस्व प्राप्ति और व्यय की समीक्षा की

# अब आमजन को 125 यूनिट बिजली मुफ्त : चंपाई सोरेन

- सीएम ने ऊर्जा विभाग को प्रस्ताव तैयार करने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि बिजली सब्सिडी में जल्द बढ़ोतरी की जायेगी। बिजली उपभोक्ताओं को अब 100 यूनिट की बजाय 125 यूनिट बिजली मुफ्त दी जायेगी। सभी वंचित टोलों में बिजली पहुंचायी जायेगी। उन्होंने इस संबंध में ऊर्जा विभाग को प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री बुधवार को प्रोजेक्ट भवन में वित्तीय वर्ष 2023-24 की राजस्व प्राप्ति और व्यय की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में मुख्य सचिव एल ख्यांगते के अलावा सभी विभागों के प्रमुख मौजूद थे। उन्होंने विभिन्न विभागों के बजटीय प्रावधान और वास्तविक प्राप्ति तथा खर्च की जानकारी ली। साथ ही संचालित योजनाओं की जानकारी लेते हुए हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

**कार्यों में तेजी और वित्तीय प्रबंधन बेहतर करने का निर्देश:** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने सभी विभागों को विभिन्न योजनाओं के कार्यों में तेजी लाने, स्वीकृत योजनाओं का कार्य जल्द शुरू करने और लंबित योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को वित्तीय प्रबंधन को और भी बेहतर बनाने को कहा। उन्होंने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष की समाप्ति में अब दो महीने से कम का समय बचा है। ऐसे में सभी विभाग अपने बजट की राशि के खर्चे में तेजी लायें। ताकि जो लक्ष्य निर्धारित है, उसे पूरा कर सकें।

**केंद्र प्रायोजित योजनाओं की भी जानकारी:** मुख्यमंत्री ने बैठक में विभागवार केंद्र प्रायोजित योजनाओं की उपलब्धियों की जानकारी ली।



### मुख्यमंत्री ने दिये अहम निर्देश

- अबुआ आवास योजना की स्थायी प्रतीक्षा सूची बने। तमाम विसंगतियों को दूर करें। इस योजना के दुरूपयोग और गलत इस्तेमाल किये जाने पर कार्रवाई का भी प्रावधान किया जाये।
- सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकों की उपस्थिति सुनिश्चित करें।
- हरा राशन कार्डधारियों को हर महीने अनाज देने और पीडीएस डीलरों के कमीशन बढ़ाने की प्रक्रिया जल्द पूरी करें।
- जनजातीय भाषाओं के लिए शिक्षक नियुक्ति की प्रक्रिया जल्द पूरी हो।
- 12वीं कक्षा के सभी विद्यार्थियों को गुरुजी क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराने की पहल जल्द शुरू करें।
- पांच वर्ष से पुरानी सभी सड़कों की मरम्मत करायें।
- सिदो-कान्हू क्लब के गठन की प्रक्रिया जल्द पूरी करें।
- मुख्यमंत्री ग्रामीण गाड़ी योजना को तुरंत चालू करें।
- यूनिवर्सल पेंशन स्कीम के लिए 50 वर्ष की आयु सीमा पूरी करने वाली महिलाओं के चयन का अभियान शुरू करें।
- अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति छात्रावास में रहनेवाले विद्यार्थियों के भोजन इत्यादि की व्यवस्था और बहुमंजिला छात्रावास के निर्माण पर ध्यान दें।
- 325 प्रखंड स्तरीय स्कूल ऑफ एक्सीलेंस का विस्तार करें।
- विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में प्राध्यापकों की नियुक्ति प्रक्रिया जल्द शुरू हो।
- पशुधन योजना के तहत सभी जिलों में पशु मेला लगाया जाये।
- एक लाख बिरसा सिंचाई कूप का निर्माण शीघ्र शुरू हो।
- दाखिल -खारिज का निष्पादन और लगान रसीद समय पर निर्गत हो।
- धान क्रय को लेकर किसानों को समय पर राशि का भुगतान सुनिश्चित करें।

### मेडिकल कॉलेज निर्माण की जानकारी ली

मुख्यमंत्री ने रांची और बोकारो में मेडिकल कॉलेज खोले जाने के बारे में जानकारी ली। स्वास्थ्य विभाग की ओर से बताया गया कि बोकारो मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति मिल चुकी है और रांची मेडिकल कॉलेज के लिए डीपीआर बनाया जा रहा है। वहीं, रिनपास, रांची के परिसर में मेडिको सिटी बनायी जायेगी। मंत्री परिषद से इस प्रस्ताव की मंजूरी के बाद इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने का काम शुरू कर दिया जायेगा। इसके अलावा चंपाई सोरेन ने नावाडीह, पोटका चाकुलिया और बंदगांव में बननेवाले नये कॉलेज निर्माण के बारे में जानकारी ली।

वित्त विभाग ने उनको बताया कि केंद्र सरकार से जो राशि मिली है, उसे खर्च करने के लिए सभी विभागों को आवश्यक निर्देश दिये जा चुके हैं। इस राशि के खर्च के बाद अतिरिक्त राशि उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा जायेगा।

**आवेदनों का निष्पादन सुनिश्चित करें:** चंपाई सोरेन ने 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम को लेकर 24 नवंबर से 26 दिसंबर तक आयोजित शिविरों में विभिन्न योजनाओं से संबंधित जो आवेदन मिले हैं, उसकी अद्यतन जानकारी ली। इस क्रम में निष्पादित, अस्वीकृत और लंबित आवेदनों के बारे में भी जाना। उन्होंने कहा कि आवेदन लंबित नहीं रहे। इसे हर हाल में सुनिश्चित करें और जिस आवेदन को अस्वीकृत किया गया है, उसकी वजह भी बतायी जानी चाहिए।

# नक्सलियों से मुठभेड़ में दो जवान शहीद, एक घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में जिला बल के दो जवान शहीद हो गये हैं। वहीं एक जवान गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे एयरलिफ्ट कर रांची लाया गया। शहीद जवान शुकन राम पलामू का रहने वाला है तथा दूसरा जवान बिहार के वजीरगंज का रहने वाला है। गोली लगने से घायल जवान आकाश सिंह का इलाज रांची में चल रहा है। घटना के बारे में मिली जानकारी के अनुसार सदर थाना एवं वशिष्ठ नगर थाना की पुलिस बल के जवान वन विभाग के कर्मियों के साथ अफीम की खेती नष्ट करने के लिए सदर थाना क्षेत्र के डाढा पंचायत के बैरियो जंगल की ओर गये थे। अफीम की खेती को ट्रैक्टर से नष्ट कर छापामारी दल वापस लौट रहा था। इसी दौरान बैरियो के समीप पहले से घात लगाये नक्सलियों ने पुलिस जवान के वाहन पर ताबड़तोड़ फायरिंग की। पुलिस के जवानों ने भी मोर्चा संभाला। इसी दौरान नक्सलियों की गोली लगने से दो जवान की मौत हो गयी और एक जवान घायल हो गया। पुलिस के छापामारी दल में लगभग 15-20 जवान शामिल थे। जिसमें आठ जवान पीटीसी पद्मा हजारीबाग से जिले में चलाये जा रहे अफीम विनिष्टकरण अभियान के ड्यूटी पर तैनात किया गया था। अन्य जवान सदर थाना एवं वशिष्ठ थाना में तैनात जिला पुलिस के जवान शामिल थे। सूत्रों के अनुसार नक्सलियों को भी गोली लगने की सूचना है। ज्ञात हो कि कुछ दिनों से वन विभाग द्वारा पुलिस के जवानों के साथ जिले में अफीम की खेती नष्ट करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

### घायल जवान को एयरलिफ्ट कर लाया गया रांची



### शहादत बेकार नहीं जायेगी : चंपाई सोरेन

रांची(आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने चतरा जिले के जोरी और बेरियो थाना के सीमा क्षेत्र में नक्सली मुठभेड़ में दो जवानों के शहीद होने पर गहरा दु:ख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि जिस तरीके से नक्सलियों ने इस घटना को अंजाम दिया है, वह काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। इस मुठभेड़ में शहीद दोनों जवानों के परिवार के साथ सरकार खड़ी है और उन्हें हर संभव सहायता दी जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन जवानों की शहादत बेकार नहीं जायेगी। नक्सली गतिविधियों को नियंत्रित करने के लिए सरकार सभी जरूरी कदम उठा रही है। नक्सलियों के खिलाफ पुलिस का ऑपरेशन लगातार जारी रहेगा। किसी भी हाल में सुरक्षा बलों के मनोबल को गिरने नहीं दिया जायेगा। मुख्यमंत्री ने गृह विभाग और पुलिस महानिदेशक को नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई करने और इस मुठभेड़ में घायल जवान के समुचित और बेहतर इलाज सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।

# 16 फरवरी को चंपाई सोरेन सरकार का मंत्रिमंडल विस्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** चंपाई सरकार विधानसभा में विश्वास मत हासिल कर चुकी है। अब मंत्रिमंडल के विस्तार का इंतजार किया जा रहा है। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन की ओर से चंपाई सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार के लिए गुरुवार को होनेवाले शपथ ग्रहण समारोह को टाल दिया है। यह मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के आग्रह पर किया गया है। अब शपथ ग्रहण समारोह 16 फरवरी को शाम तीन बजे होगा। गौरतलब है कि चंपाई सरकार के नये मंत्रियों के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन 8 फरवरी को 2.30 बजे निर्धारित किया गया था। राजभवन में इसकी तैयारी की जा रही थी। इसी बीच बुधवार को चंपाई सोरेन ने राज्यपाल से शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन 16 फरवरी को करने का आग्रह किया, जिसे राज्यपाल ने मान लिया है।

## न्यूज रील्स

### केजरीवाल की 17 को कोर्ट में पेशी

नयी दिल्ली। दिल्ली शराब नीति केस में जांच कर रही इडी की शिकायत पर कोर्ट ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को समन भेजा है। इससे पहले जांच एजेंसी ने केजरीवाल को पांच बार समन भेजा था। समन को राजनीति से प्रेरित बता कर अभी तक वह इडी के सामने पेश नहीं हुए। इसे लेकर इडी ने 3 फरवरी को दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में शिकायत दर्ज करायी थी। उस पर बुधवार को कोर्ट ने केजरीवाल को समन भेज कर 17 फरवरी को पेश होने को कहा है।

### यूसीसी बिल पास करनेवाला उत्तराखंड बना पहला राज्य

उत्तराखंड। उत्तराखंड विधानसभा में बुधवार को यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) बिल ध्वनिमत से पास हो गया। इसी के साथ यूसीसी बिल पास करने वाला उत्तराखंड देश का पहला राज्य बन गया है। सीएम पुष्कर धामी ने 6 फरवरी को विधानसभा में यह बिल पेश किया था। अब इसे राज्यपाल के पास भेजा जायेगा। राज्यपाल की मुहर लगते ही यह बिल कानून बन जायेगा।

### कारोबारी के ठिकानों पर इडी की दबिश

कोलकाता (आजाद सिपाही)। इडी ने बुधवार को कोलकाता में कारोबारी के यहां छापेमारी की। सूत्रों के मुताबिक छापेमारी हेमंत सोरेन के मामले को लेकर हुई है। मामला शेल कंपनी के जरिये मनी लांड्रिंग से जुड़ा है। कोलकाता के मुदियाली में रेड करने के लिए रांची से इडी की टीम पहुंची है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इडी की टीम बुधवार सुबह-सुबह कोलकाता के कारोबारी योगेश अग्रवाल के घर दबिश दी। उनके मुदियाली, बिधान सरणी समेत अन्य ठिकानों पर छापेमारी की है। अग्रवाल परिवार रीयल इस्टेट, फाइनेंस और मोटर ट्रेनिंग स्कूल का कारोबार करता है।

# हेमंत की रिमांड अवधि पांच दिन और बढ़ी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पूर्व सीएम हमंत सोरेन से प्रवर्तन निदेशालय (इडी) फिर पांच दिनों तक पूछताछ करेगा। कोर्ट ने इसकी इजाजत दे दी है। एजेंसी ने हेमंत को रिमांड खत्म होने के बाद बुधवार को इडी कोर्ट में पेश किया था। कोर्ट से इडी ने सात दिनों की रिमांड की मांग की, लेकिन कोर्ट ने पांच दिनों की अनुमति दी।

गौरतलब है कि रांची के बड़गाईं अंचल स्थित करीब 8.50 एकड़ आदिवासी भूमि के अवैध कब्जे से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में हेमंत सोरेन को इडी ने 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था। कोर्ट ने उन्हें 2 फरवरी को पांच दिनों के लिए इडी हिरासत में भेज दिया था। हिरासत अवधि खत्म होने के बाद हेमंत को बुधवार को फिर से कोर्ट में पेश किया गया था। इडी के विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार ने कोर्ट से यह आग्रह किया कि इस केस में अभी हेमंत सोरेन से कई बिंदुओं पर पूछताछ करनी है। इसलिए एक बार फिर सात दिनों की रिमांड की अनुमति दी जाये। इसका हेमंत सोरेन के अधिवक्ता ने विरोध किया। दोनों पक्षों की बहस और दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने पांच दिनों की रिमांड की मंजूरी दे दी।

### सालगिरह पर कल्पना का भावुक संदेश



रांची (आजाद सिपाही)। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और पत्नी कल्पना सोरेन की बुधवार को 18वीं सालगिरह थी। कल्पना बुधवार सुबह इडी कार्यालय पहुंचीं और हेमंत से मिलीं। वह करीब 15 मिनट तक वहां रहीं। उधर, इडी कार्यालय जाने से पहले कल्पना ने सोशल मीडिया पर एक भावुक संदेश और तस्वीर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा कि 'झारखंड के अस्तित्व और अस्मिता की रक्षा के लिए हेमंत जी ने झुकना स्वीकार नहीं किया। उन्होंने षड्यंत्र से लड़ना और उसे हराने के लिए अपने आपको समर्पित करना बेहतर समझा। आज हमारी शादी की 18वीं सालगिरह है, पर हेमंत जी परिवार के बीच नहीं हैं। बच्चों के साथ नहीं हैं। विश्वास है, वो इस षड्यंत्र को हरा विजेता बन कर हम सभी के साथ शीघ्र होंगे। मैं एक वीर झारखंडी योद्धा की जीवन साथी हूं। आज के दिन मैं भावुक नहीं होऊंगी। हेमंत जी की तरह ही विषम परिस्थितियों में भी मुस्कुराते हुए उनके साहस और संघर्ष की शक्ति बनूंगी।

# संपन्न पिछड़ों को आरक्षण से बाहर क्यों नहीं कर सकते: सुप्रीम कोर्ट

### अदालत एससी-एसटी में कोटा को लेकर दिये गये 2004 के अपने ही फैसले की समीक्षा करेगी

कोर्ट ने यह भी पूछा कि क्या आइएएस-आइपीएस अफसरों के बच्चों को भी कोटा मिलना चाहिए?




आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि वह एससी-एसटी में कोटा को लेकर दिये गये 2004 के अपने ही फैसले की समीक्षा करेगी। 2004 में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि राज्यों को अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) में कोटा के लिए सब-कैटेगरी बनाने का अधिकार नहीं है। अब सुप्रीम कोर्ट की सात जजों की संवैधानिक बेंच इस फैसले की समीक्षा करेगी। इस बेंच की अगुवाई सीजेआइ डीवाई चंद्रचूड़ करेंगे। इसमें जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस बेला एम त्रिवेदी, जस्टिस पंकज मित्तल, जस्टिस मनोज मिश्रा और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा भी शामिल हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने 2006 के पंजाब के एससी-एसटी कानून के मामले से सुनवाई की शुरुआत की। पंजाब सरकार 2006 में कानून लेकर आयी थी, जिसके तहत एससी कोटा में वाल्मीकि और मजहबी सिखों को नौकरी में 50 फीसदी आरक्षण और प्राथमिकता दी गयी थी। पंजाब-हरियाणा हाइकोर्ट ने 2010 में इस कानून को असंवैधानिक बताया था और एक्ट को खत्म कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट में इस फैसले के खिलाफ पंजाब सरकार समेत 23 अपील दायर की गयी हैं। सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को सुनवाई का दूसरा दिन था। इससे पहले मंगलवार को भी सुनवाई हुई थी।

कोर्ट ने सवाल किया कि क्या पिछड़ी जातियों में मौजूद संपन्न उपजातियों को आरक्षण की सूची से बाहर क्यों नहीं किया जाना चाहिए? बेंच ने यह भी सवाल उठाया कि क्या आइएस-आइपीएस अफसरों के बच्चों को कोटा मिलना चाहिए? बेंच में शामिल जस्टिस विक्रम नाथ ने पूछा कि इन्हें आरक्षण सूची से क्यों नहीं निकाला जाना चाहिए? उन्होंने कहा कि इनमें से कुछ उपजातियां संपन्न हुई हैं। उन्हें आरक्षण से बाहर आना चाहिए। ये आरक्षण के दायरे से बाहर आकर बेहद पिछड़े और हाशिए पर चल रहे वर्ग के लिए जगह बना सकती हैं। बेंच में शामिल जस्टिस बीआर गवई ने कहा कि एक शख्स जब आइएएस या आइपीएस बन जाता है, तो उसके बच्चे गांव में रहनेवाले उसके समूह की तरह असुविधा का सामना नहीं करते। फिर भी उनके परिवार को पीढ़ियों तक आरक्षण का लाभ मिलता रहेगा। अब ये संसद को तय करना है कि संपन्न लोगों को आरक्षण से बाहर करना चाहिए या नहीं।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



# कांग्रेस कोटे के मंत्रियों के चयन में क्या लागू होगा राहुल का फार्मूला!

## ■ जाति आधारित राजनीति और आरक्षण पर राहुल के स्टैंड से झारखंड के पिछड़े और आदिवासी विधायकों में जगी आस, महिला विधायकों को भी मिले सम्मान

## ■ कर्नाटक, हिमाचल और तेलंगाना में भी यह फॉर्मूला लागू करने की उठ रही मांग

**कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान बिहार और झारखंड में जाति आधारित राजनीति को नया आयाम दे दिया है। इन दोनों राज्यों में राहुल गांधी ने अपने भाषणों में जाति आधारित जनगणना कराने और आबादी के अनुपात में आरक्षण देने के अलावा आरक्षण की 50 फीसदी की अधिकतम सीमा को खत्म करने का आश्वासन दिया है। साथ ही महत्वपूर्ण पदों पर पिछड़े-दलितों की नियुक्ति-पोस्टिंग की वकालत की है। उनकी इन घोषणाओं या 'जातीय कार्ड' को बड़ा चुनावी दांव बताया जा रहा है, लेकिन अब कहा जा रहा है कि क्या उनके इस फॉर्मूले को लागू करने की शुरुआत झारखंड में कैबिनेट विस्तार से होगी। झारखंड में कांग्रेस सत्ता में साझीदार है और यहां पांच दिन पुरानी चंपाई सोरेन कैबिनेट का विस्तार अगले कुछ दिनों में होनेवाला है। राहुल गांधी के स्टैंड के बाद यहां के पिछड़े, दलित और आदिवासी वर्ग से आनेवाले विधायकों में एक नयी उम्मीद जगी है। वे आस लगाये बैठे हैं कि झारखंड सरकार के कैबिनेट विस्तार में कांग्रेस कोटे के मंत्रियों के पद उनसे भरे जायेंगे। इसके अलावा अब यह मांग भी उठ रही है कि कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश और तेलंगाना में, जहां कांग्रेस की बहुमत की सरकार है, भी यह फॉर्मूला लागू किया जाये। राहुल गांधी के इस जातीय कार्ड और जाति आधारित जगनगणना का हश्र हिंदी पट्टी के तीन राज्यों, मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनावों में दुनिया देख चुकी है, इसलिए अगले दो महीने में होनेवाले लोकसभा चुनावों में यह दांव असरदार होगा, इसमें संदेह है, लेकिन राहुल गांधी ने इसके सहारे मझधार पार करने की कोशिश की है। यदि झारखंड में राहुल गांधी यह फॉर्मूला लागू नहीं करा पाते हैं, तो फिर इसे महज चुनावी स्टंट ही समझा जायेगा और उसका खामियाजा कांग्रेस को उठाना पड़ेगा। क्या है राहुल गांधी का फॉर्मूला और यह पिछली बार उनकी 'न्याय योजना' से अलग कैसे है, इन सवालों के साथ झारखंड कैबिनेट विस्तार में जगी नयी उम्मीद के बारे में बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी अपनी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के क्रम में बिहार और झारखंड से निकल कर ओड़िशा पहुंच चुके हैं। इन दोनों राज्यों में उन्होंने आरक्षण और जाति आधारित राजनीति पर बड़ा दांव खेला। इन दोनों राज्यों में अपने भाषणों में उन्होंने जितनी आबादी, उतना हक, जाति आधारित जनगणना, आरक्षण और इन जैसे राजनीतिक रूप से बेहद संवेदनशील अन्य मुद्दों को जम कर उठाया। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि जिन राज्यों में कांग्रेस की सरकार है, वहां जल्दी ही जाति आधारित जनगणना करायी जायेगी। इतना ही नहीं, उन्होंने केंद्र में सरकार बनने पर पूरे देश में जाति आधारित जनगणना कराने की भी घोषणा की और आरक्षण की 50 फीसदी की सीमा को खत्म कर आबादी के हिसाब से आरक्षण देने का वादा भी किया।

### जातीय राजनीति में कांग्रेस का नया एजेंडा

जातीय जनगणना की ही तरह राहुल गांधी के नये चुनावी वादे की नींव भी बिहार में पड़ी। 2023 में ही बिहार में नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में दाखिले में आरक्षण के दायरे को 60 से बढ़ा कर 75 फीसदी किये जाने के प्रस्ताव पर विधानसभा में मुहर लग चुकी है। यह बात अलग है कि सत्ता समीकरण बदल जाने के बाद सब कुछ बदल चुका है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अब इस मुद्दे पर तभी आगे बढ़ पायेंगे, जब डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा भी सहमत होंगे और भाजपा नेतृत्व की मंजूरी मिलेगी। लेकिन इतना तय है कि कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन को इसका राजनीतिक लाभ अब शायद ही मिलेगा।

### झारखंड से ही हो शुरुआत



राहुल गांधी के इन वादों और घोषणाओं के बाद अब चर्चा यह हो रही है कि क्या कांग्रेस झारखंड में होनेवाले कैबिनेट विस्तार में इस फॉर्मूले को लागू करेगी। यानी क्या इस बार कांग्रेस अपने कोटे के मंत्रियों की सूची को अंतिम रूप देते समय आबादी के हिसाब से आरक्षण देगी। झारखंड की सत्ता में लगभग बराबर की हिस्सेदार कांग्रेस के चार मंत्री हेमंत सोरेन कैबिनेट में शामिल थे। इनमें एक आदिवासी (डॉ रामेश्वर उरांव), एक अल्पसंख्यक (आलमगीर आलम), एक वैश्य (बन्ना गुप्ता) और एक सवर्ण (बादल पत्रलेख) थे। चार महिला विधायक होने के बावजूद पार्टी ने उन्हें कैबिनेट में स्थान नहीं दिया। हेमंत सोरेन कैबिनेट में केवल एक महिला, जोबा मांझी को जगह मिली थी, वह भी झामुमो की तरफ से। अब कांग्रेस और खास कर राहुल गांधी के सामने चुनौती है कि वह अपने 17 विधायकों में से आदिवासी, दलित, पिछड़े और महिला को जनसंख्या के आधार पर जगह दिलायें। यदि वह ऐसा नहीं करते हैं, तो फिर उनके तमाम वादे महज चुनावी स्टंट ही माने जायेंगे।

### कर्नाटक, हिमाचल और तेलंगाना में भी लागू हो फॉर्मूला

ऐसा नहीं है कि जातीय राजनीति और आरक्षण का मुद्दा केवल बिहार और झारखंड में ही असरदार है। राहुल गांधी की घोषणा के बाद अब जिन तीन राज्यों, कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश और तेलंगाना में कांग्रेस की सरकार है, वहां भी आबादी के हिसाब से कैबिनेट में जगह देने की मांग उठने लगी है। इस बारे में कांग्रेस का कोई नेता भले ही खुल कर सामने नहीं आ रहा है, लेकिन इन राज्यों के लोगों की आकांक्षाएं तो बड़ी होने लगी हैं, क्योंकि उन्हें लग रहा है कि राहुल गांधी की घोषणा को अमल में जरूर लाया जायेगा। इस चुनौती को कांग्रेस कैसे निबटाती है, यह अभी देखना बाकी है।

### फेल हो चुका है जातीय जनगणना का मुद्दा

वैसे यह बताने की जरूरत नहीं है कि कांग्रेस का चुनावी एजेंडे के रूप में जातीय जनगणना का मुद्दा एकबारगी तो करीब-करीब फेल हो चुका है। 2023 के विधानसभा चुनावों के नतीजों से यह साफ हो गया। मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में इसका कोई असर नहीं देखने को मिला। इतना ही नहीं, बिहार, जहां सबसे पहले जातीय जनगणना करायी गयी और आरक्षण की सीमा बढ़ायी गयी, वहां भी सरकार बदल चुकी है। जातीय जनगणना के सबसे बड़े पैरोकार नीतीश कुमार अब एनडीए के खेमे में जा चुके हैं। इसलिए वहां इस मुद्दे का लाभ कांग्रेस या विपक्षी गठबंधन के किसी घटक दल को मिलेगा, यह कहना अभी जल्दबाजी होगी।

### हिम्मत नहीं हारी है कांग्रेस ने

जातीय राजनीति के रास्ते आगे बढ़ रही कांग्रेस जातीय जनगणना के चुनावी वादे के फेल हो जाने के बाद भी हिम्मत नहीं हारी है।

अब राहुल गांधी का नया वादा है कि सत्ता में आने पर वह आरक्षण का कोटा 50 फीसदी से ज्यादा करा देंगे। यहां राहुल गांधी के सत्ता में आने से आशय इंडी गठबंधन की सरकार बनने से है। लेकिन वास्तव में राहुल गांधी के इस नये वादे पर भी 2019 के एक चुनावी वादे 'न्याय योजना' जैसा खतरा मंडरा रहा है।

2019 के चुनाव घोषणा पत्र में कांग्रेस ने 'न्याय' यानी न्यूनतम आय योजना की घोषणा की थी, जिसके तहत गरीब परिवारों को हर महीने छह हजार रुपये, यानी कुल 72 हजारा सालाना नकद दिये जाने थे। यह योजना विशेषज्ञों से विचार-विमर्श के बाद तैयार की गयी थी। न्याय योजना को मनरेगा की तरह ही कई चरणों में लागू किये जाने की बात बतायी गयी थी। लेकिन यह घोषणा भी बहुत सफल नहीं हो सकी।

अब लोग, खास कर झारखंड की जनता बेसब्री से इस बात का इंतजार कर रही है कि यहां कैबिनेट विस्तार में राहुल गांधी का फॉर्मूला लागू हो। लेकिन मुश्किल यह है कि यहां इसे लागू करने लायक स्पेस ही नहीं है। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि कांग्रेस इस चुनौती से कैसे पार पाती है।

---

## राजीव अरुण एक्का सीएम के अपर मुख्य सचिव के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्य सरकार ने सदस्य राजस्व पर्षद रांची के पद पर पदस्थापित राजीव अरूण एक्का (अतिरिक्त प्रभार मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव झारखंड, अपर मुख्य सचिव वन विभाग तथा अपर मुख्य सचिव पंचायती राज विभाग) को मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त कर दिया है।



बता दें कि पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के कार्यकाल में उन्हें सीएम के अपर मुख्य सचिव के पद पर नियुक्त किया गया था।

लेकिन उनके इस्तीफा देने के राज्य में नये सीएम चपाई सोरेन हुए। उन्होंने अपना प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे को नियुक्त किया है। इसके बाद से ही यह संशय था कि राजीव अरुण एक्का के पास क्या अपर मुख्य सचिव का प्रभार रहेगा या नहीं। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

## 109 पुलिसकर्मी हुए पीटीसी प्रशिक्षण में फेल, 244 पास

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पीटीसी प्रशिक्षण में 109 पुलिसकर्मी फेल हो गये। गौरतलब है कि झारखंड पुलिस मुख्यालय ने जेएपीटीसी पदमा, जंगल वॉरफेयर स्कूल नेतरहाट, टीटीसी जमशेदपुर, सीटीसी मुसाबनी और जैप 10 में कुल 353 सिपाही स्तर के पुलिसकर्मियों के लिए प्रशिक्षण आयोजित की थी। इस प्रशिक्षण में 244 पुलिसकर्मी पास हो गये। जबकि 109 पुलिसकर्मी फेल हो गये।

आइजी ट्रेनिंग ने इससे संबंधित आदेश जारी किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि पुलिसकर्मियों से संबंधित एसपी और इकाई प्रधान को निर्देश दिया जाता है कि इस परीक्षाफल के अनुरूप जिलादेश अंकित कर परीक्षाफल संबंधित पुलिसकर्मियों को सूचित करना सुनिश्चित की जाये।

## नव प्रोन्नत दस आइएएस अधिकारियों को मिलेगी प्रोन्नति

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** नव प्रोन्नत दस आइएएस अधिकारियों को संयुक्त सचिव से अपर सचिव रैंक में प्रोन्नति मिलेगी। ये सभी अधिकारी नौ साल की सेवा संयुक्त सचिव रैंक में पूरी कर चुके हैं, इसलिए इनको प्रमोशन मिलना है। कार्मिक विभाग इन अधिकारियों को प्रमोशन देने की तैयारी कर रहा है। जल्द ही विभागीय प्रोन्नति समिति की बैठक के बाद इस पर अग्रतर कार्रवाई की जायेगी। सीएम की मंजूरी मिलने के बाद आदेश भी जारी किया जायेगा। बता दें, कि बता दें कि झारखंड प्रशासनिक सेवा से आइएएस में प्रोन्नति देने के बाद 5 जनवरी को ही इनकी पोस्टिंग की गयी थी। इन अधिकारियों को मिलेगा प्रमोशनः विधानचंद्र चौधरी, शैलेंद्र कुमार लाल, राजीव रंजन, सुनील कुमार, विजय कुमार गुप्ता, कृष्ण कुमार सिंह, सत्येंद्र कुमार, रंजीत कुमार लाल, मनोज कुमार रंजन। सभी अधिकारी विभिन्न विभागों में संयुक्त सचिव स्तर पर पदस्थापित हैं।




## सिमडेगा से रांची आ रही बस में मां-बेटी से 20 किलो गांजा बरामद

### स्थानीय तस्करों से सस्ती कीमत पर खरीद पहुंचाती थीं पंजाब

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** खूंटी में पुलिस ने गांजा तस्करी के अंतराज्यीय गिरोह का पदार्फाश कर तस्करी में लिप्त मां-बेटी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से बीस किलो गांजा सहित अन्य सामान बरामद किया है। मूलरूप से सिमडेगा की रहनेवाली मां-बेटी करीब तीन साल से पंजाब में रहती हैं। सिमडेगा से पंजाब जाने के क्रम में गांजा की तस्करी भी करती हैं। गिरफ्तार आरोपियों में सिमडेगा जिला के जलडेगा थाना क्षेत्र स्थित गंगुटोली निवासी गीता देवी और उसकी बेटी पिंकी कुमारी के नाम शामिल हैं। वर्तमान में मां-बेटी पंजाब के करतारपुर में रहती हैं। 10 अलग-अलग पैकेटों में 20 किलो गांजा, दो मोबाइल और पासबुक पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस के अनुसार बीते बुधवार को सूचना मिली थी कि सिमडेगा से तोरपा के रास्ते रांची जा रही मंत्री बस (जेएच 01 इएफ 8997) में दो महिला भारी मात्रा में अवैध गांजा की लेकर कहीं जा रही हैं। सूचना पर तोरपा एसडीपीओ के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया गया। पुलिस की टीम ने कुल्डा जंगल के समीप मंत्री बस को रोक कर तलाशी ली। इसी क्रम में मां-बेटी के पास से दो बैग से बीस किग्रा गांजा बरामद किया गया। पुलिस को पूछताछ में पता चला है कि महिला पंजाब में वर्षों से रह रही है। जो सिमडेगा एवं उड़ीसा के गांजा तस्करों से सस्ती कीमत पर खरीद कर पंजाब के तस्करों को बेचती है। महिला के साथ अन्य लोगों के होने की संभावना है। पुलिस को बरामद मोबाइल में भी कई लोगों के नंबर मिले हैं। उनकी जांच की जा रही है।



## बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में राज्य स्तरीय किसान मेला 2 से 4 मार्च तक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कृषक समुदाय को कृषि, पशुपालन, वानिकी, जैवप्रौद्योगिकी, खाद्य प्रसंस्करण, मत्स्यपालन, डेयरी प्रौद्योगिकी, कृषि यंत्रीकरण आदि की नवीनतम तकनीकों से अवगत कराने के उद्देश्य से बिरसा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा 2 से 4 मार्च तक राज्य स्तरीय एग्रोटेक किसान मेला का आयोजन विश्वविद्यालय के कांके स्थित मुख्य प्रांगण में किया जायेगा।



बीएयू के कुलपति डॉ सुनील चंद्र दुबे ने बताया कि इस वर्ष मेला का थीम कृषि नवाचारों द्वारा पोषण, आय तथा रोजगार संवर्धन रखा गया है। मेला में लगने वाले लगभग सवा सौ पंडालों में बीएयू के विभिन्न विभागों, संकायों, क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्रों, कृषि विज्ञान केन्द्रों के अलावा राज्य में अवस्थित आईसीएआर के संस्थानों, राज्य सरकार के कई विभागों, बैंकों, बीमा कम्पनियों, स्वयंसेवी संगठनों तथा कृषि उत्पादों के निर्माताओं एवं विक्रेताओं द्वारा अपनी तकनीकों, उत्पादों और सेवाओं को प्रदर्शित किया जायेगा।

मेला में हजारों की संख्या में आने वाले किसान भाई-बहन, कृषि अधिकारी, प्रसार कार्यकर्ता तथा कृषि विकास के अन्य हितधारक नवीनतम तकनीकों की जानकारी प्राप्त करने के साथ-साथ अपने ज्ञान एवं अनुभव का आदान-प्रदान भी करेंगे।

फल, फूल, सब्जी, मसाले, औषधि सुगंधित एवं सजावटी पौधों तथा बागवानी फसलों के प्रसंस्कृत पदार्थों से युक्त एक भव्य बागवानी प्रदर्शनी तथा गोवंश, भैंस, भेड़, बकरी, सूअर, मुर्गी, बत्तख आदि से युक्त पशु पक्षी प्रदर्शनी का भी आयोजन इस तीन दिवसीय मेला में किया जाएगा। मेला के दूसरे दिन 3 मार्च को महिला कृषक संगोष्ठी होगी। विभिन्न जिलों से आने वाले किसान जीवंत प्रौद्योगिकी को प्रत्यक्ष देखने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय के टेक्नोलॉजी पार्क तथा विभिन्न प्रक्षेत्रों का भ्रमण भी करेंगे। कृषि एवं सम्बद्ध तकनीकों पर आधारित वीडियो शो का भी आयोजन होगा। किसानों एवं अन्य आगंतुकों के लिए विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा 2 एवं 3 मार्च की शाम सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जायेगा।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW




# सीएम बनने के बाद पहली बार चंपाई सोरेन पहुंचे पैतृक गांव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री का पद संभालने के के बाद चंपाई सोरेन बुधवार को सरायकेला-खरसावां के गम्हरिया प्रखंड स्थित अपने पैतृक गांव जिलिंगगोड़ा में पहली बार पहुंचे। इस अवसर पर ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री का पारंपरिक तरीके से अभिवादन और स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने यहां अमर वीर शहीद डीबा-किशुन जी और जागेश्वर टुडू जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने सरना पूजा स्थल-जाहेरस्थान में पारंपरिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर राज्य की उन्नति और राज्यवासियों की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।







# विनोद का चैट है हेमंत सरकार के भ्रष्टाचार का दस्तावेज: मरांडी

## हमने जो आरोप लगाया था, उसकी खुल रहीं परतें

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को फिर एक बार हेमंत सोरेन पर हमला बोला। कहा कि इडी के द्वारा न्यायालय में हेमंत सोरेन की रिमांड अवधि बढ़ाने के लिए दिये गये आवेदन में चौकाने वाले दस्तावेज जमा किये। हेमंत सोरेन के करीबी मित्र एवं आर्किटेक्ट विनोद सिंह के मोबाइल चैट का प्रिंटआउट जमा करते हुए इडी ने बताया कि हेमंत सोरेन पर लगे आरोप की परतें खुल रहीं हैं। यह चैट अपने आप में दस्तावेज है। भाजपा ने जो शंका व्यक्त की थी कि बिना तत्कालीन मुख्यमंत्री और उनके सहयोगियों के जेएसएससी परीक्षा में भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा नहीं हुई है। आज वह आशंका सच में बदल गयी, जब विनोद सिंह के साथ हेमंत सोरेन की चैट में बेरोजगार युवकों के एडमिट कार्ड की प्रति है। चैट में कई गोपनीय दस्तावेज का भी आदान-प्रदान हुआ है। विनोद सिंह के चैट में ट्रांसफर पोस्टिंग का व्यापार भी उजागर हुआ है। हेमंत सरकार ने राज्य को चौतरफा लूटा है। जल, जंगल, जमीन तो लूटा ही मांड़-भात खाकर परीक्षा की तैयारी में जुटे बेरोजगारों के अरमानों, उम्मीदों को लूटा है। उनकी हत्या की है।

**जैसे-जैसे पूछताछ बढ़ेगी भ्रष्टाचार के मामले उजागर होते जायेंगे :** बाबूलाल ने कहा कि हेमंत सोरेन को युवाओं की आह लगेगी। बिनोद के घर से बड़ी संख्या में बेरोजगारों के एडमिट कार्ड बरामद हुए हैं जिनसे पैसे लेकर नौकरी दिलवानी थी। इसके अतिरिक्त भानु प्रताप के भी चैट उजागर हुए हैं जो हेमंत सोरेन को बरियातू स्थित 8.5 एकड़ जमीन को उनके नाम कराने में भी सहभागी है। जैसे-जैसे पूछताछ बढ़ेगी भ्रष्टाचार के मामले उजागर होते जायेंगे। यह भ्रष्टाचार दुनिया के सामने भ्रष्टाचार का नया अवतार साबित होगा।


**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं.: डीआरएमईएनजीजी आरएनसी-04-2024, दिनांक: 06.02.2024।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची-834003 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम :** एडीईएन/आरएनसी के क्षेत्राधिकार में बाकुडीह/बड़हरवा/पिनरगड़िया/पाकुड़/राजग्राम/तालझारी खदान साइडिंग पर 50 मिमी आकार के 40000 घन मी. मशीन क्रश्ड हार्ड स्टोन ट्रैक बैलास्ट की आपूर्ति तथा उसकी रेलवे बैगनों/हॉपर में लोडिंग करना (माप गंतव्य पर किया जाएगा)। **निविदा मूल्य :** ₹ 5,83,99,200/-। **बयाना राशि :** ₹ 4,42,000/-। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय :** 29.02.2024 को अपराह्न 03.00 बजे। निविदाकार ऑनलाइन निविदा के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जा सकते हैं।
(PR-1111)


# प्रधानमंत्री का दावा बड़ी साजिश और सोच की ओर इशारा कर रहा: सुप्रियो

## चंडीगढ़ मेयर चुनाव में सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी इसका सबसे बड़ा आधार है

- अब अदालतों को बचाना है तो लोकतंत्र को पहले बचाना होगा
- बिहार-झारखंड में एक डीजिट में सिमट जायेगा एनडीए



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झामुमो ने लोकसभा और राज्यसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस बार 400 पार की बातों को लेकर बड़ा हमला किया है। पार्टी महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि देश अब लोकसभा चुनाव की ओर तेजी से बढ़ चला है। वर्तमान में संसद सत्र चल रहा है। देश के प्रधानमंत्री ने पहले लोकसभा और अब राज्यसभा में कई बातें कहीं। इसमें पहला अबकी बार, 400 के पार। मजे की बात यह है कि देश अभी जिस दौर से गुजर रहा है, यह किसी से छिपा नहीं है। चारों ओर संघर्ष ही संघर्ष नजर आ रहा है। प्रधानमंत्री का यह बयान एक बड़ी सोच और साजिश की ओर बहुत कुछ इशारा कर रहा है। वह सोच है भारत में लोकतंत्र को समाप्त करना। इसकी पुष्टि खुद भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने चंडीगढ़ मेयर चुनाव को लेकर कर दी है। बड़ी अदालत ने कहा कि लोकतंत्र की हत्या हो रही है, हम चुप नहीं रह सकते हैं। ऐसे में यह भी स्पष्ट है कि लोकतंत्र का हत्यारा कौन है। निश्चित तौर पर भाजपा है। जिस प्रसंग में वो बातें कहीं, वो मेयर चुनाव के पीठासीन पदाधिकारी और वर्तमान पार्षद के बारे में कही गयीं। ये बातें करीब 2023 से चल रही हैं। लोकतंत्र की हत्या महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, बिहार और ताजा-ताजा झारखंड में हुई। उन्होंने कहा कि चिंता की बात नहीं है। उन्होंने कहा कि झारखंड और पड़ोसी बिहार में भाजपा एक अंक में सिमट जायेगी। बंगाल में पीएम सपना देखते रहे। वहां भी ऐसा ही हश्र होगा। उक्त बातें उन्होंने पार्टी कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान कही।

**आज की स्थिति आपातकाल से भी भयावह, मीडिया अब आंदोलनकारियों को भ्रष्टाचारी बता रहा है :** उन्होंने कहा कि आज की स्थिति आपातकाल से भी भयावह है। आज सबसे डरावना काम केंद्रीय जांच एजेसियां कर रही हैं। उस समय तो इतनी मीडिया नहीं थी और जो भी मीडिया थी, वह लोगों को आंदोलनकारी बताती थी। अब जो मीडिया है, वह आंदोलनकारी को भ्रष्टाचारी बताती है। कहीं कोई आधार नहीं होता है, मगर मीडिया ट्राइल पहले हो जाता है और जो आधार है, जिस पर चार्टशीट है, वह न केवल विधानसभा में बैठता है, लोकसभा और राज्यसभा में बैठता है, मंत्री, उपमुख्यमंत्री बन जाता है। केवल और केवल गारंटी होनी चाहिए कि वह भाजपा का हो। भाजपा में नहीं है तो वह भ्रष्टाचारी है, वह देशद्रोही है, वह पाकिस्तानी है। क्योंकि अब तो यह विधानसभा में बोला गया। उच्चतम न्यायालय जो इस बात को कह रहे हैं, उनको सोचना चाहिए कि यह अदालत को बचाना है या नहीं। यदि अदालत को बचाना है तो लोकतंत्र को बचाना होगा।

### राजभवन में लोकतंत्र की हत्या का नंगा नाच हुआ

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि प्रधानमंत्री संसद में बोल रहे हैं, सुप्रीम कोर्ट अपने कक्ष में बोल रहा है। उनका स्पष्ट इशारा है कि चुनाव एक और अवसर होगा, नतीजा तय है। लोकतंत्र की हत्या का नंगा नाच यहां हुआ है। जब एक मुख्यमंत्री राजभवन जाते हैं और उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाता है। अब तो लगता है कि हम अपनी फरियाद लेकर भी उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय में जायें, ऐसा ना हो वहां पहले से नाटा मल्लिक बैठा हो और हमें सीधे फांसी पर लटका दे। क्योंकि जो जल्लाद का काम होता है, वह अब भाजपा का पीठासीन पदाधिकारी कर रहा है। बहुत बड़ी-बड़ी बातें यहां के भाजपा नेताओं ने कहीं। उनकी बातों से यह स्पष्ट हो गया कि जो विपक्ष है, वह उसके टारगेट में है। अब वह विक्टिम नहीं है, टारगेट में है और अब टारगेट को सूट करना है। टारगेट का काम तमाम कर देना है। यह परिकल्पना किसी ने नहीं की थी।

# इडी ने कोर्ट को बताया, भानु के आवास से मिले दस्तावेज से संबंधित कागजात हेमंत के दिल्ली आवास पर रेड में मिले

- इडी ने कोर्ट में रखे कुछ नये तथ्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** इडी ने कोर्ट को बताया है कि बरियातू के बड़गाईं अंचल के उप-निरीक्षक भानु प्रसाद और हेमंत के बीच जमीन के दस्तावेज से संबंधित एक महत्वपूर्ण कड़ी उसे मिली है। छापेमारी के दौरान बड़गाईं अंचल के उप-निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद के आवास से मिले दस्तावेज से संबंधित कई कागजात इडी को हेमंत सोरेन के दिल्ली आवास पर रेड के दौरान मिले हैं। इडी इस नये तथ्य पर भी अनुसंधान कर रही है। इसकी जानकारी इडी ने हेमंत सोरेन को बुधवार को सात दिनों की रिमांड पर मांगे जाने के दौरान कोर्ट को दी है। हालांकि हेमंत सोरेन की ओर से रिमांड का विरोध करते हुए महाधिवक्ता राजीव रंजन ने इडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की कोर्ट को बताया था कि रिमांड के दौरान इडी हेमंत सोरेन को बेसमेंट में रख रही है, जहां, खिड़की नहीं है। दिन रात सुरक्षा कर्मियों का पहरा उनके ऊपर लगा रहता है। गिरफ्तारी के पूर्व भी आठ-आठ घंटे दो बार इडी उनसे पूछताछ कर चुकी है। इसके बाद पांच दिन में 120 घंटा पूछताछ कर चुकी है, इसलिए अब इडी को और रिमांड पर हेमंत को ना दिया जाये। इस पर इडी की ओर से बताया गया कि हेमंत सोरेन की सुरक्षा को लेकर इडी ने काफी पुख्ता इंतजाम किये हैं। उनके कमरे में एसी भी लगा दी गयी है। इडी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि हेमंत सोरेन और व्यवसायी विनोद सिंह के साथ ट्रांसफर पोस्टिंग से संबंधित 39 पेज का व्हाट्सएप चैट भी मिला है। कोर्ट ने इडी और महाधिवक्ता राजीव रंजन का पक्ष सुनने के बाद हेमंत सोरेन को पांच दिनों की और रिमांड पर इडी को देने की अनुमति दी है।

बता दें कि 8.5 एकड़ बड़गाईं अंचल, बरियातू की जमीन दखल मामले में हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया गया है। बड़गाईं अंचल के तत्कालीन उप-निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद अभी इडी की रिमांड पर है।

### इडी ने कोर्ट में रखा विनोद सिंह का चैट, चैट में ट्रांसफर-पोस्टिंग का बार-बार जिक्र



रांची (आजाद सिपाही)। इडी की टीम कोर्ट में एक के बाद एक खुलासे कर रही है। कई नेता और आइएएस अधिकारी सलाखों के पीछे पहुंच गये हैं। अब इडी को विनोद सिंह का व्हाट्सएप चैट हाथ लगा है, जिसमें कई खुलासे होने की संभावना है। किसी को डीसी तो किसी को एएमएसी बनाने का आफर दिया गया है। इतना ही नहीं इसके लिए डिमांड भी की गयी है, जिससे साफ है कि विनोद सिंह आइएएस अधिकारियों की ट्रांसफर पोस्टिंग भी करवा रहा था। इडी को जो चैट हाथ लगा है वह जून 2020 का है। वहीं उसमें दूसरी ओर से कोई रिप्लाई नहीं मिला है। पूरा चैट 539 पन्नों का है। सूत्र की मानें तो विनोद सिंह के ठिकाने पर छापेमारी के दौरान इडी को जेएसएससी की नियुक्ति परीक्षा में शामिल होनेवाले अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड की फोटो कॉपी भी मिली है। बता दें कि इडी ने आर्किटेक्ट विनोद सिंह को इडी ऑफिस में पूछताछ के लिए बुलाया था। दस्तावेजों की जांच और पूछताछ करने के बाद इडी ने उन्हें वापस भेज दिया था। इस साल 3 जनवरी को आर्किटेक्ट विनोद सिंह के घर पर इडी ने छापेमारी की थी। इसके बाद 15 जनवरी को इडी ने विनोद सिंह को अपने जोनल ऑफिस में पूछताछ के लिए बुलाया था। लेकिन वह पूछताछ के लिए नहीं पहुंचा था।

# अबुआ आवास योजना: योग्य और आवास विहीन लोगों को प्राथमिकता पर होगा आवास स्वीकृत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** ग्रामीण विकास विभाग ने अबुआ आवास योजना के संबंध में सभी उपायुक्तों, उपविकास आयुक्तों को पत्र लिखा है। विभाग ने अबुआ आवास योजना अंतर्गत सभी योग्य लाभुकों, कच्चे घरों में रहने वाले, आवास विहीन लोगों की एक प्राथमिकता सूची तैयार कर भेजने को कहा है। दरअसल, झारखंड राज्य प्रायोजित अबुआ आवास योजना में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों द्वारा आवास के लिए आवेदन लिया गया है। एक माह चले इस शिविर में बड़ी संख्या में लाभुकों ने आवेदन दिया है। विभाग ने इन आवेदनों की समीक्षा में पाया कि ग्रामीणों में इस योजना को लेकर काफी उत्साह है। वहीं, ग्रामीण विकास विभाग ने इस योजना के तहत तीन वर्षो का जो भौतिक लक्ष्य निर्धारित किया है उससे कहीं अधिक आवेदन आवास के लिए मिले हैं। झारखंड सरकार ने सिर्फ इस वित्तीय वर्ष 2023-24 में दो लाख लाभुकों को आवास देने का लक्ष्य रखा है। तीन साल में 8 लाख को आवास देना था, लेकिन शिविर में करीब 31 लाख आवेदन आवास के लिए आ गये। जबकि, तीन साल में आठ से दस लाख को ही आवास देने का लक्ष्य है। राज्य सरकार ने आवेदनों की समीक्षा की तो पाया कि इनमें 29 लाख के आवेदन सही हैं।

### फिलहाल दो लाख लाभुकों का आवास स्वीकृत, 550 करोड़ दिये गये

ग्रामीण विकास विभाग ने दो लाख लाभुकों का आवास फिलहाल स्वीकृत कर दिया है। खूंटी से इस योजना की शुरूआत हुई थी, इसके बाद गिरिडीह के लाभुकों को आवास देना था। लेकिन पूर्व सीएम के इस्तीफा देने के बाद वहां आयोजन नहीं हो सका। अब जमशेदपुर में नये सीएम चंपाई सोरेन द्वारा अबुआ आवास योजना के तहत आवास के लाभुकों को पहली किस्त की राशि दी जायेगी। हालांकि, विभाग ने पहली किस्त के तहत 550 करोड़ से अधिक की राशि आवंटित कर दी है। शेष लाभुकों के लिए प्राथमिकता सूची तय करने के बाद राशि दी जायेगी।

# कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी दिल्ली गये

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के फ्लोर टेस्ट के बाद से मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर चर्चा चल रही है। इसी बीच झारखंड कांग्रेस प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर बुधवार की दोपहर दिल्ली चले गये। जल्द कांग्रेस कोटे के मंत्रियों की लिस्ट जारी होने की जानकारी मिल रही है। पार्टी की ओर से छह नामों पर चर्चा चल रही है। झारखंड प्रदेश प्रभारी पार्टी के महासचिव केसी वेणुगोपाल से मिल कर मंत्रियों के नाम पर चर्चा करेंगे। उसके बाद ही उस पर मुहर लगेगी।


OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER
**JHARKHAND POLICE HOUSING CORPORATION LIMITED**
(Jharkhand Govt. Undertaking)
Line Tank Road, Ranchi, Contact Tel. No. 0651-2214712
(CIN: U45200JH2002SGC012154)

**e-Procurement Notice No. 25 / 2023-24**

Letter No.- CE/3563/187 Date: 07.02.2024

JPHCL, Ranchi invites Percentage rate / item rate bids on approved Bill of Quantity from contractors registered before the publication date of this NIT (For F2)/ interested in registration with JPHCL (For SBD) in appropriate class for the works mentioned below:

| Sl. No. | Tender Reference No. | Name of Work | Approximate value of work (in Rs.) | Cost of BOQ (in Rs.) | Earnest Money Deposit (in Rs.) | Period of Completion | For | Type of Bid |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | JPHCL/ GR 01/ NIT25/ 2023-24 | Construction of G+316 U.S. Quarter (Block- 1) at Sahebganj Police Line in the district of Sahebganj | 43669759.00 | 10000.00 | 437000.00 | 365 days | Contractors registered / interested in registration | Item rate/SBD |
| 2 | JPHCL/ GR 02/ NIT25/ 2023-24 | Construction of G+316 U.S. Quarter (Block- 2) at Sahebganj Police Line in the district of Sahebganj | 43669759.00 | 10000.00 | 437000.00 | 365 days | Contractors registered / interested in registration | Item rate/SBD |
| 3 | JPHCL/ GR 03/ NIT25/ 2023-24 | Construction of G+316 U.S. Quarter (Block- 3) at Sahebganj Police Line in the district of Sahebganj | 43669759.00 | 10000.00 | 437000.00 | 365 days | Contractors registered / interested in registration | Item rate/SBD |
| 4 | JPHCL/ GR 04/ NIT25/ 2023-24 | Construction of G+316 U.S. Quarter (Block- 4) at Sahebganj Police Line in the district of Sahebganj | 43669759.00 | 10000.00 | 437000.00 | 365 days | Contractors registered / interested in registration | Item rate/SBD |
| 5 | JPHCL/ GR 05/ NIT25/ 2023-24 | Construction of G+316 U.S. Quarter (Block- 5) at Sahebganj Police Line in the district of Sahebganj | 43669759.00 | 10000.00 | 437000.00 | 365 days | Contractors registered / interested in registration | Item rate/SBD |
| 6 | JPHCL/ GR 06/ NIT25/ 2023-24 | Construction of Gopniya Office at SP Residence, Simdega in the district of Simdega | 20292633.00 | 10000.00 | 406000.00 | 270 days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |
| 7 | JPHCL/ GR 07/ NIT25/ 2023-24 | Construction of Road (5.75 M wide) with Culvert at JAP-9, Sahebganj in the district of Sahebganj. | 24358986.00 | 10000.00 | 488000.00 | 240 days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |
| 8 | JPHCL/ GR 08/ NIT25/ 2023-24 | Construction of Road (3.75 M wide) with Culvert at JAP-9, Sahebganj in the district of Sahebganj | 20919021.00 | 10000.00 | 419000.00 | 240 days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |
| 9 | JPHCL/ GR 09/ NIT25/ 2023-24 | Construction of Boundary Wall – 01 with Gate at JAP- 9, Sahebganj in the district of Sahebganj | 12147094.00 | 10000.00 | 243000.00 | 180 days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |
| 10 | JPHCL/ GR 10/ NIT25/ 2023-24 | Construction of Boundary Wall - 02 at JAP - 9, Sahebganj in the district of Sahebganj | 10933307.00 | 10000.00 | 219000.00 | 180 days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |
| 11 | JPHCL/ GR 11/ NIT25/ 2023-24 | Construction of Boundary Wall - 03 at JAP - 9, Sahebganj in the district of Sahebganj | 11512129.00 | 10000.00 | 231000.00 | 180 days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |
| 12 | JPHCL/ GR 12/ NIT25/ 2023-24 | Construction of Boundary Wall - 04 at JAP - 9, Sahebganj in the district of Sahebganj | 11512129.00 | 10000.00 | 231000.00 | 180 days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |
| 13 | JPHCL/ GR 13/ NIT25/ 2023-24 | Construction of Boundary Wall – 01 at I.R.B - 9, Giridih in the district of Giridih | 10196018.00 | 10000.00 | 204000.00 | 180 days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |
| 14 | JPHCL/ GR 14/ NIT25/ 2023-24 | Construction of Boundary Wall – 02 at I.R.B - 9, Giridih in the district of Giridih | 10196018.00 | 10000.00 | 204000.00 | 180 days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |
| 15 | JPHCL/ GR 15/ NIT25/ 2023-24 | Construction of Boundary Wall – 03 at I.R.B - 9, Giridih in the district of Giridih | 10196018.00 | 10000.00 | 204000.00 | 180 days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |
| 16 | JPHCL/ GR 16/ NIT25/ 2023-24 | Construction of Boundary Wall – 04 at I.R.B - 9, Giridih in the district of Giridih | 10196018.00 | 10000.00 | 204000.00 | 180 days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |
| 17 | JPHCL/ GR 17/ NIT25/ 2023-24 | Construction of Boundary Wall – 05 at I.R.B - 9, Giridih in the district of Giridih | 10196018.00 | 10000.00 | 204000.00 | 180 days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |
| 18 | JPHCL/ GR 18/ NIT25/ 2023-24 | Construction of Boundary Wall – 06 at I.R.B - 9, Giridih in the district of Giridih | 10196018.00 | 10000.00 | 204000.00 | 180 days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |
| 19 | JPHCL/ GR 19/ NIT25/ 2023-24 | Construction of Boundary Wall at Sainik Kalyan Nideshalya Campus, Ranchi in the district of Ranchi | 3451410.00 | 5000.00 | 70000.00 | 90 days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |
| 20 | JPHCL/ GR 20/ NIT25/ 2023-24 | Construction of Gate with Guard Room and Rest Room for Guard at Sainik Kalyan Nideshalya Campus, Ranchi in the district of Ranchi | 1572042.0 | 2500.00 | 32000.00 | 90 days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |

2. Bid document with detailed terms and conditions will be available online on e-tendering portal **http://jharkhandtenders.gov.in** from 10.02.2024 at 11:00 AM to 20.02.2024 up to 4:00 PM. Bids must be submitted online only at the e-tendering portal **http://jharkhandtenders.gov.in** on or before 4:00 PM on 20.02.2024. Bids received online will be opened at 4:00 PM on 21.02.2024.
3. Estimated Cost may vary.
4. Corrigendum/ Addendum, if any, will be published only on the above mentioned Website.

**Sd/- Chief Engineer, JPHCL, Ranchi**

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW




### झामुमो से मोहभंग, देवीधन टुडू की भाजपा में हुई घर वापसी

# झामुमो एक परिवार की पार्टी है, झारखंड के लोगों से सरोकार नहीं: बाबूलाल मरांडी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में बुधवार को आयोजित मिलन समारोह में पाकुड़ के झामुमो नेता देवीधन टुडू ने घर वापसी कर भाजपा में शामिल हुए। देवीधन टुडू पूर्व में दो बार महेशपुर विधानसभा से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ चुके हैं। भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा में प्रदेश उपाध्यक्ष रहे हैं। भाजपा पाकुड़ जिला के जिला अध्यक्ष की कमान भी संभाल चुके हैं।

वे वर्तमान में झामुमो जिला कमेटी के सदस्य हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने उन्हें माला एवं पार्टी का पटका पहनाकर पार्टी में शामिल करवाया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि लोगों का मोह झारखंड मुक्ति मोर्चा से भंग होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि आदिवासी और झारखंड हित की बात करने वाले झारखंड मुक्ति मोर्चा में सिर्फ एक परिवार का हित होता है, किसी दूसरे आदिवासी व्यक्ति का नहीं। झामुमो में पिता, मां, भाई, भाभी ही एक पार्टी हैं। आदिवासी का बात बोल बोलकर सत्ता में बैठने वाले झामुमो के नेता बतायें कि 4 सालो में आदिवासियों के लिए राज्य सरकार ने क्या किया है। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार में सबसे ज्यादा बलात्कार आदिवासी महिलाओं के साथ हुआ एवं रूपा तिर्की, राबिका पहाड़िया, संध्या टोपनो, रामेश्वर मुर्मू, सुभाष मुंडा की हत्या यह दर्शाता है कि इस सरकार में आदिवासी कितना असुरक्षित है।



**झारखंड मुक्ति मोर्चा में घुटन सी हो रही थी :** देवीधान टुडू ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा में घुटन सी हो रही थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से प्रभावित होकर पुनः भाजपा में शामिल हुआ हूं।

कहा कि भाजपा में शामिल होकर सुकून महसूस कर रहा हूं। झामुमो में किसी आदिवासी का भला नहीं हो सकता। वहां दलाल, भ्रष्टाचारी, बिचौलियों का बोल बाला है। केंद्र में पुनः मोदी सरकार बनानी है एवं प्रदेश में भाजपा सरकार बनानी है। मिलन समारोह में झामुमो पाकुड़िया प्रखंड समिति सदस्य लखीराम सोरेन, पाकुड़ मांझी परगना लहांति वैशी, अध्यक्ष निर्मल टुडू, झामुमो के प्रखंड समिति सदस्य आशीष हांसदा, झामुमो के पाकुड़िया प्रखंड सदस्य सनातन देहरी सहित कई अन्य लोगो ने झामुमो छोड़कर भाजपा का दामन थामा। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा, शिवपूजन पाठक, अशोक बड़ाइक, लक्ष्मण टुडू, एसटी मोर्चा अध्यक्ष शिवशंकर उरांव सहित कई अन्य उपस्थित थे।

## इडी की कार्रवाई के बाद झामुमो हताश और निराश : प्रदीप वर्मा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा ने बुधवार को सुप्रियो भट्टाचार्य के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। डॉ वर्मा ने कहा कि इडी की कार्रवाई के बाद झामुमो हताश-निराश है। अपने काले कारनामों को छुपाने का कोई रास्ता झामुमो को नहीं दिख रहा। रोज भ्रष्टाचार के नये-नये मामले उजागर हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि झामुमो को अब भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करने वाले लोकतंत्र के जल्लाद दिखते हैं। झामुमो को अब न्यायालय में, मीडिया में भी जल्लाद दिखायी पड़ रहा। झामुमो तो लोकतंत्र के जल्लाद के साथ सत्ता चला रही है। झामुमो को बताना चाहिए कि जिस कांग्रेस ने 90 बार राष्ट्रपति शासन के माध्यम से लोकतंत्र का गला घोंटा, उससे बड़ा लोकतंत्र का हत्यारा और कौन हो सकता है। उन्होंने कहा कि झामुमो प्रवक्ता जिस मीसा की बात कर रहे, उन्हें पता होना चाहिए कि वह कांग्रेस द्वारा लगाये गये आपातकाल की धाराएं हैं। डॉ वर्मा ने कहा कि झामुमो तो खुद राज्य के बेरोजगार युवाओं को जल्लाद लग रहा, जिसने पिछले चार वर्षों से युवाओं बेरोजगारों के अरमानों, उम्मीदों की हत्या की है। राज्य की बहन-बेटियां भी ठगबंधन सरकार को जल्लाद की तरह ही दिखायी पड़ रहीं। उन्होंने कहा कि 400 सीट पर झामुमो की बौखलाहट स्वाभाविक है। झामुमो को अपने सफाये का डर सता रहा है। उन्होंने कहा कि झामुमो हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी में राजभवन को बदनाम करने की कोशिश कर रहा, जबकि इडी उन्हें सीएम आवास में ही पूछताछ के बाद गिरफ्तार करने की सूचना दे चुकी थी, जिसे इस्तीफा का बहाना बना कर टाला जा रहा था। उन्होंने कहा कि राज्य के पहले सीएम हैं, जिन्हें पद पर रहते हुए गिरफ्तार किया गया है। झामुमो को जनता से की गयी वादाखिलाफी, आकंठ भ्रष्टाचार पर प्रायश्चित करना चाहिए। जनता से माफी मांगनी चाहिए।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** नवीन कार्य की शुरूआत करने के लिए समय ठीक है, परंतु स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव।

**वृष** प्रयास व उत्साह से कई बिगड़े काम संवर जायेंगे, क्रोध व आवेश पर नियंत्रण रखें।

**मिथुन** सरकार की ओर से धन व मान-सम्मान की प्राप्ति होगी, नौकरी में प्रमोशन के अवसर मिल सकता है।

**कर्क** नौकरी या व्यवसाय में परिवर्तन हो सकता है, जो भविष्य में लाभकारी सिद्ध होगा।

**सिंह** नया काम इस समय हाथ में न लें, कोई अप्रिय समाचार मिलेगा, जिससे मन एकदम परेशान व आप भयभीत हो उठेंगे।

**कन्या** व्यापार व कार्यक्षेत्र की चिन्ताओं से आप मुक्त हो जायेंगे, जीवन साथी से व्याप्त मतभेदों का निराकरण होगा।

**तुला** रोजी-रोजगार में अवरोध-विरोध का सामना हो सकता है, विरोधी प्रबल होकर हावी होंगे।

**वृश्चिक** बिगड़ा हुआ कार्य सुधरेगा तथा धन प्राप्ति के लिए किए गए प्रयासों में बराबर सफलता मिलेगी।

**धनु** कारोबार व कार्यक्षेत्र में आपकी उन्नति का मार्ग प्रशस्त होंगे, आपके अपने परिश्रम का पूरा पूरा फल मिलेगा।

**मकर** आस-पड़ोस व मित्रों का सहयोग मिलेगा, कोरोबार के हालात पुछले दिनों से कुछ बेहतर होंगे।

**कुंभ** नई नौकरी मिलने की प्रयास सफल होने की संभावना, विघ्न बाधाओं के वाबजूद सफलता तथा धन प्राप्ति के साधन बनेंगे।

**मीन** मिले-जुले परिणाम प्राप्त होंगे, आय में कुछ कमी रहेगी, फिर भी आय के साधन निर्वाह योग्य बने रहेंगे।

## आदिवासी हितैषी बननेवाले राहुल गांधी के पास बिरसा मुंडा की जन्मभूमि उलिहातू जाने का वक्त नहीं : दीपक प्रकाश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश ने राहुल गांधी की जनजातीय समाज को लेकर कथनी और करनी में अंतर पर प्रहार किया है। श्री प्रकाश ने कहा कि कांग्रेस और उसके राजकुमार राहुल गांधी आदिवासी और दलित की बात करते हैं। उनके हक, अधिकार और मान सम्मान की बात करते हैं, लेकिन जब राहुल गांधी झारखंड के खूंटी जिला पहुंचे। वहां से मात्र कुछ ही दूरी पर स्थित झारखंड के अमर शहीद धरती आबा बिरसा मुंडा जी का पैतृक गांव उलिहातू है। यहां पर उनके वंशज रहते हैं। राहुल गांधी खूंटी में रहे, लेकिन उनके



गांव नहीं गये। काश राहुल गांधी वहां जाते और धरती आबा को श्रद्धांजलि देते और उनके वंशजों से मिल कर उनकी स्थिति की जानकारी लेते तो हम सब कह सकते थे कि राहुल गांधी और कांग्रेस आदिवासियों के हितैषी हैं। लेकिन राजकुमार को कहां इतना वक्त है कि उनके गांव जाते। वह तो मौज मस्ती के लिए निकले हैं न्याय यात्रा के नाम पर।

उन्होंने कहा कि देश के आदिवासी और दलितों का सच्चा हितैषी अगर कोई है, तो वह हैं भाजपा और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। मोदी जी देश के पहले प्रधानमंत्री हैं, जो अमर शहीद बिरसा मुंडा के गांव गये। उनके वंशजों से मिले। मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा ही इस देश की एकमात्र पार्टी है, जिन्होंने आदिवासियों को मान सम्मान दिया है। मोदी जी के नेतृत्व में धरती आबा के जन्मदिन को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया और देश को भारत की आजादी में जनजाति समुदाय की महत्वपूर्ण भूमिका को जानने का मौका दिया। भाजपा ही वह पार्टी है, जिसने जनजातीय मंत्रालय का निर्माण किया। भाजपा सरकार ने ही जनजातीय समाज की एक आम महिला को राष्ट्रपति जैसे देश के सर्वोच्च पद पर बिठाया। भाजपा सरकार में ही झारखंड के जनजाति समाज के कड़िया मुंडा को पद्म विभूषण तथा सिमोन उरांव, जमुना टुडु, दिगंबर हांसदा जैसे जनजातीय समाज के लोगों को पद्म भूषण अवार्ड से सम्मानित किया गया। अतः कांग्रेस को जनजातीय समाज का हितैषी बनने का ढोंग बंद करना चाहिए। देश का आदिवासी समाज कांग्रेस के समाज के प्रति घड़ियाली आंसू को अच्छी तरह से समझ चुका है।

## अभ्यर्थियों पर दर्ज प्राथमिकी निरस्त करे सरकार : आजसू

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की सीजीएल परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर आजसू ने मुख्यमंत्री सचिवालय को ज्ञापन सौंपा था। जिनमें आयोग के कार्यालय के समक्ष आंदोलनरत हजारों अभ्यर्थियों पर दर्ज प्राथमिकी को आजसू ने निरस्त करने की मांग की है। मुख्यमंत्री से मांग की गयी है कि पेपर लीक करने के दोषी को दंडित किया जाये। 28 जनवरी की परीक्षा में भाग लेने वाले सभी अभ्यर्थियों को बतौर मुआवजा 2000 रुपये प्रति अभ्यर्थी दिया जाये। इस दौरान अभिषेक शुक्ला, मनजीत कुमार, रोशन कुमार नायक, आकाश नयन, राहुल कुमार, प्रियांशु शर्मा, अभिषेक साहू, विशाल कुमार यादव, मनोज कुमार, गुलशन कुमार आदि मौजूद थे।

## 125 यूनिट मुफ्त बिजली सिर्फ जनता को भ्रम में रखने का हथकंडा : सुदेश महतो

**मुफ्त बिजली की घोषणा से पहले राज्यवासियों को निर्बाध बिजली उपलब्ध कराये सरकार**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** चंपाई सोरेन सरकार द्वारा लोगों को 125 यूनिट फ्री बिजली देने की घोषणा पर पूर्व उपमुख्यमंत्री सह आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि यह सिर्फ जनता को भ्रम में रखने का हथकंडा है। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को पहले यह बताना चाहिए कि राज्य के कितने लोगों को 100 यूनिट मुफ्त बिजली का लाभ मिल रहा है। सवा सौ यूनिट मुफ्त बिजली की घोषणा से पहले राज्य के सारे गांवों में बिजली की आधारभूत संरचना उपलब्ध कराने और सभी जगहों पर



सुचारू रूप से बिजली मिले इसकी व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए।

आजसू प्रमुख ने कहा है कि सरकार की 100 यूनिट मुफ्त बिजली देने की मौजूदा योजना जमीनी स्तर पर पूरी तरह से विफल है। पूरे राज्य से पहले मुख्यमंत्री को अपने गृह जिले सरायकेला में ही सर्वेक्षण करा कर यह पता लगाना चहिए कि वहां की जनता को कितने घंटे बिजली मिलती है। गांव के साथ-साथ शहर भी बिजली की समस्या से जूझ रहे हैं। शाम के समय जब बच्चों के पढ़ने और गृहणियों के खाने बनाने का वक़्त होता है तब ही बिजली की आंख मिचौली शुरू हो जाती है। यानी जब लोगों को बिजली की सबसे अधिक आवश्यकता होती है तब ही उन्हें बिजली नहीं मिलती है। इस समस्या को लेकर सरकार को चिंतन-मंथन करने की जरूरत है। बिजली की समस्या का असर आम जनता के जीवन के साथ-साथ राज्य में व्यापार व उद्योगों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। विद्यार्थी, व्यवसायी, किसान समेत सभी वर्ग के लोग बिजली की समस्या से परेशान हैं।

## किशुन दास ने संभाला बीजेपी अजा मोर्चा का प्रभार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** बीजेपी अनुसूचित जाति मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष सह सिमरिया के विधायक किशुन कुमार दास का भाजपा प्रदेश कार्यालय में बुधवार को स्वागत किया गया। प्रतिपक्ष के नेता अमर बाउरी ने पगड़ी बांधकर नवनियुक्त अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष को पद का दायित्व सौंपा है।

बाउरी ने कहा कि अनुसूचित जाति मोर्चा का विशाल जन समूह झारखंड में है और सभी एकजुट होकर पार्टी के लिए समर्पित होकर कार्य करें। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि झारखंड प्रदेश में अनुसूचित जाति समुदाय के लोगों के हितों की रक्षा हर संभव किया जायेगा।



**सभी 50 लाख परिवार के लिए हमेशा उपलब्ध रहूंगा**

नवनियुक्त अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किशुन कुमार दास ने प्रदेश कार्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं को बताया कि झारखंड में तकरीबन 50 लाख आबादी अनुसूचित जाति की है। यह मेरी पूरी जिम्मेवारी है कि सभी 50 लाख परिवार के लिए हमेशा उनकी सेवा में उपलब्ध रहूं। वर्ष 2024 चुनावी वर्ष है, इसीलिए यह जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। समाज के सभी लोगों को एकजुट होकर और साथ लेकर चलना है।

## इंडियन ओवरसीज बैंक के महिलौंग शाखा का स्थापना दिवस मना



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** इंडियन ओवरसीज बैंक के महिलोंग शाखा का 10 वां स्थापना दिवस बुधवार को महिलौंग शाखा में मनाया गया। बतौर अतिथि सरला बिरला विश्वविद्यालय के नरहरिदास मुख्य रूप से उपस्थित हुए। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक नवदीप नाग, अमित चरण, सतीश कुमार, प्रतीक श्रीवास्तव, राजीव राकेश राव, रवि चौधरी, संदीप कुमार, आभा रोज तिर्की, कुमुद एक्का और गीता लकड़ा मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## डीएसपीएमयू में इंस्टीट्यूशनल एथिक्स कमेटी का गठन किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची ने इंस्टीट्यूशनल एथिकल कमेटी यानी संस्थागत नैतिक समिति का गठन किया। राजभवन से सभी विश्वविद्यालयों को इसके अनुपालन से संबंधित दिशा निर्देश जारी किया गया है। डीएसपीएमयू कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य के दिशा निर्देशन में इस समिति का गठन किया, जिसे 10 जनवरी 2024 को मिनिस्ट्री ऑफ हेल्थ एंड फैमिली वेलफेयर, डीएचआर भारत सरकार से दो वर्ष का प्रोविजनल रजिस्ट्रेशन प्रदान किया गया है, जो कि क्लिनिकल ट्रायल रूल्स 2019 के अंतर्गत आता है। डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने बताया कि वस्तुतः इंस्टीट्यूशनल एथिकल कमेटी एक संस्थागत समिति है जो सम्मिलित मानव विषयों से जुड़े अनुसंधान के लिए प्रस्तावित तरीकों की समीक्षा करके अनुसंधान नैतिकता लागू करती है। यह सुनिश्चित करने के लिए की अनुसंधान या परियोजनाएं नैतिक है। उन्होंने कहा कि इसके द्वारा विश्वविद्यालय में पीएचडी थीसिस का मूल्यांकन संभव हो सकेगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही विश्वविद्यालय के तौर पर अस्तित्व में आने के बाद डीएसपीएमयू में पहली बार नैक मूल्यांकन किया जाना है। यह सर्वविदित है कि नैक संस्था देशभर में उच्च शिक्षण संस्थाओं की गुणवत्ता के आधार पर उन्हें श्रेणी प्रदान करने का कार्य करती है और ऐसे में विश्वविद्यालय में विगत कुछ समय से नियमित अंतराल पर सेमिनार, वर्कशॉप का आयोजन किया जा रहा है। इसके अलावा आने वाले दिनों में यहां इंस्ट्रूमेंटेशन सेंटर के साथ विज्ञान संकाय के लिए प्रयोगशालाओं की भी स्थापना की जानी है। इसी श्रृंखला में प्राथमिकता के आधार पर विश्वविद्यालय में संस्थागत नैतिक समिति का गठन किया जाना नैक के साथ साथ शोध, अनुसंधान और शोधार्थियों के लिए काफी महत्वपूर्ण पहल है। इस कमेटी के संयोजन में कुलसचिव डॉ नमिता सिंह के अलावा पूर्व कुलपति, नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय, पलामू, डॉ फिरोज अहमद अध्यक्ष के रूप में , सदस्य सचिव डॉ सजलेंदु घोष और सदस्यों के तौर पर डॉ पंकज कुमार, डॉ अभय सागर मिंज, डॉ नमिता लाल, डॉ सुमेधा गार्गी, डॉ गणेश चौहान, डॉ शालिनी लाल, मालविका शर्मा और नित्यानंद महतो शामिल है। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।



## फ्लोरेंस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन का 20 वां स्थापना दिवस मनाया गया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** फ्लोरेंस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में बुधवार को 20 वां स्थापना दिवस मनाया गया। स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में फ्लोरेंस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के सचिव जीनत कौशर, निदेशक डॉ शाहीन कौशर, सोसाइटी के मेंबर डॉ नाजनीन कौशर शामिल रहे। संस्थान का स्थापना 07 फरवरी 2004 में हाजी एहसान अंसारी द्वारा किया गया था। संस्थान के संस्थापक ने नर्सों की कमी को देखते हुए 2004 में जीएनएम नर्सिंग 20 सीटों से शुरू किया। संस्थान के सचिव जीनत कौशर ने कहा संस्थान कि 20 वर्ष



सफलतापूर्वक पूरा हुआ। 2004 में एक कोर्स जीएनएम शुरू किया था और आज 2024 में फ्लोरेंस ग्रुप में 16 कोर्स की पढाई होती है। जिसमें नर्सिंग, पारामेडिकल, फार्मेसी ,का करवाया जाता है एवं संस्थापक हाजी एहसान अंसारी के सपनों को साकार करते हुए हर वर्ष जुलाई में हाजी एहसान अंसारी छात्रवृत्ति प्रोग्राम का आयोजन किया जाता है। जिसमें उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को संस्थान द्वारा छात्रवृत्ति देकर पढ़ाई करवाया जाता है। मौके पर ज्योति गलोरया, बिन्हा, विनीत, सुधीर कुट्टिया, शिखा श्रीवास्तव, सत्यप्रकाश हिमांशु, आल्या खान, शोएब अख्तर, रोहिणी, प्रतिभा, वर्षा कुमारी,शेरून शफाली, पियातोष रंजन, कलाम अंसारी, सादिक अंसारी, शशि कुमार, आशीष कुमार, संजना साथ के छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

## दलित वर्ग से भी बनायें मंत्री : विजय शंकर नायक



**रांची।** सीएम चंपाई सोरेन लोबिन हेंब्रम, सीता सोरेन को कैबिनेट मंत्री बनायें एवं दलित वर्ग से भी मंत्री बनायें। उपरोक्त बातें आज आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह झारखंडी सूचना अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने कहीं। इन्होंने यह भी कहा कि मंत्रिमंडल विस्तार में दलित वर्ग से भी कैबिनेट मंत्री बनाया जाना चाहिए क्योंकि हेमंत सोरेन सरकार के कार्यकाल में दलित समाज को प्रतिनिधित्व नहीं मिल पाया था इस बार मंत्रिमंडल विस्तार में दलित वर्ग को भी भागीदारी देनी चाहिए।

## अमित अग्रवाल और राजीव कुमार के खिलाफ सीबीआइ कोर्ट में आरोप पत्र दायर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार कैश कांड मामले में सीबीआइ की दिल्ली शाखा ने व्यवसायी अमित अग्रवाल के साथ राजीव कुमार के खिलाफ रांची की सीबीआइ कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया है। इसके अलावा अमित अग्रवाल की एक कंपनी के खिलाफ भी आरोप पत्र दाखिल किया है। अमित अग्रवाल अभी बिरसा मुंडा जेल में बंद है। जबकि राजीव कुमार जमानत पर हैं। राजीव कुमार को कोलकाता में 50 लाख रुपये नकद के साथ कोलकाता पुलिस ने गिरफ्तार किया गया था। दरअसल, साजिश के तहत अमित अग्रवाल ने राजीव कुमार को रांची से कोलकाता बुलाया और उन्हें गिरफ्तार करवा दिया था। सीबीआइ की दिल्ली शाखा ने अमित अग्रवाल के खिलाफ 20 जनवरी 2023 को आरसी-2182023 ए 0002/सीबीआइ/एसी-111/नयी दिल्ली दर्ज की थी।

# साइकिलिंग प्रतियोगिता आज से

**प्रतियोगिता 8 से 12 फरवरी तक होगी, देशभर के 600 खिलाड़ी लेंगे हिस्सा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** एसजीएफआइ 67वीं नेशनल स्कूल गेम्स में गुरुवार से साइकिलिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है। झारखंड की मेजबानी में आयोजित प्रतियोगिता रांची के मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और नेवरी रिंग रोड पर आयोजित होगी। प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर बुधवार को कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग और झारखंड साइकिलिंग एसोसिएशन के सचिव शैलेंद्र पाठक ने जानकारी दी। जिसमें बताया गया की झारखंड सरकार के स्कूली शिक्षा साक्षरता विभाग और स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में अंडर 14, 17, 19 बालक और बालिका प्रतिभागी हिस्सा लेंगे।

प्रतियोगिता 8 से 12 फरवरी तक होगी। इसमें देश भर के कुल 617 खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। वहीं झारखंड के 44 साइक्लिस्ट इस स्पर्धा में भाग लेंगे। इसके ट्रैक इवेंट में 237 खिलाड़ियों ने भाग लिया। मयह स्पर्धा 8 और 9 फरवरी को खेलगांव के वेलड्रॉम में आयोजित की जायेगी। वहीं 10 फरवरी से रोड इवेंट का आयोजन नेवरी में किया जायेगा। पीसी के दौरान कार्यक्रम पदाधिकारी धिरसेन सोरेंग, झारखंड साइकलिंग एसोसिएशन के सचिव शैलेंद्र पाठक, शशांक भूषण सिंह, समीर कुमार, प्रवीण कुमार सिंह, रणवीर, प्रभात रंजन तिवारी, सुरजीत कुमार समेत एसोसिएशन और विभाग से जुड़े कई लोग उपस्थित थे।

# झारखंड महिला कांग्रेस ने की नारी न्याय की मांग

**लोकसभा चुनाव से पहले महिला आरक्षण लागू करे केंद्र सरकार**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** झारखंड महिला कांग्रेस ने नारी न्याय के लिए कई सुझाव और कुछ प्रमुख मांगें केंद्र सरकार से की है। इसमें आर्थिक सशक्तिकरण, सामाजिक सशक्तिकरण और राजनीतिक सशक्तिकरण की मांग की गयी है। झारखंड महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह ने कहा कि लगातार महंगाई और इसे नियंत्रित करने में सरकार की विफलता के कारण महिलाओं के लिए अपना घर चलाना मुश्किल हो गया है। इसमें एलपीजी गैस, खाद्य तेल, खाद्यान्न, किराने का सामान जैसी आवश्यक वस्तुओं की कीमतों को विनियमित करने में विफलता भी शामिल है। साथ ही स्वास्थ्य देखभाल, प्राथमिक प्रसव केंद्र, कांग्रेस शासन के दौरान गांवों में खोले गये अधिकांश प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अब या तो बंद हो गये हैं या बिना किसी मेडिकल स्टाफ के संचालित हो रहे हैं। भारत में 15 से 49 वर्ष की आयु की अधिकांश 57% महिलाएं एनीमिया से पीड़ित हैं। गांवों में प्रसव केंद्रों की कमी इसका सबसे बड़ा कारण हैं। कांग्रेस ने सभी के लिए मुफ्त प्राथमिक शिक्षा शुरू करने में मदद की और आइआइटी और आइआइएम सहित कई प्रतिष्ठित संस्थान स्थापित किये। भारत में शिक्षा व्यवस्था चरमरा रही है और भाजपा सरकार शिक्षा के लिए बजटीय आवंटन लगातार कम कर रही है। भारत में प्राथमिक और मध्य विद्यालयों में शिक्षकों की कमी है और सरकार इन पदों को जानबूझ कर खाली रखे हुई है।

# सीसीएल जन आरोग्य केंद्र ने पिस्कानगड़ी में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** सीसीएल जन आरोग्य केंद्र द्वारा रांची के पिस्का नगड़ी स्थित आदर्श वृद्धाश्रम में निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा वृद्धों की सांस की तकलीफ की जांच की गयी और चिकित्सीय सलाह भी दी गयी। इस शिविर में मधुमेह, इसीजी, हीमोग्लोबीन, एवं हाइपरटेंशन की भी जांच कर चिकित्सीय सलाह दी गयी। बताते चलें कि सीसीएल अपने हितधारकों सहित कमान क्षेत्र के आस - पास रहने वाले सभी लोगों का विशेषकर गरीब ग्रामीणों के स्वास्थ्य के प्रति जन सेवा के लिए कृतसंकल्पित है। इसी कड़ी में कंपनी द्वारा समय - समय पर विभिन्न गावों में इस तरह के शिविर का आयोजित की जाती है। इस अवसर पर सीएमएस (इंचार्ज), सीसीएल डॉ रत्नेश जैन, सीएमओ डॉ प्रीती तिग्गा, सीएसआर इंचार्ज डॉ. राज कुमार, सीएमओ, डॉ अनीता होरो, डॉ. दीपक सिंह, डॉ अंबरीष कुमार, डॉ. दीपाली, डॉ शंकर प्रसाद, डॉ महेश, डॉ स्मिता और अन्य पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित थे।

# किसके आदेश पर लाठी धारी जवानों को भेजा गया था : प्रतुल शाहदेव

**चतरा में हुई मुठभेड़ में शहीद हुए जवानों को नमन करते हुए भाजपा ने उठाया प्रश्न**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर बुधवार को चतरा जिला में अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले आरक्षी सुकून कुमार और आरक्षी सिकंदर कुमार की शहादत को नमन करते हुए लिखा कि उन्होंने देश और राज्य की सुरक्षा हेतु अपने प्राणों की आहुति दी। आपकी शहादत को सलाम। प्रतुल ने डीजीपी को टैग करते हुए लिखा कि प्राप्त सूचना के अनुसार, इन जवानों को ट्रेनिंग के बीच में ही विधि-व्यवस्था में लगाया गया था। ये सामान्य विधि व्यवस्था के लिए लगाये गये जवान थे। जानकारी के अनुसार, जवानों की एक टुकड़ी को चतरा के अति उग्रवाद प्रभावित बोरिया जंगल में अफीम की खेती को नष्ट करने के लिए भेज दिया गया। अगर यह बात सही है की भेजी गयी टुकड़ी के सिर्फ एक तिहाई जवान सशस्त्र थे और दो तिहाई जवान के पास लाठी थी। अगर यह सूचना सही है तो इतनी बड़ी चूक किस स्तर पर और कैसे हो गयी? घोर उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र में जवानों का लाठी लेकर जाना समझ से परे है। किसकी लापरवाही से लाठी लेकर घोर उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र में जवानों को भेजा गया था? प्रतुल ने डीजीपी से आग्रह किया कि पूरे मामले की गहन जांच कर उचित कदम उठायें। अपने पोस्ट पर प्रतुल ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह केंद्रीय गृह मंत्रालय एनआइए और सीबीआइ को भी टैग किया।

# पंडरा बाजार समिति में दुकानों का किराया बढ़ाने के आदेश पर हाइकोर्ट ने लगायी रोक

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने कृषि बाजार समिति पंडरा के दुकानदारों के दुकान का भाड़ा बढ़ाने के खिलाफ दाखिल याचिका की सुनवाई की। हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति आनंदा सेन की कोर्ट ने मामले में कृषि उत्पादन बाजार समिति, पंडरा के द्वारा पंडरा के दुकानदारों का भाड़ा 5 रुपये प्रति वर्ग फीट से बढ़ाकर 11 रुपये वर्ग प्रति फीट करने के नोटिस एवं झारखंड राज्य कृषि विपणन बोर्ड के आदेश पर रोक लगा दी। साथ ही मामले में कोर्ट ने प्रतिवादियों को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। सुनवाई के दौरान झारखंड राज्य कृषि विपणन बोर्ड के अधिवक्ता द्वारा कानूनी पहलू पर कोर्ट को स्पष्ट जानकारी नहीं दी गयी थी।

दरअसल, सितंबर 2023 में कृषि बाजार समिति, पंडरा के दुकानदारों के दुकान का किराया 5 से बढ़कर 11 रुपये प्रति फीट करने को लेकर पंडरा बाजार समिति ने दुकानदारों को नोटिस जारी किया था। दुकानदारों का किराया बढ़ाने के संबंध में झारखंड राज्य कृषि वितरण बोर्ड ने आदेश जारी किया था। जिसे ठाकुर ट्रेडिंग के प्रोपराइटर संतोष कुमार सिंह की ओर से हाइकोर्ट में चुनौती दी गयी थी। ठाकुर ट्रेडिंग की ओर से वरीय अधिवक्ता वीपी सिंह ने पैरवी की। दरअसल, झारखंड राज्य कृषि विवरण बोर्ड के आदेश से पंडरा बाजार समिति में दुकान, गोदामों और संड्री शॉप का किराया 11 रुपये प्रति वर्गफीट के हिसाब से लेने का आदेश जारी किया गया था। पहले यह किराया 5 रुपये वर्गफीट था। यह भी बता दें इससे पहले वर्ष 2018 में पंडरा बाजार समिति ने अपना किराया दो रुपये प्रति वर्ग से बढ़ाकर पांच रुपये प्रति वर्गफीट किया था।

# शिक्षक संवर्ग को एमएसीपी का लाभ अविलंब मिले, सचिव से मिला फेडरेशन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड ऑफिसर टीचर्स एंड इंप्लाई, इम्प्लॉइज फेडरेशन का शिष्टमंडल विक्रांत कुमार सिंह की अध्यक्षता में शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह से मिलकर शिक्षक संवर्ग को एमएसीपी का लाभ दिये जाने के विषय पर वार्ता किया। वार्ता के दौरान इस विषय पर सचिव को सारी जानकारी देते हुए ज्ञापन सौंपा गया। सचिव ने महासंघ के पक्ष को सुनने के बाद इस बात पर पूर्ण सहमति व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षक संवर्ग को एमएसीपी का लाभ दिये जाने पर एक सप्ताह के भीतर अग्रतर कार्रवाई की जायेगी।

विक्रांत सिंह ने बताया कि वर्तमान सरकार ने अपने कर्मचारियों के हितों के लिए पुरानी पेंशन, कैशलेस मेडिकल से लेकर कई बड़े मांगों को पूरा किया है और कर्मचारी भी सरकार की ओर हमेशा आशा भरी नजरों से देखते हैं। वार्ता में प्रांतीय अध्यक्ष के साथ प्रांतीय महासचिव उज्जवल कुमार तिवारी, प्रांतीय संयोजक आनंद किशोर साहू, प्रांतीय संरक्षक रविंद्र प्रसाद सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित कुमार महतो, संयुक्त महासचिव सुरेंद्र कुमार, विधिक सलाहकार ध्रुव ज्योति, प्रांतीय कमेटी के सदस्य शिवनारायण महतो, रांची जिला के जिला अध्यक्ष मोहम्मद कयामुद्दीन खान, धनबाद जिला कार्यकारिणी के सदस्य दीपक कुमार और विजय कुमार सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# अकाउंटेंट संजय हत्याकांड : बिल्डर कमल भूषण की बेटी को भेजा गया जेल, शूटरों को दिये थे पैसे

**रांची (आजाद सिपाही)। बिल्डर कमल भूषण (मृत) के अकाउंटेंट संजय सिंह की हत्या मामले में पुलिस ने कमल भूषण की बेटी यामिनी को जेल भेज दिया। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने यामिनी को मगंलवार को गिरफ्तार कर लिया था। आरोप है कि संजय हत्याकांड को अंजाम देने वाले भाड़े के हत्यारे को यामिनी ने ही नगद रुपये उपलब्ध करवाये थे। यामिनी कमल भूषण हत्याकांड के मुख्य आरोपी राहुल कुज्जूर की पत्नी है और कमल भूषण की पुत्री भी है। संजय सिंह की हत्या मामले की तफ्तीश शूटरों के गिरफ्तार होने के बाद भी जारी थी। पुलिस की जांच में यह बात सामने आयी कि संजय सिंह की हत्या में यामिनी की संलिप्तता भी रही थी। यामिनी ने ही आरोपी राहुल और रोहित कुज्जूर के कहने पर संजय की हत्या करने वाले शूटरों को पैसा दिया था। गिरफ्तारी के बाद हुई पूछताछ में यामिनी ने पुलिस के समक्ष शूटरों को पैसे देने की बात स्वीकार की है। जमीन कारोबारी कमल भूषण के अकाउंटेंट संजय सिंह की अपराधियों ने पांच जुलाई 2023 रातू रोड गलैक्सिया मॉल के सामने काली मंदिर लेन में गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में पुलिस ने अपराधी संदीप कुमार प्रसाद, आकाश कुमार वर्मा, विवेक कुमार शर्मा, सुशीला कुज्जूर, साहिल बाड़ा के अलावा सोनू कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इस मामले के मुख्य आरोपी राहुल कुज्जूर और डब्लू कुज्जूर जेल से ही साजिश रची थी। इससे पहले 30 मई 2022 को जमीन कारोबारी कमल भूषण की हत्या भी राहुल कुज्जूर अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर कर दी थी।**

# रामगढ़ में ठेकेदार के आवास से लाखों के जेवरात ले उड़े चोर

**चोरों ने करीब 6 लाख रुपये से अधिक सोने, चांदी और डायमंड के जेवरात चोरी कर ली है**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रामगढ़।** शहर में इन दिनों लगातार एक के बाद एक चोरी की घटनाओं से लोग दहशत में है। रामगढ़ पुलिस चोरी की घटनाएं रोकने में पूरी तरह नाकाम दिख रही है। जिसके कारण चोरों का हौसला बुलंद है और चोरी की घटनाओं को आसानी से अंजाम देकर निकल रहे हैं। इससे स्पष्ट लगता है कि पुलिस चोरों के आगे कहीं नतमस्तक तो नहीं हो गयी है। कही पुलिस हर बार की तरह इस बार भी मामला दर्ज कर छानबीन तक ही सीमित तो नहीं रखती है। खैर जो भी है मगर चोरी की घटनाओं में वृद्धि तो हुई है। ऐसा ही घटना एक बार फिर शहर के नेहरू रोड स्थित ठेकेदार राजू पिलानिया के आवास पर चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इस मामले में राजू पिलानिया के पुत्र राहुल पिलानिया ने रामगढ़ थाना में एक आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व में भी 15 सितंबर को मेरे आवास में करीब 5 लाख रुपये की चोरी हुई थी। लेकिन एक बार फिर चोरों ने 4 फरवरी को मेरे आवास में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरों ने करीब 6 लाख रुपए से अधिक सोने, चांदी और डायमंड के जेवरात चोरी कर ली है। इधर, पुलिस हर बार की तरह शिकायत के बाद मामले की छानबीन में जुट गयी है। लेकिन देखना है कि पुलिस इस बार भी चोरों तक पहुंच पाती है कि नहीं, जो यह बड़ा सवाल है।

**चोरी की घटनाओं में पुलिस लगाये अंकुश, नहीं तो चैंबर करेगा आंदोलनः विनयः** मामले में रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष विनय अग्रवाल ने कहा कि शहर में इन दिनों हो रही चोरी की घटनाएं दुर्भाग्यपूर्ण है। पुलिस अब तक चोरों को पकड़ने में नाकाम है। एक के बाद एक चोरी से पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं। अगर चोरी की घटनाओं पर अंकुश नहीं लगती है तो चेंबर ऑफ कॉमर्स आंदोलन पुलिस के खिलाफ आंदोलन सड़क पर उतरकर करेगी।

# नागपुरी साहित्य के युग प्रवर्तक : प्रफुल्ल कुमार राय



**डॉ. वीरेंद्र कुमार महतो**

**जयंती पर विशेष**



समाज में वे महान माने जाते हैं जो समाज को एक नयी दिशा प्रदान करते हैं। नागपुरी साहित्य में प्रफुल्ल कुमार राय ऐसे ही शख्स. हैं, जिन्होंने नागपुरी साहित्य की धारा को नयी दिशा प्रदान की। नागपुरी साहित्य में भक्ति की परंपरा तो प्राचीन काल से ही चली आ रही है। सगुण, निर्गुण, देवी भक्ति जैसी धारा का प्रवाह तो निरंतर हो ही रहा था, लेकिन उन्होंने इन सब से अलग एक नयी संस्कृति, एक नयी राह की नींव डाली।

मातृभूमि, मातृभाषा, आत्मसम्मान की रक्षा की भावना इनमें कूट-कूट कर भरी थी। मातृभूमि के प्रति अगाध प्रेम इनकी रचनाओं की विषेशता है। ये पेशे से वकील थे, किंतु एकदम संवेदनशील और सजग। यहीं कारण है कि साहित्य के गद्य और पद्य दोनों विधा में समान रूप से सफल हुए हैं।

स्व. राय का जन्म औपनिवेशिक काल में 8 फरवरी 1926 को हुआ था। वर्तमान गुमला जिलांतर्गत सिसई प्रखंड के पहाड़ बंगरू नामक गांव में। माता सुचित्रबाला देवी और पिता पांडेय रामकिशोर राय थे। पिता के असामयिक देहांत ने इन्हें अनेक आर्थिक कठिनाइयों का सामना करवाया। सच पूछा जाय तो यही वो समय था, जब वे जीवन के कुछ गंभीर सच्चाइयों को महसूस किया।

जिस समय वे पल-बढ़ रहे थे, पूरे भारत में शोषण व अत्याचार का माहौल था। यहां के लोग गरीबी, भूखमरी, अकाल जैसी समस्याओं से त्रस्त थे। यह भी एक कारण था कि वे साहित्य में नये-नये प्रयोग किये। इनका व्यक्तित्व बहुत ही सरल व सौम्य था, बिल्कुल विनम्र व शालीन। संगीत के भी बहुत बड़े प्रेमी थे। प्रफुल्ल कुमार राय के बारे में वरिष्ठ साहित्याकार डॉ. विसेश्वर प्रसाद केसरी कहते थे - प्रफुल्ल दा कहलेहें हामर आंइख कर सामने एगो बेस सभियार अदमी कर नाक-नक्षा वाला चेहरा खड़ा होय जायला, जे आपन जीबन आउर लेखन में, थान लुगा तइर ना जानी कतना अनुभव कर तह आपन में समटले, मुदा नितांत हांसते खड़ा हय। जइसे बेस घुमड़ल करिया बदरी के घोंघरल केंस कर बीच पूर्णिमा कर चांद, जइसे अथाह सागर कर मांझ से उठत कोइ तरल संगीत कर धुन।

वास्तव में प्रफुल्ल दा नागपुरी साहित्य में युग प्रवर्तक लेखक के रूप में प्रतिष्ठित हैं। सोनझइर, रिंगचिंगिया और विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में इनकी चौदह कहानियां प्रकाशित हैं। 'शंकर गोटेक जिनगी' इनका ऐतिहासिक उपन्यास है। वे नागपुरी भाषा का सर्वांगीण विकास चाहते थे। इसलिए इस उपन्यास की भूमिका में उन्होंने लिखा है - लेकिन तब नागपुरी कर सुगंध हाम भरखर दोसर के देखाय पारती...झलमल धोवल आइना लखे आउर एहे सवख में हाम आपन के धार में बोहाय दे ही। उनके द्वारा नागपुरी भाषा का उद्भव, बरखा बूंद, व बरखा आउर नागपुरी गीत जैसे गंभीर व ललित निबंध की रचना की गयी। इनके द्वारा रचित यात्रा संस्मरण - सहिजनाः एक ठो यात्रा संस्मरण प्रकाशित है। रिंगचिंगिया, बारह कविताओं का संग्रह है, जिसमें बहथी-बोहाथी, आब नागपुर बोली, नागपुर बंदना, अंधार राती, रिंगचिंगिया प्रमुख हैं। एक नयी क्रांति की उद्घोषणा करते प्रफुल्ल कुमार राय कहते हैं -

*आब नागपुर चुप नि रही*
*आब नागपुर बोली*
*ढेइर दिन सुतल रहे*
*आब तो नजइर खोली।*

बहथी-बोहाथी कविता में मानव जीवन दर्शन का संपूर्ण अहसास होता है। कविता का सार है कि मनुष्य महाकाल के अनंत प्रवाह में बहता है, बहाया जाता है और अपने साथ कई मानवीय प्रवृत्तियों, विशेषताओं, गुणों और परिवेश चित्रों को बहाते हुए ले जाता है। बहने व बहाने की प्रक्रिया निरंतर चलते रहता है। मनुष्य महाकाल के कपाल पर अपने अस्तित्व और अस्मिता का टीका अवश्य लगा देता है। काल की रेत में अपना पदचिह्न छोड़ देता है -

*कोनो तइर काल कर कपार में*
*एक ठो टीका बेस या बेकार*
*कइसनो-मइसनो*
दे देउ *तनिकन बोहाइक आउर*
*बहेक बेरा।*

अंधार राती कविता में नागपुर महिमा व यहां की दुर्दशा को एक साथ देखा जा सकता है। कैसे धन-धान्य से संपन्न राज्य के लोग गरीब व बेवस हैं। वे कहते हैं -

*आइज इ अंधार राती*
*कोन जगन बथत्हे हामर छाती*
*जुग-जुग से*
*जुग-जुगांतर से इ बथत्हे।*

इनकी कहानियों में भी औपनिवेशिक सत्ता के षोषण और यहां के लोगों के दर्द को देखा जा सकता है। उन्होंने अपने प्रसिद्ध कहानी 'कांटी' में सरजू बाबू के दर्द को झारखंड की पीड़ा से जोड़ दिया है। षोषण का चरम तब दिखायी देता है जब वे कहते हैं - उनके बुझाय, कांटी तरवा में नइ उनकर सुपट करेजा में गड़ेला आउर कतना दिन ले गड़तेहें रही, भगवान जाने।

वस्तुतः प्रफुल्ल कुमार राय जाति, संप्रदाय, उंच-नीच से उपर एक पुरोधा पुरुष थे। नागपुरी साहित्य समाज के अमर नायक के रूप में उन्हें युग-युगांतर तक याद किया जाता रहेगा।

**(लेखक - यूनिवर्सिटी डिपार्टमेंट ऑफ टीआरएल, रांची यूनिवर्सिटी, रांची के असिस्टेंट प्रोफेसर हैं)**

# हरदम बेदाग रहे हर चुनाव प्रक्रिया

चंडीगढ़ के मेयर चुनाव में हुई कथित गड़बड़ियों पर सुप्रीम कोर्ट ने जैसा सख्त रुख दिखाया है, वह काबिले तारीफ है। चीफ जस्टिस डीवाइ चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली बेंच के कड़े रुख से घटना की गंभीरता रेखांकित हुई। इसके अदालती प्रक्रिया की भेंट चढ़ने की वह आशंका समाप्त हुई, जो पंजाब और हरियाणा हाइकोर्ट के कथित ढीले रवैये की वजह से पैदा होने लगी थी। वैसे, अभी यह मामला अदालत के विचाराधीन है। संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर को भी अगली सुनवाई में कोर्ट में हाजिर रहने के लिए कहा गया है, जहां वह अपना पक्ष रखेंगे। इसलिए अभी इस पूरे मामले पर कोई निष्कर्ष नहीं निकाला जाना चाहिए। अभी मामला बस इतना है कि जो शुरुआती सूचनाएं हैं, उन्हें कितनी अहमियत दी जानी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट का कड़ा रुख यह स्पष्ट कर देता है कि किसी लोकतांत्रिक व्यवस्था में चुनाव प्रक्रिया की पवित्रता से छेड़छाड़ की शिकायतों को किसी भी स्तर पर हलके में नहीं लिया जाना चाहिए। याचिकाकर्ता की ओर से अदालत को बताया गया कि यह मामला चुनावी विवाद का नहीं, बल्कि पद के दुरुपयोग का था, जो रिटर्निंग ऑफिसर जैसे पद में जताये जाने वाले विश्वास के आधार को ही नष्ट कर सकता है। इसलिए इसे किसी एक म्यूनिसिपल कॉरपोरेशन के चुनाव से जुड़ी शिकायत के सामान्य मामले की तरह नहीं लिया जाना चाहिए। कुछ महीने बाद ही देश में आम चुनाव होने हैं और चंडीगढ़ मेयर पद के चुनाव को राष्ट्रीय विपक्षी गठबंधन के साथ सत्ता पक्ष की पहली चुनावी भिड़ंत के रूप में देखा जा रहा था। जाहिर है, इन चुनावों के निहितार्थ आगे तक जाते हैं। बेशक चुनावी प्रक्रिया में जिन गड़बड़ियों का हवाला दिया जा रहा है, वे प्राथमिक तौर पर एक व्यक्ति से जुड़ी हैं। हो सकता है कि संबंधित व्यक्ति ने अपनी मर्जी से वैसा आचरण किया हो, जो उसे नहीं करना चाहिए। मगर चुनावी समीकरण की सामान्य तस्वीर भी अलग संदेश दे रही थी। आप और कांग्रेस के गठबंधन को स्पष्ट बहुमत हासिल था और इन दलों के पार्षदों के पक्ष बदलने की कोई सूचना नहीं थी। ऐसे में अगर नतीजे उलटे आये, तो संदेह का ठोस आधार था। जाहिर है, विजेता पक्ष के बड़े नेता और कुछ नहीं, तो इन नतीजों को लेकर थोड़ा संयम तो दिखा ही सकते थे। लेकिन जिस तरह से तत्काल सार्वजनिक तौर पर इस नतीजे का उत्साहपूर्ण स्वागत हुआ, वह ठीक नहीं था। इस मामले का झूठ-सच अदालती प्रक्रिया में स्पष्ट होगा, लेकिन सभी पक्षों के लिए यह सबक तो अभी से स्पष्ट है कि चुनाव में किसी खास पक्ष की जीत-हार से कहीं ज्यादा अहम है चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता। कम से कम जिम्मेदार पदों पर बैठे लोगों को यह सबक याद रखना चाहिए। ऐसा करके ही लोकतंत्र के महायज्ञ की आहुति की शुचिता बरकरार रह सकेगी।

**'चंडीगढ़ मेयर चुनाव में कथित गड़बड़ी पर सुप्रीम कोर्ट का सख्त रुख सामने आया है। सुप्रीम कोर्ट ने जिस तरह से इस घटना का संज्ञान लिया है, उससे लोगों का न्यायपालिका में भरोसा बढ़ेगा। सुप्रीम कोर्ट का यह रुख जिम्मेदार पदों पर बैठे लोगों के लिए भविष्य में सबक जैसा है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

केंद्र सरकार ने इस बजट में व्यापारी वर्ग का भी खास ध्यान रखा है। सरकार ने आयकर को यथावत रखा है। इसी प्रकार महिलाओं के विकास पर भी जोर दिया गया है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया कि इस बजट के माध्यम से तीन करोड़ और महिलाओं को लखपति बनाया जायेगा।

# आम आदमी की उम्मीदों पर खरा उतरने वाला बजट

**सुरेश प्रसाद**



**केंद्र** सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल का अंतिम बजट प्रस्तुत कर दिया है। इस बजट में हालांकि कोई व्यापक परिवर्तन नहीं किया है, लेकिन जिस प्रकार पिछले बजट के कारण भारत की दशा और दिशा सुधरी हुई दिखाई देती है, वैसी ही राह का अनुसरण इस बार के बजट में किया गया है। उल्लेखनीय है कि पिछले बजटों के माध्यम से भारत ने अर्थव्यवस्था के मामले में नये कीर्तिमान बनाते हुए एक वैश्विक आयाम स्थापित किया है, जिसकी चर्चा पूरे देश में तो है ही, साथ विश्व के अनेक देश भारत के इन आर्थिक कदमों की प्रशंसा कर रहे हैं। कोरोना काल में जहां एक ओर विश्व के अनेक बड़े देशों की अर्थव्यवस्था धराशायी हो गयी थी, वहीं भारत ने सीना चौड़ा करके एक ऐसी राह का निर्धारण किया, जो भारत को विकसित बनाने में समर्थ है। इस बार का बजट भी निश्चित ही भारत को गरीबी से उबारने का सामर्थ्य पैदा करने वाला ही कहा जायेगा, क्योंकि इस बजट में केंद्र सरकार ने उन बातों पर पुनः फोकस किया, जो भारत की गरीब जनता के लिए प्रगति का द्वार खोलती हैं।

**मोदी सरकार का यह बजट आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में उठाया गया एक ऐसा कदम माना जा रहा है, जो भारत की मजबूती के लिए नयी तस्वीर निर्मित करेगा।**

केंद्र सरकार भारत की जनता को जातियों के आधार पर नहीं देखती। उसकी नजर में देश में केवल चार ही जातियां हैं, जिसमें किसान, युवा, महिला एवं गरीब ही आते हैं। यह किसी भी जाति का क्यों न हो, इसके लिए इस बजट में भी ध्यान रखा गया है। वास्तव में जिस देश में यह चार वर्ग सशक्त हो जाये, तो उस देश को प्रगति की राह पर जाने से कोई नहीं रोक सकता। मोदी सरकार के कार्यकाल में भारत ने विकास के रास्ते पर दौड़ लगायी है। इस देश में अब तक करोड़ों वास्तविक गरीबों को आवास मिला है। इसके पूर्व सरकारी सुविधा से निर्मित आवासों में बंदरबांट होता रहा है, जिसमें कई आवास नेताओं के परिजनों को ही मिल जाते थे, जो एक बड़े घोटाले का रूप ले चुका था। केंद्र की मोदी सरकार ने इसमें पारदर्शी तरीके से कार्य करते हुए उन्हीं गरीबों को आवास उपलब्ध कराये, जिनको वास्तव में जरूरत थी। यह आवास हर वर्ग को उपलब्ध कराये, फिर चाहे वह हिंदू हो अथवा मुसलमान। सरकार भारत की समस्त जनता को अपना परिवार मानकर कार्य कर रही है। उसका नारा भी 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' ही है। इस बार के बजट में केंद्र सरकार ने प्रावधान किया है कि आगामी समय में देश के गरीब समाज को गरीबी से बाहर निकालने के लिए दो करोड़ आवास निर्मित किये जायेंगे। इससे जिन मजदूरों की आय का बड़ा हिस्सा मकान किराये के रूप में व्यय होता था, उससे बचा जा सकेगा। मोदी सरकार का यह कदम मोदी की गारंटी को पूरा करने वाला ही कहा जायेगा। इसलिए इस बजट को मोदी की गारंटी को पूरा करने वाला भी कहा जा रहा है। कुल मिलाकर इस बजट को गरीबों को सशक्त बनाने वाला बजट निरूपित किया जाये, तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी।

**इस बार के बजट में केंद्र सरकार ने प्रावधान किया है कि आगामी समय में देश के गरीब समाज को गरीबी से बाहर निकालने के लिए दो करोड़ आवास निर्मित किये जायेंगे। इससे जिन मजदूरों की आय का बड़ा हिस्सा मकान किराये के रूप में व्यय होता था, उससे बचा जा सकेगा।**

केंद्र सरकार ने इस बजट में व्यापारी वर्ग का भी खास ध्यान रखा है। सरकार ने आयकर को यथावत रखा है। इसी प्रकार महिलाओं के विकास पर भी जोर दिया गया है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया कि इस बजट के माध्यम से तीन करोड़ और महिलाओं को लखपति बनाया जायेगा। विकास की आधारशिला का मुख्य सूत्र माने जाने वाले अधोसंरचना पर भी मोदी सरकार ने प्रमुखता से ध्यान दिया है। इसके विकास के लिए बजट में बढ़ोत्तरी की है। कहा जाता है कि जिस देश की अधोसंरचना यानी इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत होती है, वह देश विकास की राह पर तेज गति से भागता है, क्योंकि इससे समय की बचत होती है और काम भी आसान हो जाता है। यातायात को सुगम बनाने की दिशा में यह बजट बहुत ही प्रभावी माना जा रहा है। हालांकि जब से मोदी सरकार आई है, तब से अधोसंरचना को विकसित करने के काम तीव्र गति से किये जा रहे हैं। जो काम वर्षों में होता था, वह काम इस सरकार के कार्यकाल में महीनों में उच्च गुणवत्ता के हो रहे हैं। इन कामों में पारदर्शिता लायी गयी है। इसी प्रकार रेल यात्रियों की सुविधा के लिए भी व्यापक रूपरेखा भी इस बजट में दिखाई देती है। 40 हजार सामान्य श्रेणी के कोचों को वंदे भारत की तर्ज पर विकसित किया जायेगा, जिससे भारत की गरीब जनता की रेल यात्रा आरामदायक हो सके। इसी प्रकार अधूरी पड़ी रेल परियोजनाओं को भी बहुत जल्द पूरा करने का भी प्रावधान इस बजट में किया गया है। साथ ही तीन नयी परियोजनाओं को भी प्रस्तावित किया गया है। इससे यह बजट बहुत ही संतुलित बजट माना जा रहा है।

मोदी सरकार का यह बजट आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में उठाया गया एक ऐसा कदम माना जा रहा है, जो भारत की मजबूती के लिए नयी तस्वीर निर्मित करेगा। आज भारत की जो मजबूत छवि विश्व के देशों में दिखाई दे रही है, वह वर्तमान केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों के कारण ही संभव हो सका है। भारत फिर से उसी राह पर मजबूती के साथ कदम बढ़ा रहा है, जो विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए कहा सकता है। यही कदम भारत को विश्व गुरु के सिंहासन पर आसीन करने वाला होगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## जमशेदपुर की खबरें

### भाजपा के महानगर जिलाध्यक्ष ने पदभार संभाला



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय में पदभार ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। बुधवार को भाजपा के नवनियुक्त महानगर जिला अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने विधिवत पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर निवर्तमान जिलाध्यक्ष गुंजन यादव ने पार्टी के कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में नवनियुक्त जिलाध्यक्ष को विधि-विधान से पदभार ग्रहण कराया। इससे पूर्व सनातन रीति-रिवाज और परंपरा के अनुसार जिला कार्यालय पर पांच सदस्यीय पुरोहितों द्वारा विशेष पूजा अर्चना की गई। समारोह में भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, पूर्व विधायक मेनका सरदार, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू समेत पार्टी के तमाम वरीय नेतागणों के साथ हजारों कार्यकर्ता साक्षी बने। इस दौरान गुंजन यादव ने जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा को पगड़ी और पार्टी का अंगवस्त्र, धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा भेंटकर और लड्डू खिलाकर शुभकामनाएं व्यक्त की। इससे पूर्व भाजपा नेताओं ने पार्टी के पितृपुरुष डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की छविचित्र के सम्मुख द्वीप प्रज्वलित कर और पुष्प अर्पित कर समारोह का विधिवत शुभारंभ किया। ततपश्चात कार्यालय के समक्ष भाजपा का ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान कार्यकताओं ने 'भारत माता की जय' और'भाजपा जिंदाबाद' के नारे लगाए। इस दौरान 'जय श्री राम' और 'भारत माता' की जय से कार्यालय परिसर गुंजमय रहा। इस अवसर पर जिप सदस्य कुसुम पूर्ति, पूर्व जिलाध्यक्ष ब्रह्मदेव नारायण शर्मा, देवेंद्र सिंह, अभय सिंह, रामबाबू तिवारी, चंद्रशेखर मिश्रा, दिनेश कुमार, राजेश शुक्ल, नीरज सिंह, विकास सिंह, डॉ राजीव, मिथिलेश सिंह यादव, कल्याणी शरण, राजन सिंह, योगेश मल्होत्रा, जटाशंकर पांडेय, संजीव कुमार, भूपेंद्र सिंह, संजीव सिन्हा, बबुआ सिंह,अनिल मोदी, जितेंद्र राय, नीलू मछुआ, मंजीत सिंह, पप्पू सिंह, राजीव सिंह, प्रेम झा, बिनोद सिंह, कौस्तव रॉय, मुचिराम बाउरी, धर्मेंद्र प्रसाद, अमित अग्रवाल, ज्योति अधिकारी, बीनानंद सिरका, अजीत कालिंदी, मोहम्मद नेसार, अमरजीत सिंह राजा, मंडलाध्यक्ष सुरेश शर्मा, संतोष ठाकुर, ध्रुव मिश्रा, बबलू गोप, अजय सिंह, हेमंत सिंह, दीपक झा, बिनोद राय, प्रशांत पोद्दार, राकेश कुमार, राजेश सिंह, बरजंगी पांडेय, फातिमा शाहीन, अमरेंद्र पासवान, संदीप शर्मा बॉबी, संजय कुमार सिंह, चंचल चक्रवर्ती, रविन्द्र नाथ सरदार, हलधर दास, सुदीप कुमार डे, हेमेंद्र जैन हन्नु, त्रिदेव चटराज, दीपक पॉल, पवन सिंह, सुनील सिंह मुंडा, शांतनु मुखर्जी, मंटू चरण दत्ता, प्रधान महतो, कमलेश सिंह, हलदर नारायण साह, अभिमन्यु सिंह, मिथिलेश साव, चिंटू सिंह, शैलेश गुप्ता, शशि यादव, गौतम प्रसाद, रॉकी संजीत चौरसिया, गणेश मुंडा समेत अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

### भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल हुए सिंहभूम के कांग्रेसी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो न्याय यात्रा झारखंड से उड़ीसा बॉर्डर पहुंची। बुधवार को भारत जोड़ो न्याय यात्रा में पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष धर्मेंद्र सोनकर, जिला उपाध्यक्ष बबलू झा सहित अन्य कांग्रेसी ने झारखंड से चलते हुए रामपाल कैंप पहुंचने पर कार्यकारी अध्यक्ष धर्मेंद्र सोनकर ने राहुल गांधी को अंगवस्त्र और पुष्प गुच्छ भेट कर गर्मजोसी से स्वागत किया। इस अवसर पर राहुल गांधी ने बहुत ही सहज तरीके से हाथ मिलाते हुए स्वीकार की। गांधी ने पूर्वी सिंहभूम जिले में कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने की बात कही। वही रोड शो के दौरान राहुल गांधी ने अदानी अंबानी, नवीन पटनायक और नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि जब तक न्याय का हक नही मिलेगा तब तक भारत जोड़ो न्याय यात्रा जारी रहेगा। मौके पर राहुल गांधी ने अजितेश उज्जैन के प्रथम पुत्र के जन्म दिन पर उनके चित्र में अपना हस्ताक्षर कर बधाई और ढेर सारी शुभकामनाए दी। वही राहुल गांधी ने बब्लू झा को अपने पास बुलाकर बहुत ही सरल भाषा में साफ साफ शब्दों में कहा डरो मत। उधर आशीर्वाद मिलने पर बबलू झा ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इस उम्र में आकर आज मेरा सपना पूरा हुआ। इस अवसर पर धर्मेंद्र सोनकर, बब्लू झा, प्रोफेशनल कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अफसर इमाम,जिला महासचिव शशि भूषण,अजीतेश उज्जैन,करण सोनकर और अन्य शामिल रहे।

### टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को किया सम्मानित

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन में सेवानिवृत हुए कर्मचारियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर महामंत्री आर के सिंह और सलाहकार प्रवीण सिंह के द्वारा सभी कर्मचारियों को शाल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मानित किया गया। मौके पर सलाहकार प्रवीण सिंह ने कहा कि आप सभी पूरी तरह से स्वस्थ होकर अपना कार्यकाल पूरा किये। सभी कर्मचारी बहुत ही खुशनसीब हैं। यूनियन के प्रति आपके लगाव के कारण आज यूनियन भी आपके प्रति सजग है। यही इसका इनाम है। महामंत्री आर के सिंह ने कहा कि आप सब हमारे बड़े भाई समान हैं। यूनियन के सभी कमिटी मेंबर कभी भी किसी तरह की आवश्यकता पड़ने पर एक आवाज में आपके साथ खड़े रहेंगे। अब आप सभी परिवार को समय दें। साथ ही स्वास्थ्य पर ध्यान देते हुए सामाजिक कार्यों में अपना समय देकर खुशहाल जीवन व्यतीत करें। इसी आशा के साथ आप सभी को ढेर सारी शुभकामनायें। इस अवसर पर सेवानिवृत हुए पलांट एक से हेमंत कुमार मोहन्ती,पी पी सी से विश्वनाथ, इंजन से अनवर इमाम,एक्सल से शशिभूषण कुमार सिंह और विकाश चंद्र घोष,फाउंड्री से सुब्रत दास और जितेंद्र सिंह, कैब एंड कॉल से राजकुमार शर्मा,अवधेश कुमार लाल, गियरबॉक्स असेम्बली से आलोक बरोयी, क्यु ए से फरहाद अब्दुल हाफिज, हॉस्पिटल से कन्हैयालाल शर्मा, एक्सल से मधुसूदन डे, सुधीर कुमार सिन्हा, फ्रेम फैक्टरी से के शैलेश कुमार और प्रमोद कुमार शर्मा, इंजन से गौतम दास, प्लांट 3 से उमेश प्रसाद, ध्रुव नारायण शर्मा और सुरेश प्रसाद सिंह शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रकाश विश्वकर्मा व धन्यवाद ज्ञापन अनिल शर्मा ने किया।

### संगठनों ने बैठक कर सर्वदलीय जन एकता मंच का किया गठन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** शहर के प्रबुद्ध नागरिकजनों और अलग-अलग संगठनों के सक्रिय जनप्रतिनिधियों के द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया। बुधवार को वरिष्ठ समाज सेवी और जेपी आंदोलनकारी सुरेश दत्त पांडे के नेतृत्व में बैठक संपन्न की हुई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ समाज सेवी एवं गांधीवादी नेता विष्णु भगवान पाठक व संचालन वरिष्ठ समाजसेवी विनोद डे ने किया।धन्यवाद ज्ञापन शिक्षाविद आलोक रंजन के द्वारा किया गया।बैठक में सर्वसहमति से जमशेदपुर महानगर पूर्वी सिहभूम व कोल्हान की जन समस्याओं को लेकर सामाजिक संगठन ₹सर्वदलीय जन एकता मंच₹ का गठन किया गया। आगामी दिनों में शहर से लेकर गांव तक जन समस्या के साथ पर्यावरण के लिए संगठन के द्वारा बेहद पैमाने में जन आंदोलन करने की रणनीति बनाई गई। सर्वदलीय जन एकता मंच₹ का संयोजक युवा-समाज सेवी 'संजीव आचार्य को बनाया गया। मंच के द्वारा सड़क चौड़ीकरण, शहर के सौंदर्यकरण,जन सुविधा,पर्यावरण की रक्षा सहित अन्य कार्य की जाएगी। सर्वदलीय जन एकता मंच आगामी दिनों में एक वृहद पैमाने में आम नागरिकों के साथ सड़क पर उतरकर बृहद आंदोलन की रूपरेखा तैयार करेगी। बैठक में विकास कुमार, प्रमोद कुमार सिंह,भगवत मुखर्जी, अमन खान, शाहिद खान, सपन रॉय, प्रियजीत कौर, प्रमोद गोप, कन्हैया पांडे, बीबी पाठक, विकास कुमार, एचडी पांडे, संदीप शर्मा, मूसीन खान, हाजि मोहम्मद मोहसिन, प्रमोद कुमार सिंह, कृष्ण बनर्जी, सोमनाथ बनर्जी, मुकेश सिंह, सुशांत कुमार, अभिषेक शर्मा, लकी खान, संजय सिंह, अनुपम भट्टाचार्य, विवेक महतो, कार्तिक मुंडा, राजेश गोप, अजय माझी, जितेंद्र महतो, आकाश तारा, लव सिंह, राजू सिंह, नीलू सिंह, सुप्रियो शाह, गुरमीत सिंह, अरुण पांडे, सुनील सिंह, मनदीप सिंह, हरमन सिंह, जितेंद्र प्रमाणिक, रिशु गुप्ता, सौरभ सिंह,विकास सिंह सहित अन्य शामिल रहे।

### बाबूडीह ग्वाला बस्ती से नाबालिग लापता

**जमशेदपुर।** सिदगोड़ा थाना अंतर्गत बाबूडीह ग्वाला बस्ती के रहने वाले रामकुमार का नाबालिक पुत्र ऋतिक कुमार उर्फ बैजू लापता हो गया है। परिजन कर मुताबिक सोमवार सुबह लगभग 8:00 बजे घर से निकला था। रिश्तेदारों और दोस्तों के यहां काफी खोजबीन के बाद जानकारी नही मिलने पर परिजनो ने सिदगोड़ा थाना में गुमसुदी का शिकायत कर गुहार लगाई। फिलहाल पुलिस बच्चे की तलाश कर रही है।

# 10 फरवरी को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन गढ़वा आयेंगे, कई बड़ी योजनाओं का करेंगे उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा ।** झामुमो जिला समिति की बैठक पूर्व मंत्री सह विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर संपन्न हुई। बैठक में आगामी दिनांक 10 फरवरी को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के आगमन को लेकर चर्चा की गयी। मुख्यमंत्री और पूर्व मंत्री सह विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर के द्वारा विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन किया जाना है। जिसमें समाहरणालय भवन, नीलांबर-पीतांबर बहुद्देशीय नगर भवन (टाउन हॉल), फुटबॉल स्टेडियम, हेलीपैड सह बिरसा मुंडा स्मारक उद्यान पार्क, सोनपुरवा बस स्टैण्ड, गढ़वा और दर्जनों योजनायें सहीत उद्घाटन कर जनता को समर्पित किया जायेगा। गढ़वा जिलावासी कभी सपनों में भी नहीं सोचे थे। इस प्रकार विकास कार्य अपना गढ़वा में भी देखने को मिलेगा। 10 फरवरी को गढ़वा जिला में महत्वपूर्ण विकास कार्यों की जनता को समर्पित किया जायेगा। मुख्यमंत्री चंपई सोरेन और पूर्व मंत्री सह विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर का आगमन हेलीकॉप्टर द्वारा पुलिस लाईन में होगा। इनके स्वागत के लिए पुलिस लाईन गढ़वा से बाईपास फोरलेन ग्राम डूमरो सभा स्थल तक पथ के दोनों तरफ पार्टी पदाधिकारियों और सदस्यगण ढ़ोल, नगाड़ा, मांड़र, झंडा, बैनर एवं नृत्यकला से स्वागत किया जायेगा। तत्पश्चात सभा स्थल पर पार्टी के सभी स्तर के पदाधिकारी, कार्यकर्त्तागण व इंडिया गठबंधन के घटक दल के सभी पार्टी पदाधिकारीगण और सदस्यगण भाग लेंगे। इस कार्यक्रम की तैयारी हेतू पार्टी के केंद्रीय समिति सदस्य, जिला कमिटी, प्रखंड कमिटी, वर्ग संगठन, महिला मोर्चा कमिटी, अल्पसंख्यक मोर्चा कमिटी, यूवा मोर्चा कमिटी, क्रीड़ा मोर्चा तथा पार्टी समर्थित जिला परिषद अध्यक्षा, जिला परिषद उपाध्यक्ष, जिला परिषद सदस्य, प्रमुख, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, 20-सूत्री जिला उपाध्यक्ष, 20-सूत्री प्रखंड अध्यक्ष, 20-सूत्री प्रखण्ड उपाध्यक्ष, सभी प्रखंड सदस्य से आग्रह है कि कार्यक्रम को सफल बनायेंगे। बैठक के माध्यम से झामुमो द्वारा गढ़वा जिला के सभी आम-अवाम से अनुरोध किया गया है कि इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोग भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनायें। बैठक में ताहिर अंसारी, राजकिशोर यादव, अहमद अली, अशर्फी राम, शरीफ अंसारी, संजय सिंह उर्फ छोटू, सत्यनारायण यादव, ओमप्रकाश गुप्ता, रेखा चौबे, फुजैल अहमद, आशुतोष पांडेय, आशीष गुप्ता, इमरान अख्तर, सदाब खान, शेरू खान, अरविंद यादव, दिलीप गुप्ता, निलेश समेत सैकड़ों कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

## सीएम के आगमन को लेकर डीसी और एसपी ने कार्यक्रम का जायजा लिया



गढ़वा। 10 फरवरी को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के गढ़वा आगमन को लेकर उपायुक्त शेखर जमुआर और पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय द्वारा संयुक्त रूप से कार्यक्रम स्थल डुमरो स्थित मैदान का जायजा लिया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों के पदाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी भी मौके पर उपस्थित हुए। उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक द्वारा पूरे मैदान का जायजा लेने के पश्चात कार्यक्रम स्थल पर मंच की व्यवस्था, वीवीआईपी एंट्री, अतिथियों के आगमन पर पहुंच पथ की व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल पर आने वाले लाभुकों और लोगों के बैठने की व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल पर अच्छे से साफ सफाई और साज सज्जा, कार्यक्रम स्थल पर पेयजल और अस्थायी शौचालय की व्यवस्था, विधि व्यवस्था संधारण समेत अन्य व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक निर्देश दिये गये। इस दौरान मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा विजय कुमार, गोपनीय शाखा प्रभारी-सह-जिला परिवहन पदाधिकारी धीरज प्रकाश, नजारत उप समाहर्ता-सह-जिला कल्याण पदाधिकारी निलेश कुमार मुर्मू, कार्यपालक अभियंता पेयजल और स्वच्छता प्रमंडल/ भवन प्रमंडल/ आरईओ समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# 11 फरवरी को पलामू के शिवाजी मैदान में ओबीसी समाज का जमावड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता



**धुरकी।** धुरकी पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता और अधिकार मंच का रथ पहुंचा। धुरकी तथा सगमा जिसमें मुख्य रूप से धूरकी कर्पूरी चौक तथा सगमा बैंक मोड़ आदि गांव में नुक्कड सभा आयोजित कर संयोजक मंडल गोरख नाथ चौधरी ने कहा कि आज हम सब ओबीसी भाइयों जो राजनीतिक, शैक्षणिक तथा आर्थिक रूप से कमजोर हैं, उन्हें मंच के माध्यम से एकत्रित और जागरूक किया जा रहा है ओबीसी पिछड़ा वर्ग अधिकार मंच का एक उद्देश है कि पिछड़ वर्ग को मजूबूत करना यह महासम्मेलन पलामू प्रमंडल के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। अभी तक ओबीसी के लिए किसी तरह का कोई मंच नहीं था, इसलिए हमारे ओबीसी भाई लोग अपने आप को कुंठित महसूस कर रहे थे, उनको जगाने के लिए जागरूकता अभियान रथ के माध्यम से जिले सहित प्रमंडल के गांव-गांव जाकर संयोजक मंडली के सभी कार्यकर्ताओं द्वारा सादर आमंत्रित किया जा रहा है। जगह-जगह नुक्कड़ सभा कर के ओबीसी भाइयों को पलामू चलने का आग्रह किया जा रहा है। संयोजक मंडल के अजय वर्मा ने कहा कि मैं भी आप सभी से आग्रह करता हूं कि अभी समय एकता होने की जरूरत है, आप जानते है कि आजादी से अभि तक ओबीसी समाज को एक साजिश के तहत आरक्षण समाप्त कर दीया गया। सरकार केवल वोट बैंक के रुप में ओबीसी समाज को यूज करती है। ओबीसी समाज के बारे में कोई विधायक सदन में बात को नहीं रखा यह दुर्भग की बात है। अब सभी ओबीसी भाइयों को जागने की आवश्कता, साथ ही सभी से आग्रह किया कि 11 फरवरी को पलामू के शिवाजी मैदान में अधिक से अधिक संख्या में जुटे और इस महासम्मेलन को सफल बनायें, ताकि पिछड़ा समाज का उत्थान हो सके। कार्यकम की अध्यक्षता अख्तर अंसारी ने किया। मौके पर कपिल राउत, प्रहलाद चौधरी, बिमलेश गुप्ता, राजू विश्वकर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

## ओबीसी आरक्षण में सीधा 13% की हकमारी हो रही है: वीरेंद्र साव



गढ़वा। पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता और अधिकार मंच पलामू प्रमंडल के संयोजक मंडल के सदस्य वीरेंद्र साव, विकास कुमार चंद्रवंशी, राजकुमार साह ने मेराल, तेनार, सोहबरिया, लातदाग, गोंदा, बाना, हासनदाग, चामा पेस्का दुलदुल्वा सहित मेराल प्रखंड के विभिन्न गांवों में जाकर 11 फरवरी को डाल्टनगंज शिवाजी के मैदान में होने वाले महासम्मेलन आमंत्रण लोगों के बीच में जाकर दिया गया। उक्त भ्रमण के क्रम में हासनदाग में एक नुक्कड सभा को संबोधित करते हुऐ वीरेंद्र साव ने कहा कि पिछले 24 वर्षो से झारखंड में ओबीसी समाज का आरक्षण में सीधा 13% का हकमारी होते आ रहा है। अब ओबीसी के लोग बर्दास्त नही करेंगे। समाज अपना हक लेकर रहेगा आप सबसे अपील है कि भारी संख्या में डाल्टनगंज शिवाजी के मैदान में पहुंच कर महासमेलन को सफल बनावें। विकास चंद्रवंशी ने कहा कि न्यायपालिका कार्यपालिका सहित सभी क्षेत्रों में हमारी हक छीना जा रहा है शिक्षा में भी हमारी भागीदारी 52% आरक्षण लागू हो। जातीय जनगन्ना यथाशीघ्र करायी जाये। नुक्कड़ सभा का संचालन राजकुमार साह ने किया।

## नहीं रहे मेराल हाई स्कूल के भूतपूर्व हेड मास्टर ललन प्रसाद श्रीवास्तव, लोगों ने जताया शोक



मेराल। हाई स्कूल के पूर्व प्रधानाध्यापक अंग्रेजी के शिक्षक ललन प्रसाद श्रीवास्तव का असामयिक निधन बुधवार को प्रातः 4 बजे हृदय गति रुक जाने से हो गया। इनकी निधन से शिक्षा के क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है। 2003 में सेवानिवृत्त हुए ललन प्रसाद श्रीवास्तव का मेराल हाई स्कूल में बड़ा योगदान रहा है। एक पैर से दिव्यांग होने के बावजूद उन्होंने कड़ी मेहनत और संघर्ष के बदौलत 1970 के दशक में प्रखंड मुख्यालय के इकलौता हाई स्कूल को एक नया मुकाम दिया था। श्री बंशीधर नगर अनुमंडल क्षेत्र के जोरमा गांव निवासी ललन प्रसाद श्रीवास्तव मेराल हाई स्कूल में 1971 में योगदान दिया था और यहीं से सेवानिवृत्त भी हुए थे। असहाय तथा जरूरतमंदों की सहायता करना उनकी दिनचर्या सी थी। सेवानिवृत्त होने के बाद भी व्यवहार कुशलता से वे पंचायत में लोकप्रिय थे, जिसकी वजह से 2015 में हुए पंचायत चुनाव में अपने पुत्र प्रकाश कुमार अरुण को मुखिया बनने में कामयाबी मिली थी। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय सरस्वती नदी स्मशान घाट पर किया गया। इनके निधन की खबर पर चिकित्सा पदाधिकारी सह समाज सेवी डॉ अनिल साह, पूर्व जिप सदस्य संजय भगत, मेराल पूर्वी के मुखिया रामसागर महतो, बीडीसी कृष्णदेव प्रजापति, नंदू प्रजापति, विजयमल साहू, प्रमोद प्रसाद, विकास दुबे, पूर्व मुखिया देवी शरण सहित संख्या में लोग पहुंच कर उनका अंतिम दर्शन किया तथा गहरी शोक संवेदना प्रकट की।

## हृदयगति रुकने से पार्वती देवी की मृत्यु



कांडी (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के रामबांध गांव निवासी सागर पाल की 50 वर्षीय पत्नी पार्वती देवी की मृत्यु मंगलवार की रात्री में हृदयगति रुकने से हो गयी। अंतिम संस्कार बुधवार को कोयल नदी के घाट पर किया गया। परिजनों ने बताया कि वह खेत की ओर से अपनी गाय को लेकर घर आ रही थी कि अचानक चक्कर खाकर रास्ते में गिर पड़ी। मौके पर ही मृत्यु हो गयी। लेकिन परिजनों के द्वारा आत्मसंतुष्टि के लिए इलाज के लिए रेफरल अस्पताल मझिआंव लेकर गये, जहां पर डॉक्टर ने जांचोपरांत मृत घोषित कर दिया।

## फाइलेरिया जागरूकता कार्यक्रम ज्ञान निकेतन कान्वेंट स्कूल में



गढ़वा (आजाद सिपाही)। फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत आज ज्ञान निकेतन कांवेंट स्कूल में छात्र-छात्राओं के बीच स्वास्थ्य विभाग की ओर से एमडीए को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं को विस्तार पूर्वक फाइलेरिया के बारे में जानकारी दी गयी। इस अवसर पर पीसीआई संस्था के जिला समन्वयक आनंद प्रसाद ने कहा कि फाइलेरिया रोग संक्रमित मादा क्युलेक्स मच्छर के काटने से होता है। यह एक संक्रामक रोग है और पैरों और हाथों में सूजन होना इसके मुख्य लक्षण है। उन्हें एमडीए चक्र के दौरान आगामी 10 से 25 फरवरी 2024 तक फाइलेरिया से रोकथाम के लिए खिलाये जाने वाली फाइलेरिया रोधी दवा डीईसी और एल्बेंडाजोल की गोली सेवन करने के लिए शपथ दिलायी गयी। इस मौके पर स्कूल के प्राचार्य बसंत ठाकुर और सभी शिक्षक गण और काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## नवोदय में नामांकन के लिए परीक्षा दस को



प्राचार्य भुवनेश्वर

गढ़वा (आजाद सिपाही)। जवाहर नवोदय विद्यालय में सत्र 2024-25 में वर्ग नवम और 11वीं में नामांकन को लेकर 10 फरवरी को परीक्षा का आयोजन किया गया है। स्कूल के प्राचार्य भुवनेश्वर साह ने कहा कि 10 फरवरी दिन शनिवार को होने वाली पार्श्व चयन प्रवेश परीक्षा नवम और एकादश में नामांकन हेतु संबंधित अभ्यर्थियों का परीक्षा केंद्र जवाहर नवोदय विद्यालय अन्नराज, नवाडीह में बनाया गया है। उन्होंने कहा कि नवम वर्ग में कुल 129 परीक्षार्थी और 11वी के लिए 104 अभ्यर्थी परीक्षा में बैठेंगे। परीक्षा प्रभारी शिक्षक अजीत कुमार को बनाया गया है। सभी परीक्षार्थी से 10 बजे पूर्वाह्न तक परीक्षा केंद्र पर पहुंचने की अपील की गयी है।

## श्री शिव शक्ति महायज्ञ विधि-विधान के साथ संपन्न

सगमा (आजाद सिपाही)। भैया रूद्र प्रताप देव उच्च विद्यालय सगमा के प्रांगन में आयोजित श्री शिव शक्ति महायज्ञ विधि-विधान के साथ बुधवार को समापन हुआ। यज्ञ के अंतिम दिन वेद मंत्रोच्चारण की गूंज व भक्तिमय वातावरण के बीच राधे बोलो राधे जी महाराज समेत ग्यारह पंडित के नेतृत्व में पूर्ण विधान से देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना तथा हवन का आयोजन किया गया। प्राचीन काल में ऋषि-मुनि व राजा-महाराजाओं ने यज्ञ उपासना के माध्यम से ही अतुल शक्ति प्राप्त कर अपने-अपने इष्ट की सिद्धि प्राप्त की। सामवेद में कहा गया है कि यज्ञ करने से ही देवताओं को देवत्व की प्राप्ति हुई। सौ यज्ञ करने के कारण ही इंद्र को इंद्रासन मिला। इस शिव शक्ति महायज्ञ यज्ञ के सफल आयोजन में हरिदास यादव, मनोज दुबे, रामाधार दुबे, गोवर्धन यादव, देवचंद यादव, बसंत पाल, मंगलेश यादव, सूरज पासवान, चंद्रकात यादव, मुकेश यादव अरुण यादव, प्रमोद यादव, किरानी सहित सगमा यज्ञ कमिटी पूरी निष्ठा से यज्ञ सफल बनाने को लेकर जुटे रहे।

# विधायक ने लावाचांपा गांव में सड़क का किया शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरडीहा।** प्रखंड क्षेत्र के राजकीय कृत प्राथमिक विद्यालय लावाचांपा के समिप भारतीय जनता पार्टी के विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी के कर कमलों द्वारा करोड रुपये की लागत से बनने वाली मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत मझिगवां से बरछाबांध होते हुए लावाचाम्पा तक 3.76 किलोमीटर पथ विशेष मरम्मती कार्य का शिलान्यास किया गया। विद्यालय के प्रांगण में लगे कार्यक्रम स्थल में सैकड़ो से अधिक महिला और पुरुष शामिल हुए। साथी जतरोबंजारी पंचायत के कांग्रेस पार्टी के छोड़ करके फुजल अंसारी, जाकिर अंसारी, सलीम अंसारी, गुलाम सरवर अंसारी, हसन अंसारी, कासुद्दीन अंसारी, नसीम आलम, गुलाम रब्बानी अंसारी ने भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए और प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में फूल वाला पहना कर पार्टी में स्वागत किया गया। मौके पर प्राथमिक विद्यालय लावाचांपा के चार दीवारी निर्माण को लेकर आवेदन सौंपा। मौके पर जिला परिषद सदस्य अर्चना प्रकाश, अरविंद राम सोमनाथ राम इनके साथ कई सैकड़ों से अधिक ग्रामीण जनता उपस्थित थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, रामगढ़**

ई–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई–अल्पकालीन निविदा संख्या:- **21/2023-24/RWD/RAMGARH** दिनांक :- **07.02.2024**

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रामगढ़ द्वारा जिला योजना अनावद्ध निधि मद अन्तर्गत निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या | प्रखण्ड का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/ RAMGAR H/ 021/2023-24/ Anabadh | पतरातु | रिभर साईड बिरसा मुण्डा (Work Shop)से जुबली कॉलेज मोड़ तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। (500 मी0) | 5943100.00 | उन्सठ लाख तैतालीस हजार एक सौ रू0 | 3 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 10.02.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 24.02.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 26.02.2024 अपराह्न 11.30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल, रामगढ़, नयानगर, घुटुवा, बरकाकाना, रामगढ़ झारखण्ड, पिन– 829103
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 06553254005

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रामगढ़।

PR.NO.318221 Rural Work Department(23-24):D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा।**
सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114
Email :- eedwsd.garhwa1@gmail.com

ई–प्रोक्योरमेंट अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

**2nd Call**

अति अल्पकालिन निविदा सूचना संख्या–**DWSD/GAR-18/2023-24**दिनांक–07.02.2024

1 Name of work :- Construction of 125/115 mm dia with 70m/90m/120m mtrs deep drilled tube well with installation of india mark II (IS 15500 Part-2/2004) Hand Pump with 32 mm dia GI Medium class riser pipe by Truck mounted DTH RIG Machine with 125mm dia blue casing UPVC pipe with drain, platform on "Turnkey basis" under D.W & S. Divison, GArhwa for the Year 2023-24

| क0 सं0 | ग्रुप संख्या | ड्रिल्ड नलकूपों की संख्या | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | GAR/DT/70 mtr-01 | 50 Nos | 44,58,870.00 | 90,000.00 | 5,000.00 | 90 Days |
| | GAR/DT/90 mtr-10 | 45 Nos | 45,53,369.00 | 92,000.00 | 5,000.00 | 90 Days |
| | GAR/DT/90 mtr-11 | 45 Nos | 45,53,369.00 | 92,000.00 | 5,000.00 | 90 Days |
| | GAR/DT/90 mtr-12 | 45 Nos | 45,53,369.00 | 92,000.00 | 5,000.00 | 90 Days |
| | GAR/DT/90 mtr-14 | 45 Nos | 45,53,369.00 | 92,000.00 | 5,000.00 | 90 Days |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय– | | **09.02.2024** समय **02:00** बजे अपराहन् तक |
| 3 | निविदा प्राप्ति (ऑनलाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय | | **19.02.2024** समय **05:00** बजे अपराहन् तक |
| 4 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई0 गवर्नेस,झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.23 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | – | **19.02.2024** समय **05:00** बजे अपराहन् तक |
| 5 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय | – | **20.02.2024** समय **04.00** बजे अपराहन् |
| 6 | तकनीकी बिड खोलने का स्थान | – | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, गढ़वा। |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम | - | ई0 प्रदीप कुमार सिंह, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, गढ़वा। |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन नं0 – 9973003856 | | |
| 9 | ई– प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन सं0 – 0651–2490920 | | |

नोट – (i) केवल ई–निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
(ii) अधिक जानकारी के लिए वेवसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, गढ़वा।

PR 318203 Drinking Water and Sanitation(23-24)D

**कार्यालय उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, खूँटी**
(खनन शाखा)
email- dmo-khunti@jharkhandmail.gov.in

**बालू एवं पत्थर खनिज के अवैध उत्खनन/परिवहन संबंधी मामले में जप्त राजसात वाहनों के नीलामी हेतु आम सूचना।**

एतद् द्वारा द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि खूँटी जिलान्तर्गत बालू एवं पत्थर खनिज के अवैध परिवहन/भण्डारण संबंधी मामलें में जप्त वाहनों का "The Jharkhand Minerals (Prevention of Illegal Mining, Transportation and Storage) Rules, 2017" के नियम 11 (V) के तहत् राजसात /नीलामी की कार्रवाई हेतु माननीय न्यायालय, उपायुक्त–सह– जिला दण्डाधिकारी, खूँटी में दायर निम्नांकित राजसात वादों में माननीय न्यायालय द्वारा पारित आदेश के आलोक में निम्नलिखित राजसात वाहनों का आम नीलामी दिनांक 19.02.2024 को समय 11:00 बजे पूर्वाहन् में उपायुक्त महोदय, खूँटी द्वारा गठित समिति के द्वारा जिला समाहरणालय के सभागार कक्ष में सम्पन्न की जायेगी।
जप्त राजसात वाहनों का विवरण, लोक नीलामी की प्रक्रिया एवं शर्त निम्नवत् है:–

| क्र० सं० | राजसात वाद सं० | संबंधित थाना | वाहन निबंधन संख्या | वाहन का प्रकार एवं निर्माण वर्ष | वाहन का अनुमानित न्युनतम सुरक्षित राशि/ अनुमानित न्युनतम बाजार मुल्य | सुरक्षित जमा राशि का 10% प्रतिभूति/अग्रधन राशि | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 01R28/2023 | खूँटी | JH01EG 6013 | Hywa 2021 | 19,41,407 | 1,94,141 | |
| 2 | | खूँटी | JH01EF 1333 | Hywa 2020 | 22,14,190 | 2,21,419 | |
| 3 | | कर्रा | OD14R 4650 | Hywa 2019 | 18,08,500 | 1,80,850 | |
| 4 | | कर्रा | JH01CB 9723 | Hywa 2016 | 9,69,500 | 96,950 | |
| 5 | | कर्रा | JH01CY 5671 | Hywa 2022 | 41,87,695 | 4,18,770 | |
| 6 | 02R28/2023 | खूँटी | JH06K 9836 | Tractor 2017 | 3,50,000 | 35,000 | |
| 7 | | कर्रा | JH01DL 6473 | Hywa 2019 | 14,15,396 | 1,41,540 | |
| 8 | | मुरहू | JH01AD 1160 | Turbo 2010 | 3,50,000 | 35,000 | |

उपरोक्त जप्त राजसात वाहन जहाँ एवं जिस स्थिति में उसी स्थिति के आधार पर नीलामी / बिक्री हेतु निविदा आमंत्रित की जा रही है।

**नियम एवं शर्तें :–**

1. नीलामी का आधार "वाहन जो जहाँ है जैसा है" होगा। भौतिक रूप से उपलब्ध वाहन की स्थिति या वाहन का कागजात जिस स्थिति में होगा उसी में देय होगा, इसके विरूद्ध किसी प्रकार का दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।
2. वाहन की नीलामी हेतु डाक में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति /संस्था को वाहन का न्यूनतम् निर्धारित सुरक्षित जमा राशि का 10% प्रतिभूति /अग्रधन की राशि जमा करना अनिवार्य होगा।
3. वाहन की नीलामी हेतु डाक में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति /संस्था को वाहन का न्यूनतम निर्धारित सुरक्षित जमा राशि का 10% प्रतिभूति/अग्रधन की राशि नीलामी तिथि से दो दिन पूर्व कार्यालय अवधि में जिला खनन पदाधिकारी, खूँटी के पदनाम से रेखांकित बैंक ड्राफ्ट एवं अन्य आवश्यक कागजात के साथ जमा करना अनिवार्य होगा, अन्यथा व्यक्ति /संस्था को डाक में भाग लेने से वंचित कर दिया जायेगा।
4. नीलामी में सफल डाकवक्ता की प्रतिभूति /अग्रधन रकम को छोड़कर अन्य डाकवक्ता द्वारा जमा प्रतिभूति /अग्रधन राशि के बैंक ड्राफ्ट को नियमानुसार वापस कर दिया जायेगा।
5. नीलामी में बोली गयी उच्चतम डाक की राशि में से जमा किये गये प्रतिभूति राशि 10% को छोड़कर शेष राशि डाक की समाप्ति पर 10 कार्य दिवस के अन्दर ऑनलाईन के माध्यम से उच्चतम डाकवक्ता द्वारा जमा करना होगा साथ ही उच्चतम डाक की राशि के अतिरिक्त नियमानुसार GST भी जमा करना होगा, अन्यथा उच्चतम डाकवक्ता को भविष्य में नीलामी में भाग लेने से वंचित कर दिया जायेगा तथा 10% जमा प्रतिभुति/अग्रधन की राशि को जब्त कर लिया जायेगा।
6. नीलामी में सफल डाकवक्ता द्वारा पूर्ण राशि के भुगतान में असफल रहने की स्थिति में दूसरे नम्बर के डाकवक्ता को उच्चतम डाक की राशि पर सहमति हेतु प्रस्ताव दिया जायेगा एवं उनके समर्थन या स्वीकार होने की स्थिति में यह नीलामी उनके पक्ष में घोषित किया जायेगा।
7. नीलामी के उपरान्त उच्चतम डाक की राशि के पूर्ण भुगतान के पश्चात् ही सफल डाकवक्ता के पक्ष में नियमानुसार आदेश, सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत किया जायेगा।
8. उक्त वाहन संबंधी आदेश निर्गत होने की तिथि से एक माह के अंदर अनिवार्य रूप से वाहनों को अपने अधिकार में लेना होगा। नीलामी किये गये वाहन का पूरी जिम्मेवारी नीलामीधारी की होगी तथा भुगतान की गयी राशि के विरूद्ध नीलामीधारी द्वारा किसी भी प्रकार का दावा/कटौती मान्य नहीं होगा।
9. अन्य शर्त एवं प्रावधानों/परिवहन नियमों के अनुसार होगा।

कार्यालय अवधि में, दिनांक 08.02.2024 से दिनांक 17.02.2024 तक समय 03:00 बजे अपराहन् तक जिला खनन कार्यालय, खूँटी में आवेदन दाखिल कर सकते हैं। आवेदन के साथ निम्नांकित वांछित कागजात स्वअभिप्रमाणित कर संलग्न करना होगा –

i. सुरक्षित जमा का 10% राशि निर्धारित प्रतिभूति रकम के रूप में जिला खनन पदाधिकारी के नाम से बैंक ड्राफ्ट।
ii. आयकर रिटर्न की छायाप्रति।
iii. पासपोर्ट साईज फोटों की दो प्रति।
iv. आधार कार्ड, पैन कार्ड, पहचान पत्र की छायाप्रति ।
v. आवेदन के साथ इस आशय का मूल शपथ–पत्र जमा करना होगा कि अवैध खनन/ परिवहन/भण्डारण आदि में कहीं भी मामला दर्ज ना हो तथा किसी भी विभाग द्वारा उनका नाम/ संस्था का नाम काली सूची में दर्ज नहीं हो।

नोट :– निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी के लिए जिला खनन कार्यालय, खूँटी में किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क किया जा सकता है।

ह०/–
उपायुक्त, खूँटी

PR 318163 Mines and Geology (23-24)_D

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 08 फरवरी, 2024
www.azadsipahi.in


## कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

राहे (आजाद सिपाही)। प्रखंड के मध्य विद्यालय राहे के परिसर में बीआरसी स्तर में रसोइया के बीच कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। सीआरसी स्तर में चयनित 5 संकुल के रसोइयों ने प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत स्कूल में दैनिक मेनू के आधार पर भोजन बनाये।रसोइयों द्वारा बनाये भोजन को कमिटी के द्वारा परीक्षण के बाद स्वाद के लिए खाया गया। बीपीओ प्रवीण कुमार, चिकित्सा प्रभारी मेरी टोप्पो, सीआरपी जगन्नाथ मुखर्जी, शिक्षक विष्णु बैठा,स्कूल के बाल सांसद प्रधानमंत्री खुशबू कुमारी, स्वास्थ्य मंत्री लक्ष्मी कुमारी,पोषण मंत्री हेमंत महतो के द्वारा प्रथम स्थान सीआरसी जाराडीह तथा द्वितीय स्थान सीआरसी राहे को मिला।

## मतदाता सूची एसडीओ के द्वारा निरीक्षण किया गया

तमाड़ (आजाद सिपाही)। बुंडू अनुमंडल के तमाड़ क्षेत्र के सुदूरवर्ती गांव बासुकोचा मुकरूमडीह आरहंगा गांव के बूथ केंदो में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को लेकर बुंडू एसडीओ संदीप अनुराग टोपनो के द्वारा निरीक्षण किया गया। ज्ञात हो कि आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य जोर शोर से चलाया जा रहा है।

# केंद्र में भाजपा की ही सरकार बनेगी : कड़िया मुंडा

## राहुल गांधी के झारखंड दौरे से कांग्रेस को कोई फायदा होनेवाला नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता


कड़िया मुंडा

**खूंटी।** भाजपा के दिग्गज नेता और खूंटी से आठ बार सांसद रहे पद्मभूषण कड़िया मुंडा ने कहा कि विपक्ष लाख कोशिश कर ले, लेकिन 2024 में केंद्र में भाजपा की ही सरकार बनेगी। पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लहर चल रही है। उन्हें हरा पान फिलहाल संभव नहीं है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की झारखंड में हुई भारत जोड़ो न्याय यात्रा के संबंध में पूछे जाने पर लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष मुंडा ने कहा कि राहुल गांधी के झारखंड दौर से कांग्रेस को कोई फायदा होनेवाला नहीं है। उन्होंने कहा कि सिर्फ बड़े नेताओं के आने से चुनाव नहीं जीता जा सकता। हां इतना जरूर है कि बड़े नेताओं के आने से कार्यकताओं में उत्साह का संचार होता है और काम करने के लिए उन्हें संजीवनी मिलती है। उन्होंने कहा कि सिर्फ बड़े नेताओं को बुलाने से ही चुनाव जीता जाता, तो सभी पार्टी अपने बड़े नेता को बुलाकर चुनाव जीत लेती। पद्मभूषण कड़िया मुंडा ने कहा कि राहुल गांधी के झारखंड दौरे से आसन्न लोकसभा चुनाव पर कोई असर पड़ने वाला नहीं है। यहां की आदिवासी जनता जिसको चुनेगी, वही दिल्ली जाएगा। राहुल गांधी के खूंटी दौरे पर कटाक्ष करते हुए लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष मुंडा ने कहा कि कांग्रेस कुछ भी कर ले, लेकिन इसका कोई लाभ उसे लोकसभा चुनाव में कोई फायदा नही है। बुधवार को अपने अनिगड़ा बातचीत करते हुए कड़िया मुंडा ने कहा कि कांग्रेस अपने संगठन और काम के बल पर आज तक चुनाव नहीं जीती है। खूंटी सीट पर कांग्रेस ने दो बार जरूर जीत दर्ज की थी एक बार साइमन तिग्गा और एक बार सुशीला केरकेट्टा ने जीत दर्ज की थी। उन्होंने कहा दोनों ही जीत सहानुभूति के कारण हुई थी।

इंदिरा गांधी की हत्या के बाद साइमन जीते थे और राजीव गांधी की हत्या स उपजी सहानुभति का लाभ कांग्रेस कोि मला था। उन्होंने कहा कि खूंटी में भाजपा का किला काफी मजबूत है। खूंटी के आदिवासी अपने नेताओं से नाराज तो होते हैं, लेकिन जल्द ही भूल जाते हैं। उन्होंने कहा कि किसी के नेता के आने-जाने से वोट मिलता है, यह गलत है। कड़िया मुंडा ने कहा कि राहुल बेचारा क्या करेगा, पूरी मिशनरी परेशान है। डिलिस्टिंग को लेकर रांची में भी रैली हुई लेकिन सफल नहीं हुई। उन्होंने कहा कि डिलिस्टिंग के मुद्दे को जिस तरह से मीडिया हवा बन रहा है, वह गलत है। मिशनरियों को डर सताने लगा है कि अब वे क्या करेंगे और कहां जाएंगे। इसलिए राहुल की शरण में जा रहे हैं। कांग्रेस के लिए सॉफ्ट कॉर्नर बने मिशनरी के पास करने के लिए कुछ नहीं बचा है। कड़िया मुंडा ने कहा कि अगर कांग्रेस डिलिस्टिंग के मामले पर कुछ बोलती है, तो उसका सीधा फायदा भाजपा को मिलेगा। कांग्रेस जितना इसका विरोध करेगी, उतना ही लाभ भाजपा को होगा और यदि वह इस मुद्दे पर चुप रहती है, तो शायद कांग्रेस को कुछ फायदा हो जाए। कड़िया मुंडा का दावा है कि धर्मांतरण करने वाले आज कहने लगे हैं कि हुए वे हम लोगों का ही हिस्सा का फायदा उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बड़ी संख्या में लोगों का धर्मांतरण किया गया है। फिलहाल भाजपा ने तो डिलिस्टिंग करने की बात कही है और अभी से ही विशेष समुदाय के लोगों को तकलीफ होने लगी है। उन्होंने कहा कि मिशनरी समुदाय जितना मामले का विरोध करेगा, उतनी परेशानी और फजियत उनकी होगी।

हेमंत सोरेन पर टिप्पणी करते हुए कड़िया मुंडा ने कहा कि हेमंत दावा करते हैं कि उनके पिता शिबू सोरेन ने अलग राज्य की लड़ाई लड़ी और झारखंड मिला। कड़िया ने कहा कि उनके पिता ने झारखंड की लड़ाइ तो कभी लड़ी, नहीं झारखंड आंदोलन के बेचा जरूर है। उसके बाद भी कहते हैं कि उनके पिता झारखंड के लिए लड़ाई लड़ी। उन्होंने कह कि इनका चरित्र ही है कि वे दूसरे की कमाई को अपनी कमाई बताते हैं। उन्होंने कहा कि भारत लोकतांत्रिक देश है, यहां बोलने का सबको अधिकार है, इसलिए बोलने दीजिए।

## मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने तीन परिवारों को खाद्य सामग्री देकर मदद की


लपरा में मृतक परिवार से मिलते अब्दुल्ला अंसारी।

खलारी(आजाद सिपाही)। मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने प्रखंड के तीन परिवार को खाद्य सामग्री देकर सहयोग किया। खलारी के चुरी दक्षिणी पंचायत करंजतोरा गांव निवासी स्वर्गीय महाबीर मुंडा, महाबीर नगर खलारी निवासी स्वर्गीय विक्की उरांव तथा लपरा निवासी बैजनाथ महतो इन सभी लोगों का तीन दिन पहले मृत्यु हो गया था। तीनो परिवारों को मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने श्राद्ध के लिए खाद्य सामग्री दिया। अंसारी ने लपरा निवासी बैजनाथ महतो जिसका मृत्यु तीन दिन पूर्व मनरेगा कुआँ का खुदाई के क्रम में चाल धंसने से हो गया था। अंसारी ने मतृक के परिवार वालों से मिलकर उपायुक्त से लाभ दिलाने का बात कहा। अंसारी ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए सभी को आगे भी हर संभव मदद करने का आष्वासन दिया।

## खलारी बाजारटांड शिव मंदिर की वर्षगांठ मनी, भंडारा का हुआ आयोजन



खलारी (आजाद सिपाही)। खलारी बाजारटांड़ स्थित शिवमंदिर की पांचवीं वर्षगांठ बुधवार को धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर 24 घंटे का अखंड-हरिकीर्तन हुआ। बुधवार की सुबह नौ बजे हरिकीर्तन व पूजन मंदिर के पुजारी अशोक मिश्रा द्वारा पूरे विधि विधान के साथ संपन्न कराया गया। अखंड समाप्ति के बाद हवन आरती किया गया। उसके बाद दोपहर एक बजे के बाद संध्या 7 बजे तक श्रद्धालुओं के बीच पूरी, सब्जी और बुंदिया महाप्रसाद का वितरण किया गया। इस आयोजन में उदय सिंह, रवि प्रकाश शर्मा, पवन गुप्ता, सत्यदेव वर्मा, ओमप्रकाश सिंह, राहुल गुप्ता, रोशन साव, डब्लू साव, रोहित गुप्ता, विक्की सिंह, राजकुमार सिंह, पूर्व मुखिया आशा देवी, राजकुमार गुप्ता, पुष्पेंद्र सिंह, विवेक मिश्रा, संतोष मिश्रा आदि लोग शामिल थे।

# जनप्रतिनिधियों को दिलायी गयी बाल विवाह मुक्त पंचायत की शपथ




आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** जिला प्रशासन, झारखंड महिला उत्थान खूंटी एवं कैलाश सत्यार्थी चाइल्ड फाउंडेशन के सहयोग से जिले में बाल विवाह मुक्त समाज के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। शिक्षा से वंचित बच्चों को चिह्नित कर उनका स्कूल में दाखिला कराने, वंचित परिवारों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने एवं बाल विवाह को रोकने के लिये पंचायत प्रतिनिधियों की जवाबदेही सुनिश्चित करने और बाल विवाह मुक्त पंचायत का निर्माण करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे इस विशेष अभियान के क्रम में बुधवार को अड़की में प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड प्रमुख, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी एवं बाल विकास परियोजना पदाधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी मेवीस मुंडू ने कहा कि यह अभियान जनहित के लिए बहुत उपयोगी साबित होगा। जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी अल्ताफ खान ने बताया कि किसी भी ग्राम पंचायत में बाल विवाह, बाल श्रम अथवा बाल यौन शोषण की घटनाएं होती है, तो आप टोल फ्री नम्बर 112 पर शिकायत कर सकते हैं। शिकायत करने वालों का नाम गुप्त रखा जाएगा। सीनी संस्था के जिला समन्वयक कुमार सौरभ ने बाल विवाह, बालश्रम और बाल यौन शोषण से संबंधित समस्याओं के समाधान में सभी के सहयोग को जरूरी बताया। जिला समन्वयक दिनेश कुमार ने अभियान के उद्देश्य पर प्रकाश डाला।

मौके पर अपने गांव, पंचायत, प्रखंड एवं जिला को बाल विवाह से मुक्त बनाने की शपथ ली गई। कार्यक्रम में अड़की प्रखंड अंतर्गत विभिन्न पंचायतों के मुखिया, चाइल्ड लाइन खूंटी के सदस्य सहित झारखंड महिला उत्थान खूंटी के कर्मी शामिल हुए।

# 16 से होने वाले बचरा साइडिंग को लेकर मजदूरों ने की मीटिंग

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा साइडिंग में यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के नेतृत्व में असंगठित मजदूरों ने गेट मीटिंग किया। इस गेट मीटिंग में असंगठित मजदूरों की विभिन्न मांगों को लेकर 16 फरवरी से बचरा साईडिंग में होने वाले हड़ताल को सफल बनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक के दौरान सभी असंगठित मजदूरों ने एक स्वर में इस हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान किया। बैठक मे हड़ताल को सफल बनाने को लेकर मजदूरों ने आगे की रणनीति बनायी।बैठक को संबोधित करते हुए मजदूरों ने कहा कि हाई पावर कमेटी के अनुशंसा के बावजूद बचरा साइडिंग में काम करने वाले असंगठित मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी नहीं मिल रही है।असंगठित मजदूरों को उनके हक और अधिकार से वंचित रखा जा रहा है। कई सुविधा मजदूरों को नहीं मिल रही है,जिसके कारण मजदूरों की परेशानी बढ़ गई है। प्रबंधन को मांग पत्र देने के बाद प्रबंधन द्वारा मजदूरों के साथ वार्ता किया गया,जिसमें प्रबंधन के द्वारा समय मांगा गया था,बावजूद तय समय बीत जाने के बाद भी अभी तक मजदूरों की मांगों को पूरा नहीं किया गया है। जिससे मजदूरों में आक्रोश देखा जा रहा है और मजदूरों ने 16 फरवरी से बचरा साइडिंग में बंदी की घोषणा की है। बैठक के दौरान असंगठित मजदूरों ने जमकर नारेबाजी की। इस बैठक में मुख्य रूप से मुंशी महतो,भोला महतो,टीकू कुमार, विशेश्वर गंझु,मनकु महतो, कोलेश्वर ठाकुर, जयशंकर चौधरी,चमन महतो, जितेंद्र महतो,कमला महतो,बुटन महतो सहित काफी संख्या में असंगठित मजदूर उपस्थित थे।

## ट्रक की चपेट में आने से वृद्ध महिला की मौत

ईचागढ़(आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के रुगड़ी बाजार के समीप बुधवार को एक अनियंत्रित ट्रक के चपेट में आने से एक बृद्ध महिला की मौके पर ही मौत हो गई।बृद्ध महिला की पहचान रुगड़ी गांव निवासी स्वर्गीय राम जीवन सिंह मुंडा की विधवा पत्नी बिना देवी के रूप में हुई।ग्रामीणों के अनुसार बिना देवी अपने घर से सरकारी पीडीएस दुकान राशन लाने जा रही थी, उसी समय सिल्ली तरफ से आ रही ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी,जिससे बृद्ध महिला की मौके पर ही मौत हो गई।वही गुस्साए ग्रामीणों ने मुआवजा देने और जन बहुल क्षेत्र में कम गति से वाहन चलाने के लिए करीब दो घंटा तक सड़क जाम किया।वहीं घटना की सूचना मिलते ही ईचागढ़ पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझा बुझा कर जाम खुलवाया ओर लाश को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया।

## दो परीक्षा केंद्रों में जैक की इंटर कला संकाय की हिंदी ए और अंग्रेजी ए विषय की परीक्षा संपन्न


परीक्षा देकर बाहर निकलती छात्राएं।

खलारी(आजाद सिपाही)। खलारी में बुधवार को जैक बोर्ड की दो परीक्षा केन्द्र में इंटर कला संकाय की हिन्दी ए और इंग्लिष ए विशय की परीक्षा सम्पन्न हुई। आदर्श हाई स्कूल शांतिनगर खलारी परीक्षा केन्द्र में जनता उच्च विद्यालय के कुल 256 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। जिसमें हिन्दी ए में 42 परीक्षार्थी तथा इंग्लिष ए विशय में 211 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। वहीं दूसरे परीक्षा केन्द्र जनता उच्च विद्यालय में कुल 244 परीक्षार्थियों में 241 परीक्षार्थी परीक्षा में षामिल हुए। जबकि 3 परीक्षार्थी उनुपस्थित रहे। केन्द्र में डकरा यूकेएस कॉलेज के 127 में 126 ने परीक्षा दी, एक परीक्षार्थी उनुपस्थित रहा। मैकलुस्कीगंज इंटर कॉलेज के 89 परीक्षार्थियों में 2 उनुपस्थित रहे 87 ने परीक्षार्थियों पे परीक्षा दी। वहीं झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय खलारी के 28 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। दोनों ही परीक्षा केन्द्र में स्टेटिक व जोनल दंडाधिकारियों की निगरानी में कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न हुई।

## ट्रक की चपेट में आया बाइकसवार



पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपूर स्थित महादेवगढ़ा पुल के समीप बुधवार की सुबह कोल वाहन ने एक मोटरसाईकिल सवार को अपने चपेट मे ले लिया। इस घटना मे बाईक सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे मे घायल युवक की पहचान टंडवा प्रखण्ड क्षेत्र के मंडेर गांव के चिरवा निवासी राहुल गंझू पिता नगेन्द्र गंझू के रूप मे की गई है। घटना के संबंध मे मिली जानकारी के अनुसार कोयला लदा ट्रक जेएच 02एडब्लु-4652 टंडवा के आम्रपाली से कोयला लेकर पिपरवार के रास्ते जा रहा था, वही दुसरी ओर मोटरसाईकिल संख्या जेएच 01डी-7132 से राहुल गंझू कल्याणपुर से मंडेर की ओर जा रहा था,इसी बीच तेज रफ्तार ट्रक ने महादेवगढ़ा पुल के समीप बाईक को अपनी चपेट मे ले लिया। डॉक्टरो के मुताबिक राहुल के सर में गंभीर चोट लगने से स्थिति गंभीर है। वही पुलिस ने दोनो वाहनो को कब्जे मे लेकर आगे की कारवाई शुरू कर दी है। इस घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों में भी आक्रोश देखा जा रहा है।

## हाथियों ने घरों को किया क्षतिग्रस्त, फसल को किया नष्ट

सोनाहातू (आजाद सिपाही)।थाना क्षेत्र के एदेलडीह गांव में मंगलवार की रात हाथियों के झुंड ने कालीचरण महतो के घर को ध्वस्त किया है। घर में रखे धान 25 किवंटलआलू को भी खा गए। वही जामुदाग गांव के कृष्णा कोईरी, अशोक महतो ,फनी महतो, विष्णु कोईरी, चन्द्र सिंह मुंडा, रिजू कोईरी, संदीप कोईरी के खेत मे लगे बीम,आलू, लौकी,कोभी,मटर,टमाटर आदि फसल को खाया और नष्ट कर दिया है।सूचना मिलने पर बुधवार सुबह पंचायत समिति रूप कुमार साहु गांव पहुंचे और नुकसान का जानकारी लिया। वन विभाग एवं अंचल कार्यलय को सूचना दे कर मुवाअजा देने की मांग की है। रोजना हाथियों के द्वारा फसल नुकसान से ग्रामीण काफी परेशान है।

## आजसू पार्टी ने बुके देकर डीएसपी का स्वागत किया



बुंडू(आजाद सिपाही)। बुधवार को आजसू पार्टी का एक प्रतिनिधिमण्डल नये डीएसपी रतिभान सिंह से मिला और बुके देकर स्वागत किया जिसमे आजसू पार्टी के, रांची जिला के वरीय उपाध्यक्ष राजकिशोर कुशवाहा बुंडू प्रखंड अध्यक्ष हरिहर महतो आदि उपस्तिथ थे।

# बीआरसी खलारी में प्रखंड स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** बीआरसी खलारी में बुधवार को प्रखंड स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजित प्रतियोगिता में कुल छह टीमों ने भाग लिया। जिनमें संकुल राय से राजकीय प्राथमिक विद्यालय डुण्डु और उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय दहराटांड़, संकुल डकरा से उत्क्रमित मध्य विद्यालय महावीरनगर और नवसृजित प्राथमिक विद्यालय गुलजार बाग, संकुल हेसालौंग से उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बघमरी और संकुल खलारी से राजकीय मध्य विद्यालय खलारी के सभी रसोइयों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता में सभी टीम द्वारा अनेकों प्रकार के व्यंजनों बनाया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडली द्वारा विभिन्न मापदण्ड के आधार पर प्रथम स्थान पर उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय दहराटांड़ और द्वितीय स्थान पर नवसृजित प्राथमिक विद्यालय गुलजार बाग का चयन किया गया। इस मौके पर शिक्षक मनोज कुमार, उतरा कुमार, गिरधर मिश्रा, सुमन सिंह, रंथू साहू, रूबी एक्का, राजेष कुमार आदि उपस्थित थे।

## सम्यक ज्ञान निकेतन ट्रस्ट की बैठक


बैठक के दौरान उपस्थित ट्रस्ट के लोग।

खलारी(आजाद सिपाही)। सम्यक ज्ञान निकेतन ट्रस्ट की बैठक साईंनगर बुकबुका पंचायत में बुधवार को मनोज भुईयां की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन गणेष भुईयां ने किया। बैठक में सर्वप्रथम बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर की धर्मपत्नी माता रामाबाई की पुण्यतिथि श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए मनोज भुईयां ने कहा कि सभी सदस्यों के सहयोग तथा डॉ.अमर कुमार चैधरी के नेतृत्व में सम्यक ज्ञान निकेतन ट्रस्ट का पंजीयन करा लिया गया है, पंजीयन नम्बर 2024/आरएएनआर/बीके4/38 है। वहीं सचिव गणेष भुईयां ने कहा कि सम्यक ज्ञान निकेतन ट्रस्ट के द्वारा षिक्षा, स्वास्थ्य, कृशि, विस्थापन की समस्या, महिला सषक्तिकरण तथा सामाजिक विकास के लिए जनसहयोग से रचनात्मक कार्य किया जाएगा। साथ ही ट्रस्ट में सदस्यों को जोड़ा जाएगा तथा जिला स्तरीय एवं प्रखण्ड स्तरीय कमिटी का भी गठन किया जाएगा। षंभुनाथ गंझू ने कहा कि सम्यक ज्ञान निकेतन कोयलांचल में नफरत रूपी नदी के उपर प्रेम का सेतु बनाने का काम करेगा। जिसमें सभी जाति धर्म का सहयोग होगा। बैठक में मनोज भुईयां, गणेष भुईयां, षंभुनाथ गंझू, मनीश भुईयां, दीलिप तुरी, रमेष गंझू, ष्यामजी महतो, विजय गंझू, चामू तुरी, रवीन्द्रनाथ चैधरी, देव मुंडा, अषोक राम, जितेन्द्र सिंह, भोला राम, सुरेन्द्र राम, रेषमी मुंडा, संगीता खलखो, संध्या देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# स्वच्छ और भ्रष्टाचार मुक्त सरकार बनाने का संकल्प लें: कोचे मुंडा

## विधायक ने किया सामुदायिक भवन का उदघाटन, कलश यात्रा में हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** विधायक कोचे मुंडा ने बुधवार को अपने विधानसभा क्षेत्र के हाटिंगहोड़े में विधायक मद से बने सामुदायिक भवन का फीता काटकर उद्घाटन किया। इसकें पूर्व विधायक गौरीशंकर मंदिर के समारोह के दौरान आयोजित कलश यात्रा और संकीर्तन में शामिल हुए। मौके पर विधायक ने कहा कि सनातन संस्कृति की एकता और मजबूती के कारण आज भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ है। आज केंद्र की मोदी सरकार विकसित भारत की संकल्प के साथ काम कर रही है। उनका उद्देश्य है कि देश की महिलाओं को सशक्त कर दो करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य है। साथ ही नल जल योजना के माध्यम से सुदूर गावों तक शुद्ध पेयजल उप्लब्ध करने की दिशा में मोदी सरकार कार्य कर रही है, लेकिन राज्य सरकार की उदासीनता और भ्रष्टाचार के कारण आज इस योजना का भी क्रियान्वयन सही ढंग से नही हो पा रहा है। राज्य सरकार के लोग पूरी तरह से भ्रष्टाचार में संलिप्त है और अवैध रूप से खनिज संपदा तथा जमीन की लूट में लगे हुए है। इसके कारण राज्य के पूर्व मुखिया आज सलाखों के पीछे हैं। इसलिए जनता सब देख रही है और हम सभी का नैतिक दायित्व है कि आनेवाले समय मे देश मे पुनः मोदी सरकार स्थापित करने में अपना अहम योगदान दें। साथ ही राज्य में भी स्वच्छ और भ्रष्टाचार से मुक्त भाजपा की सरकार बनाने का संकल्प ले।

मौके पर हुरदा मंडल अध्यक्ष ओमीन सिंह, शंकर सिंह, धाधु ओहदार, शिबू ओहदार, उमेश चंद्र साहू, देवेंद्र स्वासी, अर्जुन साहू, जलंधर कोटवार, संदीप नाग, सहित कई ग्रामीण और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गांव चलो अभियान के तहत कार्यशाला का हुआ आयोजन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नामकुम।** भाजपा खिजरी मंडल अंतर्गत गांव चलो अभियान कार्यक्रम के तहत खिजरी मंडल के सभी पंचायत (शक्ति केंद्र) के प्रवासी एवं बूथ संयोजकों की बुधवार को एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित हुआ। जिसकी अध्यक्षता खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा ने की। कार्यशाला में खिजरी मंडल के सभी पंचायत ( शक्तिकेंद्र) के संयोजक एवं सभी बूथ संयोजक शामिल हुए। इस दौरान भाजपा रांची ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो, प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर, पूर्व विधायक आरके पहान, जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल बड़ाईक, मंडल प्रभारी सुधाकर चौबे ने कार्यकर्ताओं के बीच अपनी बात रखी। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री गोरखनाथ सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन गांव चलो अभियान के संयोजक रामावतार केरकेट्टा ने किया। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, शंकर सिंह मुंडा, गोपाल चौधरी, रमेश लकड़ा प्रकाश मंडा, सूर्यकांत मुंडा, प्रज्ञा भारती, राजू लकड़ा, विजेंद्र राय, समीर राय, संजय सिंह, रितेश उरांव, अंजलि लकड़ा, हरीश कुमार गंझू, सरोज राय, संतोष पांडा, जीतन देवी, सोहराई पहान, मोनू मिश्रा, मुन्ना बड़ाईक, रामसहाय मुंडा, नरेश साहू, सुजीत सिन्हा, सुबोध सिंह टनटन और प्रेम आदि उपस्थित थे।

# ओरमांझी में बाल पत्रकार कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**ओरमांझी।** चकला राजकीयकृत मध्य विद्यालय में बुधवार को बाल पत्रकार कार्यक्रम के तहत वर्ग 6 से 8 के बच्चों के बीच प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बाल अधिकार, बाल विवाह, बाल मजदूरी, पोषण, बाल तस्करी, टीकाकरण, यातायात नियम के पालन करना, कानून एवं अधिनियम, शिक्षा, जलवायु परिवर्तन से संबंधित कई प्रश्न पूछे गए। जिसमें अधिकतर सवालों का जवाब देकर प्रथम स्थान नेहा कुमारी, द्वितीय स्थान सीता कुमारी और तृतीय स्थान सैफी ने प्राप्त किया। इस अवसर पर उपस्थित अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष सतीश बड़ाईक, विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षिका आशा कुमारी, संगीता कुमारी ने प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया। मौके पर निर्मला कुजूर, मो मुस्तफा अंसारी, अनुपाशैल बाला कुजूर, संस्था के विवेक कुमार, विद्यालय के प्रधानमंत्री शिवानी कुमारी आदि उपस्थित थे।

# केंद्रीय श्रीरामकृष्ण मिशन किसान मेले का दो दिवसीय आयोजन आज से



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**अनगड़ा।** रांची के मोराबादी रामकृष्ण मिशन आश्रम, दिव्यानंद कृषि विज्ञान केंद्र एवं प्रखंड के सभी विवेकानंद सेवा संघ के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार से दो दिवसीय 45वां केंद्रीय श्रीरामकृष्ण मिशन किसान मेला प्रत्यक्षण फार्म गेतलसुद में आयोजित होगा। इस मेला में विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी विभागों द्वारा स्टॉल प्रर्दशनी लगाई जाएगी। वहीं किसान अपने विभिन्न कृषि उत्पादों एवं पशु पक्षी को प्रदर्शनी सह प्रतियोगिता में पंजीकरण कराएंगे। किसान मेला में रांची, खूंटी, रामगढ़ सहित अन्य जिलों के किसान भाग लेते हैं। इस अवसर पर किसान गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा जिसमें विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ कृषि वैज्ञानिक किसानों के प्रश्नों का उतर देने के साथ उचित परामर्श देंगे। मेला के अंतिम दिन यानि 8 फरवरी को कृषि, पशु पक्षी एवं हस्तशिल्प सह कुटीर उद्योग उत्पादों के प्रतियोगिता सह प्रदर्शनी के विजेता किसानों को पुरस्कृत किया जाएगा। इसकी जानकारी मिशन के सचिव स्वामी भावेशानंद जी महाराज ने दी।

## शिविर लगाकर पशुपालकों के बीच दवा का वितरण



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** जोन्हा पंचायत के जिदु और जराटोली गांव में बुधवार को पशुपालन विभाग की ओर से एक शिविर लगाकर करीब 40 पशुपालक किसानों के बीच क्रिर्मी दवा, लिवर टोनिक, कैल्शियम, बिटामिन आदि की दवा का वितरण किया गया। वहीं, पशु चिकित्सक डॉ अमित कुमार गुप्ता ने किसानों को मवेशियों में होने वाले विभिन्न रोगों एवं उसके रोकथाम के उपायों से अवगत कराया। मौके पर सहयोगी विशु मुण्डा, टीआरआई के बकरी पालन सुपरवाइजर हरदयाल मुंडा आदि थे।

## दुस्साहस : बैंक से रुपये निकालकर घर जाने के दौरान बनाया शिकार

# बाइक सवार लुटेरों ने वृद्ध के लूटे रुपयों से भरा बैग

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रातू।** थाना क्षेत्र के रातू चट्टी स्थित फन कैशल पार्क के पास बुधवार की दोपहर 12 बजे बैंक ऑफ इंडिया (बीओआइ) की काठीटांड शाखा से एक लाख रुपये निकालकर अपने घर जा रहे वृद्ध व्यक्ति ने छिनताई कर लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित की पहचान नरेंद्र प्रसाद सिन्हा (77) के रूप में हुई है।



भुक्तभोगी नरेंद्र प्रसाद सिन्हा।

वह रातू थाना क्षेत्र के सिमला कॉलोनी रातू चट्टी निवासी के रहने वाले हैं। जानकारी के मुताबिक नरेंद्र प्रसाद सिन्हा इस दिन अपनी पत्नी बसंती देवी के साथ बैंक पहुंचे थे। वहां से एक लाख रुपये नकद निकाल कर अपने घर के पेंटर जुबेर अंसारी की बाईक पर सवार होकर घर जा रहे थे। जैसे ही बाइक फन कैशल पार्क के पास पहुंचे तभी वहां पीछा करते आ रहे बाईक पर सवार तीन अपराधियों ने वृद्ध की बाइक को धक्का मार दिया। धक्का लगने के बाद नरेंद्र बसंती और जुबेर तीनों सड़क पर गिर गए। इसी का लाभ उठाकर अपराधियों ने उनके पास मौजूद एक लाख रुपए एवं जेब में पहले से मौजूद पांच हजार रुपए छिनकर चंपत हो गए। घटना के तुरंत बाद रातू पुलिस को सूचना दी गई। वहीं, पीड़ित दंपति थाने पहुंचा और प्राथमिकी दर्ज कराई है।

# प्रबंधन समिति ने प्रधानाध्यापक पर लगाया मनमानी करने का आरोप, शुरू की गयी जांच

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बेड़ो।** प्रखंड के करांजी गांव स्थित राजकीयकृत उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक अब्दुल जब्बार अंसारी पर स्कूल प्रबंधन समिति ने विद्यालय में मनमानी करने का आरोप लगाया है। विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों का आरोप है कि विद्यालय में शिक्षक कई सालों से पदस्थापित है जिस कारण इनका विद्यालय में आने जाने का कोई समय निर्धारित नहीं है। प्रधानाध्यापक खुद निर्धारित समय से विलंब से आते



हैं और समय से पहले चले जाते हैं। प्रधानाध्यापक अपना निजी बीएड कॉलेज चलाते हैं। जिस कारण विद्यालय में शिक्षण व्यवस्था चौपट हो गई है। ढंग से पढ़ाई नहीं हो रही है। उधर, मामले की जानकारी मिलने पर बुधवार को प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष साहबान अंसारी विद्यालय में जाकर प्रधानाध्यापक से सवाल पूछा तो उन्होंने (प्रधानाध्यापक) ने उन्हीं से सवाल किया कि आप पूछने वाले कौन होते है। आपको जांच करने का अधिकार नहीं है। केवल आप बैठक के दिन आ सकते है। इस तरह प्रधानाध्यापक की दादागीरी से प्रबंधन समिति परेशान है। वहीं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रहीमा खातून उपाध्यक्ष साहबान अंसारी तनवीर अहमद व तैमुन खातून ने बीडीओ व प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के नाम आवेदन देकर कार्रवाई करने की मांग की गई है। इधर, प्रधानाध्यापक का कहना है कि उनके ऊपर लगाए गए आरोप सरासर गलत है। इसकी जांच होनी चाहिए। वहीं, बीडीओ संग्राम मुर्मू ने बताया कि एक जांच टीम का गठन कर दिया गया है। जो तीन दिनों में जांच कर रिर्पोट सौंपेगी। मैं खुद भी विद्यालय में जाकर निरीक्षण करूंगा।

# विकास एवं सौंदर्यीकरण को लेकर बीडीओ ने किया मरासिल्ली पहाड़ और सिदरौल पंचायत का निरीक्षण





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नामकुम।** मरासिल्ली पहाड़ के विकास एवं सौंदरीकरण कार्य किये जाने का प्रस्ताव पर्यटन संवर्धन समिति से अनुमोदित एवं विभाग द्वारा अधिसूचित है। जिसकी डीसी के निर्देश पर बुधवार को नामकुम बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार जांच करने पहुंचे थे। जिसमें पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड रांची द्वारा पर्यटन महत्व के विकास, सौंदर्यीकरण प्रस्तावित एवं अनुमोदित योजनाओं का निरीक्षण किया गया। साथ ही योजनाओं के स्थलीय, पर्यटकीय उपयोग एवं उपयुक्तता की जांच की गयी। इस अवसर पर प्रखंड महिला प्रसार पदाधिकारी रेणु कुमारी, मिथिलेश सिंहा, पंचायत सचिव नवराज प्रधान, कनिय अभियंता वीरेंद्र कुमार, शिवलोक धाम मरासिल्ली पहाड़ ट्रस्ट के अध्यक्ष दयानंद राय, अशोक राय, पीतांबर राय, रुद्रेश्वर राय, भैरवनाथ राय आदि उपस्थित थे। दूसरी ओर, नामकुम के सिदरौल पंचायत का बुधवार को बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार ने औचक निरीक्षण किया। जिसमें मनरेगा योजना और 15वीं वित्त की योजनाओं के अभिलेख की जांच की गयी। मनरेगा योजना के अभिलेख संधारण में कमी देखकर बीडीओ ने नाराजगी जाहिर की और रोजगार सेवक को सख्त निर्देश दिया गया कि 10 फरवरी तक सभी अभिलेखों को अद्यतन कर ले। अन्यथा उनके खिलाफ उच्च अधिकारियों को सूचित करते हुए अनुशासनात्मक कार्रवाई की जायेगी। वहीं, बीडीओ द्वारा पंचायत भवन में चल रहे मरम्मती करण का अवलोकन किया गया एवं कार्य संतोष जनक पाया गया। मौके पर मुखिया लक्ष्मी देवी, महिला प्रसार पदाधिकारी रेणु कुमारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मरियम बानो, कनिय अभियंता ज्योतिष कुमार, पंचायत सचिव हरिदास साहू, रोजगार सेवक आनंद सिंह आदि थे।

## संकुल स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता में कोंयसारा राजकीय प्राथमिक विद्यालय ने मारी बाजी

# प्रतियोगिता के जरिए रसोइया व संयोजिकाओं में नयी उर्जा भरने की कोशिश : सुनील केसरी

**ककरिया के राजकीय मध्य विद्यालय को मिला दूसरा स्थान**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लापुंग।** प्रखंड के ककरिया सहित विभिन्न संकुलों में रसोइयों की संकुल स्तरीय कूकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संकुल संसाधन केंद्र ककरिया, लेटे एवं मालगो खास के अलावे विभिन्न विद्यालयों के रसोईयों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। ककरिया संकुल अंतर्गत राजकीय मध्य विद्यालय में आयोजित प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न विद्यालयों के रसोइयों ने एक से बढ़कर एक व्यंजन बनाया। इस दौरान कुकिंग प्रतियोगिता में राजकीय प्राथमिक विद्यालय कोंयसारा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि राजकीय मध्य विद्यालय को मिला दूसरा स्थान



व्यंजनों का निरीक्षण करते पदाधिकारी व गणमान्य लोग।

मिला। इस दौरान कुछ नावाचार भी देखने को मिला। जज की भूमिका में विद्यालयों के बाल संसद ने भूमिका निभाई। बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व जिला परिषद सदस्य बांदे हेरेंज ने कहा कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग और झारखंड शिक्षा परियोजना ने अपने प्रयासों से गांवों में चल रहे विद्यालयों में मिड डे मील में नवाचार का प्रयोग करते हुए पौष्टिक भोजन का निर्माण, मोटे अनाज के प्रयोग, मड़ुआ के विभिन्न प्रकार के व्यंजन सहित सहजन के उपयोग का व्यापक असर देखा जा रहा है। वहीं, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुनील कुमार केशरी ने कहा कि मिड डे मील बनाने वाली रसोईया एवं संयोजिकाओं में प्रतियोगिता के जरिए नई उर्जा भरी जा रही है। प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों के लिए बेहतर पौष्टिक भोजन बनाने और स्वच्छता को अपनाने में अच्छे कदम उठाने की आपस में प्रतियोगिता होगी। ककरिया संकुल में कूकिंग प्रतियोगिता का आयोजन संकुल साधन सेवी सुनील कुमार गुप्ता ने किया। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में राजकीय मध्य विद्यालय के प्रकाश उरांव, अध्यक्ष प्रकाश कुमार राम, मो समीउल्लाह हक, हेमंत कुमार, उत्तम कुमार मंडल, सूरज प्रसाद सिंह, संयोजिका सरिता देवी आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# अयोध्या धाम में सुंदर कांड का पाठ करने का मौका मिलना सौभाग्य की बात : हेमंत केसरी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पिरकानगड़ी।** रांची सासंद संजय सेठ की पहल पर नगड़ी प्रखंड के धार्मिक संस्था मानस प्रचार मंडल को अयोध्या धाम में भगवान श्री राम मंदिर परिसर में संगीतमय श्रीरामचरित मानस का पंचम सोपान सुंदर कांड का सस्वर पाठ करने का सौभाग्य मिला। इस संबंध में बुधवार को श्री मानस प्रचारमंडल की एक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता दुर्गा मंदिर परिसर में मंडल के अध्यक्ष कमलेश केसरी ने किया। मौके पर उपस्थित मंडल के महामंत्री हेमंत कसरी ने बैठक का संचालन करते हुए उपस्थित सदस्यों को बताया कि झारखंड का पहला धार्मिक संस्था है जिसे श्री राम मंदिर में सस्बर सुंदर कांड करने का मौका मिला है। श्रीराम मंदिर न्यास समिति एवं मंदिर के संचालक पदाधिकारियो ने मंच तैयार कर दिया है। अगामी 12 फरवरी को मंडल के कुल 48 सदस्य रांची रेलवे स्टेशन से अयोध्या धाम के लिए रवाना होंगे और 13 फरवरी को श्री राम मंदिर परिसर में सुस्वर संगीतमय सुंदर कांड का पाठ करेंगे। मौके पर भाजपा के केंद्रीय कार्य समिति सदस्य शशि भूषण भगत, अरविंद्र केसरी, रघुनंदन केसरी, अणु पाठक, संजीव केसरी राजेश केसरी, शंभु चौधरी, सुंदर चौधरी, राकेश केसरी, अजय चौधरी, रामानंद केसरी, संजय कश्यप, महाबीर साहू, मनोज महतो, सुधीर भगत, महावीर महतो, सुमित चौधरी, राजेंद्र महतोसुमित चौधरी, शिव चौधरी, राजा चौधरी, नितीश पाठक, चंद्रकांत पाठक, आशुतोष पाठक, निर्भय भगत, विशाल केशरीमनीष केशरी, नयन केशरी, देवानंद चौधरी आदि मौजूद थे।

## बेड़ो प्रखंड स्तरीय सिदो कान्हू युवा खेल क्लब का गठन

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** खेलों को बढ़ावा देने और स्थानीय स्तर पर खेल सुविधाओं का विकास करने के लिए बुधवार को प्रखंड कार्यालय के परिसर में सिदो-कान्हू युवा खेल क्लब का गठन किया गया। जिसमें प्रखंड स्तरीय सिदो कान्हू युवा खेल क्लब के सदस्यों का चयन किया गया। उक्त कार्यक्रम में बीडीओ संग्राम मुर्मू, सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय, विधायक प्रतिनिधि करमा उरांव, डे बोर्डिंग कोच अनमोल टोप्पो, मुखिया जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न पंचायत से आए अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सचिव शामिल हुए। बैठक में निर्णय लिया गया कि लॉटरी सिस्टम के माध्यम से प्रखंड स्तरीय अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव एवं कार्यकारिणी सदस्यों का चयन किया जाएगा। इसके बाद लॉटरी सिस्टम से अध्यक्ष पद के लिए दिघिया पंचायत से अमित लकड़ा, उपाध्यक्ष नेहालु पंचायत से मुकेश माली और सचिव पद के लिए तुतलो पंचायत से मोती उरांव का चयन किया गया। साथ ही कार्यकारिणी सदस्य के रूप में अभिषेक उरांव, विशेश्वर भगत, अमित लकड़ा, सुरेश वाड़ा, विजय उरांव, दिलीप केरकेट्टा, जितेंद्र उरांव, कुलदीप उरांव, महताब अंसारी और विष्णु उरांव का चयन किया गया।

## सरस्वती पूजा 14 को, जगह-जगह प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं मूर्तिकार



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** विद्या की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती पूजा को पांच दिन ही शेष रह गया है। बसंत पंचमी 14 फरवरी को है। इस दिन मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। ऐसे में पूजा की तैयारी जोरों पर है। पूजा स्थल की साज-सज्जा की जा रही है। मूर्तिकार मांग के अनुरूप प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में बसंत पंचमी के अवसर पर सभी पंचायत के गांवों में सरस्वती पूजा धूम-धाम से मनाया जाता है। बेड़ो में प्रतिमा को निर्धारित तिथि तक पूर्ण करने के लिए मूर्तिकार पूरी लगन से काम कर रहे हैं। बतातें चलें कि नए साल के शुरू होते ही मूर्तियों की बुकिंग शुरू हो जाती है। इसके लिए लोग अपने लिए प्रतिमाओं की अग्रिम बुकिंग कर लेते हैं। ताकि मूर्तिकार उनके पसंद के अनुसार से मूर्तियों को अंतिम रूप दे सकें। मूर्तिकारों द्वारा दो फीट से लेकर दस फीट तक की प्रतिमा बनायी गई हैं।

## पूर्व सीओ की विदाई और नव सीओ का हुआ स्वागत



**बुढ़मू (आजाद सिपाही)** अंचल कार्यालय के सभा भवन में बुधवार को कार्यक्रम आयोजित कर पूर्व अंचलाधिकारी शंकर कुमार विद्यार्थी को विदाई दी गई। साथ ही वर्तमान सीओ का स्वागत भी किया गया। इस दौरान प्रखंड क्षेत्र से आये समाजसेवी, नेताओ व जनप्रतिनिधियों द्वारा शॉल ओढ़ाकर व बुके देकर अंचलाधिकारी शंकर कुमार को विदाई दी गई और नए अंचलाधिकारी का स्वागत किया गया। अधिकारियों सहित जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने अनुभव साझा किए। मौके पर बीडीओ धीरज कुमार, प्रमुख सत्यनारायण मुंडा, उप प्रमुख हरदेव साहू, जेसी अकादमी स्कूल के निदेशक अखिलेश चतुर्वेदी के अलावा भाजपा, झामुमो व कांग्रेसी कार्यकर्ता आदि मौजूद थे।

## अनगड़ा में कैफेटेरिया व जनरल स्टोर का शुभारंभ

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** उषा मार्टिन यूनिवर्सिटी के मुख्य गेट के समीप बुधवार को एसके कैफेटेरिया एवं जनरल स्टोर का शुभारंभ हुआ। इसका उद्घाटन आजसू नेत्री सह नामकुम उपप्रमुख बीना देवी, आजसू नेता जितेंद्र सिंह एवं सिरका के मुखिया रोशनलाल मुंडा ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर दुकान के संचालक संजय कुमार ने बताया कि ग्राहकों की मांग को ध्यान में रखते हुए बर्थ डे सेलिब्रेशन आईटम, पेस्टी, स्नैक्स सहित अन्य चीजें उपलब्ध रहेंगी। मौके पर जिप सदस्य राजेन्द्र शाही मुंडा, बलराम महतो, अजीत महतो, पारसनाथ महतो, बिपीन मुंडा, महावीर महतो, संजीत करमाली, दशरथ पाहन, जलनाथ चौधरी आदि मौजूद थे।

# सच्चाई की हुई जीत: कमलेश

**एनसीपी अजीत गुट की घड़ी बरकरार, प्रदेश अध्यक्ष ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को दी बधाई**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) अजीत गुट को असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के साथ चुनाव चिन्ह घड़ी बरकरार रहने के चुनाव आयोग के निर्णय का झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने स्वागत किया है। उन्होंने खुशी का इजहार करते हुए कहा कि सच्चाई की हमेशा जीत होती है। उन्होंने पार्टी को मान्यता मिलने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अजीत पवार व झारखंड प्रभारी प्रफुल्ल पटेल को फोन पर बधाई दी। उन्होंने इस निर्णय की खुशी में एनसीपी के प्रदेश कार्यालय समेत राज्य के विभिन्न जिलों व प्रखंडों में कार्यक्रम आयोजित कर जनता व कार्यकर्ताओं को इससे अवगत कराने का निर्देश दिया है। कहा कि


विधायक कमलेश कुमार सिंह।

आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव में पार्टी एनडीए के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेगी। केंद्र में नरेंद्र भाई मोदी को झारखंड से 14 की 14 सीटें जीतमे पूरी सहयोग करेगी। साथ ही झारखंड विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन की सरकार बनाकर राज्य में स्वच्छ और जनता के भरोसे वाली सरकार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है।

## पांकी विधायक ने विधानसभा के विशेष सत्र में उठाया मुद्दा

# संवेदक कभी जनता के हितैषी नहीं हो सकते : डॉ शशिभूषण

आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी/पलामू।** झारखंड विधानसभा विशेष सत्र के दूसरे दिन बुधवार को पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने अपने विधानसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत मेसर्स सिलदिलिया कंस्ट्रक्शन की ओर से बेदानी से सेवती पथ के निर्माण कार्य में घटिया सामग्री इस्तेमाल करने का मुद्दा उठाया। बताया कि संवेदक द्वारा अपनी चिर परिचित घटिया


पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता।

निर्माण करने की कार्यशैली को कायम रखते हुए घटिया निर्माण कार्य करने के विरोध में ग्रामीणों द्वारा कार्य बंद करा दिया गया है। विधायक द्वारा इसकी सूचना लिखित रूप से मुख्य अभियंता, जेएसआरआरडीए झारखंड को दिया गया है। पत्र में घटिया निर्माण को हटाकर पुनः गुणवत्ता पूर्ण निर्माण करने और मनमाने ढंग से किए गए भुगतान पर अविलंब रोक लगाने की मांग की है। विभागीय अभियंता द्वारा संवेदक को लिखित रुप से कार्य में सुधार करने का निर्देश दिया गया है। इसका अनुपालन करने के विपरीत संवेदक द्वारा विभागीय अभियंता पर दबाव बनाया जा रहा है। जनता के आवागमन के लिए बन रहे सड़क का घटिया निर्माण करनेवाले संवेदक किसी भी सूरत में जनता का हितैषी नहीं हो सकता। विकास कार्यों में भ्रष्टाचार करनेवाले लोग वर्तमान की राज्य सरकार में संरक्षण प्राप्त कर सकते हैं, पर भ्रष्टाचार कोई भी करे इसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# दुकान में घुसकर महिला को मारी गोली, हुई मौत

**पति और बेटे की भी हो चुकी है हत्या**

**नमिता देवी पलामू के कई कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती थी। परिजनों ने पुलिस को बताया है कि कुछ लोगों के साथ उसका विवाद चल रहा था। जिसकी जानकारी पुलिस को भी दी गई थी। कुछ वर्ष पहले उसके बेटे और पति की भी हत्या कर दी गई थी। परिजनों ने पुलिस को बताया है कि कुछ दिनों से एक जमीन के मामले में तीन युवकों के साथ नमिता देवी का विवाद चल रहा था। वे लगातार नमिता देवी पर जमीन मामले को मैनेज करने का दबाव बना रहे थे।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर में अज्ञात अपराधियों ने बुधवार को एक महिला दुकाम में घूसकर कनपट्टी पर गोली मारकर हत्या कर दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। मृतका की पहचान नमिता देवी के रूप में की गई है। वह सद्दीक मंजिल चौक स्थित अपनी दुकान में बैठी हुई थी। तभी दो युवक पहुंचे और उसे गोली मार दी। गोली लगने के बाद महिला को गंभीर हालत में मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल ले जाया गया। जहां से बेहतर इलाज के लिए रांची के रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां से परिजनों से इलाज के लिए मेदिनीनगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद सदर एससीपीओ मनीष भूषण प्रसाद, आईपीएस गौरव गोस्वामी और टाउन थाना प्रभारी

अभय कुमार सिन्हा मौके पर पहुंचे और पूरे मामले की छानबीन की। पता चला है कि नमिता देवी नामक महिला का घर चैनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर और मेदिनीनगर टाउन थाना क्षेत्र के भट्ठी मोहल्ला में है। इस दिन वह अपनी दुकान में बैठी थी तभी दो युवक पहुंचे थे। एक युवक ने गमछा से मुंह बंधा रखा था, जबकि दूसरे ने गले में भगवा गमछा लपेटे हुए था। दोनों युवक दुकान के अंदर दाखिल होने के साथ हथियार निकाली और गोली मार दी। गोली महिला की कनपट्टी में लगी है। सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद ने बताया कि पुलिस सभी बिंदुओं पर अनुसंधान कर रही है। अपराधियों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। सीसीटीवी के आधार पर पुलिस कई बिंदुओं पर जांच कर रही है।

# अपराध पर अंकुश लगाना मेरी पहली प्राथमिकता: एसडीपीओ

**हुसैनाबाद के नवपदस्थापित एसडीपीओ ने दिया योगदान**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पुलिस पब्लिक के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए अपराध पर अंकुश लगाना हमारी पहली प्राथमिकता है। पुलिसिंग के तहत जो कार्य है उस जिम्मेवारी पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। उक्त बातें हुसैनाबाद के नवपदस्थापित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मुकेश कुमार महतो ने कही। वे बुधवार को अनुमंडल मुख्यालय स्थित एसडीपीओ कार्यालय में योगदान लेने के बाद पत्रकारों से बातें कर रहे थे। उन्होंने कहा कि थाना स्तर की कोई भी शिकायत हो तो निर्भिक होकर मिले, समस्यायों का निष्पादन किया



जाएगा। एसडीपीओ ने कहा कि पुलिस से भयभीत ना हो। पुलिस का काम है न्याय दिलाना। अगर जनता के साथ किसी तरह का अपराध होता है तो थाना तक मामले को पहुंचाए। उन्होंने भयमुक्त माहौल बनाने में पुलिस को सहयोग करने की बात कही। साथ ही मीडिया से बेहतर समन्वय स्थापित कर पुलिसिंग व्यवस्था में सुधार करने की बात कही।

# जनता दरबार लगाकर डीसी ने सुनी लोगों की समस्याएं, दिया समाधान का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी शशि रंजन ने बुधवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने डीसी को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने का अनुरोध किया। जनता दरबार में आये समस्याओं का अवलोकन करते हुए डीसी ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा के भीत उसका निष्पादन करने का निर्देश दिया।

जनता दरबार में चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गुरहा निवासी विधवा सुमित्रा देवी ने डीसी से जीवन निर्वाह के लिए मुआवजा एवं



सरकारी नौकरी देने का निवेदन किया। विधवा सुमित्रा देवी के पति स्व संतोष यादव उर्फ सत्यप्रकाश यादव की हत्या अगस्त 2023 में नक्सलियों द्वारा कर दी गई थी। इसी तरह रेहला थाना क्षेत्र के ग्राम डंडिकला निवासी मो.आशिक अंसारी ने उपायुक्त से अंचल कार्यालय विश्रामपुर की ओर से एक ही भूमि को दो बार अलग-अलग नाम से दाखिल खारिज करने की शिकायत की। इसी तरह लेस्लीगंज प्रखण्ड क्षेत्र के स्मृति दुबे, पांडू थाना क्षेत्र के नीलम देवी, ऊंटारी रोड थाना क्षेत्र के हसबुन खातून सहित कई लोगो ने उपायुक्त से अबुआ आवास योजना का लाभ देने का अनुरोध किया। वहीं, पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम सकलदीप निवासी जितेंद्र कुमार पांडेय ने डीसी से शिकायत किया कि अंचलाधिकारी पाटन द्वारा उनकी जमीन को गलत तरीके से दूसरे व्यक्ति के नाम से ऑनलाइन कर दिया गया है।

इसी तरह लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम इटहे निवासी विक्रम सिंह ने उपायुक्त से लगान रशीद ऑनलाइन करवाने का अनुरोध किया। इस दिन आयोजित जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी, अबुआ आवास व जमीन दाखिल खारिज, जमीन हड़पने, वृद्धा पेंशन आदि से सबंधित कई आवेदन आये जिसे डीसी ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

# सभी लोकसभा क्षेत्रों में होगा जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन : विनय सिंह




आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी/पलामू।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह के निर्देश पर पार्टी के लोकसभा संवाद कार्यक्रम की शुरूआत चतरा लोकसभा क्षेत्र के पांकी प्रखंड से की गई। एनसीपी के प्रदेश संगठन महामंत्री विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह के नेतृत्व में प्रदेश व जिला के कई नेता पांकी पहुंचे। जहां फूल माला से उनका भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री ने कहा कि झारखंड में एनसीपी चतरा से एनडीए गठबंधन के तहत चुनावी मैदान में उतरने का प्रस्ताव केंद्रीय नेताओं के समक्ष रखा गया है। चतरा लोकसभा क्षेत्र से कमलेश कुमार सिंह ने अपनी दावेदारी पेश की है। वह एनडीए से उम्मीदवार हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि चतरा की जनता लोकसभा से स्थानीय उम्मीदवार चाहती है। यही वजह है की कमलेश कुमार सिंह की दावेदारी मजबूत है। वहीं राज्य विधानसभा चुनाव में कम से कम पांच विधानसभा की सीटों पर एनसीपी दावा करेगी। उन्होंने कहा कि संपूर्ण राज्य में प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह के साथ प्रदेश के अन्य नेता संपूर्ण राज्य का दौरा करेंगे। उन्होंने कहा कि एनसीपी ने हुसैनाबाद की तरह सम्पूर्ण राज्य में जात पात से परे विकास की राजनीति को आगे बढ़ाने का काम करेगी। कार्यक्रम में एनसीपी जिला अध्यक्ष संदीप पासवान, जितेंद्र पासवान, सरोज कुशवाहा, मनीष सिंह, प्रिंस सिंह, जिला परिषद सदस्य मुकेश सिंह चंदेल, राजू गुप्ता, सुनील ठाकुर, रामकुमार यादव, शिवनंदन सिंह, रणधीर सिंह, मुखिया अरविंद सिंह, मुखिया मुकेश सिंह, बैजनाथ सिंह आदि उपस्थित थे।

# योग्य लाभुक को मिले अबुआ आवास योजना का लाभ: कृष्णा

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय सामाजिक जनकल्याण संगठन के अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि मजदूर, किसान, असहाय, विधवा व दिव्यांग के लिए झारखंड सरकार द्वारा चलाई गई अबुआ आवास योजना के चयन में बड़े पैमाने पर अनियमितता बरतने की बात आये दिन अखबारों की सुर्खियां बनी हुई है। इसके बाद भी चयन प्रक्रिया में कोई सुधार नहीं हो रहा है। जिन योग्य लाभुक को अबुआ आवास का मिलना चाहिए



उनको नहीं मिल पा रहा है। बड़े पैमाने पर बिचौलिए हावी है। प्राथमिकता के आधार पर पर जिनको आवास मिलना चाहिए उनका नाम सूची में नीचे कर दिया गया है, जबकि कई पक्का मकान वाले और सक्षम व्यक्ति नाम सूची में ऊपर कर दिया गया है जिस कारण वास्तविक लाभुक को आवास का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने राज्य सरकार और वरीय प्रशासनिक अधिकारियों से पुनः ग्रामसभा के माध्यम से योग्य लाभुक का स्थल जांचकर ऑन द स्पॉट चयन पत्र देने की मांग की है।

# ब्राह्मण महासभा के लिए मील का पत्थर साबित होगा कार्यालय : अजय तिवारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नीलांबर पीतांबरपुर/पलामू।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की लेस्लीगंज थाना रोड में प्रखंड कार्यालय खुला, जिसाक उद्घाटन संगठन के जिला अध्यक्ष अजय तिवारी एवं आगंतुको द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान श्री परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष दिनेश तिवारी और संचालन राघव तिवारी ने किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अजय तिवारी ने संगठन को आगे बढ़ाने के लिए प्रखंड के सभी पंचायत स्तर पर संगठन का गठन



करने की बात कही। कहा कि जल्द ही सभी प्रखंडों के साथ ज़िला स्तरीय सम्मेलन किया जाएगा। कहा कि प्रखंड कार्यालय में ब्राह्मण परिवार के लोग एक साथ बैठकर अपने विचारों को एक साथ साझा कर सकेंगे। यह कार्यालय अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। वहीं, कार्यलय के लिए निःशुल्क कमरा देने के लिए अजीत तिवारी एवं रामप्रकाश तिवारी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रखंड मुख्यालय में अभी के समय में निःशुल्क कार्यालय के लिए जगह देना बहुत बड़े त्याग की बात है। वहीं, प्रखंड संयोजक संत कुमार तिवारी ने भी दोनों का धन्यवाद दिया। कहा कि प्रखंड स्तरीय कार्यक्रमों को संचालित करने में काफी सहुलियत होगी। मौके पर व्यास प्रेम गिरि, अंकुर राय ने भगवान श्री परशुराम के भजनों पर उपस्थित सभी लोगों को झुमने पर विवश कर दिया। इस मौके पर संरक्षक कृष्णकांत दूबे, जयराम तिवारी, महामंत्री निलकंठ गिरी, अवधेश तिवारी, रामस्वरूप पांडे, सुरेंद्र शुक्ला, वीरेंद्र शुक्ला, वशिष्ठ गिरी राजेन्द्र दूबे, अशोक मिश्रा, प्रदीप तिवारी, ब्रजकिशोर शुक्ला, सुनील तिवारी आदि उपस्थित थे।

# ओबीसी संयोजक मंडल ने 11 फरवरी की जनसभा में शामिल होने के लिए घर-घर बांटा आमंत्रण



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पिछड़ा वर्ग ओबीसी की शहर के शिवाजी मैदान में आगामी 11 फरवरी को प्रमंडलीय जनसभा को लेकर रथयात्रा के मध्यम से नुक्कड़ सभा एवं आमंत्रण पत्र संयोजक मंडल के ब्रम्हदेव प्रसाद द्वारा पूरे पलामू प्रमंडलवासियों को दिया जा रहा है। इसी कड़ी में नारायण पटेल एवं विनोद कुमार द्वारा शौंडिक समाज के अध्यक्ष सतीश कुमार साहू, विनय प्रसाद, संजय कुमार एवं अन्य लोगों को निमंत्रण दिया गया। ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि यह आमंत्रण ओबीसी के पूरे समाज से हम गुजारिश करते हैं कि लाखों की संख्या में मेदिनीनगर के शिवाजी मैदान में उपस्थित होकर अपनी आवाज को सत्ता के गलियारों में बैठे हुक्मरानों तक पहुंचाएं।

# नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष श्रवण रॉय का स्वागत

**सिंदरी (आजाद सिपाही)।** धनबाद महानगर शहरी के नव निर्वाचित जिला अध्यक्ष श्रवण रॉय का सिंह मेंशन में लक्की सिंह ने बुके देकर



सम्मानित किया गया। वहीं, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागनी सिंह को राम मंदिर का प्रारूप देकर सम्मानित किया गया। लक्की सिंह ने कहा कि श्रवण रॉय को जिला अध्यक्ष बनने पर शुभकामनाएं दी। इनके भाजपा में आने से पार्टी को और मजबूती मिलेगी। जिसका असर 2024 के लोकसभा चुनाव में देखने को मिलेगा। मौके पर विमल सिंह, गुड्डु सिंह, बसंत कुमार सिंह, मनोज कुमार दूबे आदि उपस्थित थे।

## स्पोर्ट्स



**जसप्रीत बुमराह आइसीसी की टेस्ट बॉलर्स रैंकिंग में नंबर-1 गेंदबाज बन गए हैं। उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआती दो टेस्ट मैच में बेहतर बॉलिंग का फायदा मिला है। वहीं, रविचंद्रन अश्विन को दो स्थान का नुकसान हुआ और वो तीसरे नंबर पर खिसक गए।**

## टॉप-5 ऑलराउंडर्स में तीन भारतीय, टॉप-10 बैटर्स में विराट कोहली इकलौते भारतीय

# नंबर एक टेस्ट बॉलर बने बुमराह, अश्विन तीसरे स्थान पर फिसले

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जसप्रीत बुमराह आइसीसी की टेस्ट बॉलर्स रैंकिंग में नंबर-1 गेंदबाज बन गए हैं। उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ शुरूआती दो टेस्ट मैच में बेहतरीन बॉलिंग का फायदा मिला है। इसी के साथ ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को दो स्थान का नुकसान हुआ और वह तीसरे नंबर पर फिसल गए। दूसरे नंबर पर साउथ अफ्रीका के कगिसो रबाडा हैं। वहीं, टॉप-5 टेस्ट ऑलराउंडर्स में अब तीन भारतीय हो गए। जबकि विराट कोहली दो टेस्ट नहीं खेलने के बावजूद टॉप-10 बैटर्स में शामिल इकलौते भारतीय हैं। बतातें चलें कि जसप्रीत बुमराह ने इंग्लैंड के घरेलू टेस्ट सीरीज के शुरूआती दो मुकाबलों में ही 15 विकेट झटक लिए। उन्होंने पहले टेस्ट में 6 और दूसरे में 9 विकेट लिए। दूसरे मुकाबले में वह प्लेयर ऑफ द मैच भी रहे थे। अब बुधवार को इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आइसीसी) की लेटेस्ट रैंकिंग में वह टॉप पर पहुंच गए। बुमराह को 3 स्थान का फायदा हुआ। वह ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस, अश्विन और रबाडा को पीछे कर टॉप पर पहुंचे। बुमराह के फिलहाल 881 रेटिंग पॉइंट्स हैं, जो उनके करियर में बेस्ट है।

### तीनों फॉर्मेट में नंबर-1 बनने वाले पहले भारतीय



**बुमराह फिलहाल वनडे बॉलर्स में छठे और टी-20 बॉलर्स रैंकिंग में 100वें नंबर पर हैं। लेकिन वह बाकी 2 फॉर्मेट में भी पहले नंबर पर रह चुके हैं। बुमराह पहली बार टेस्ट रैंकिंग में नंबर-1 पर पहुंचे। इसी के साथ वह तीनों फॉर्मेट में नंबर-1 पोजिशन हासिल करने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बन गए। 30 साल के बुमराह ने 34 टेस्ट में 155 विकेट लिए हैं। उनके नाम 10 बार पारी में 5 या उससे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड है। उन्होंने 89 वनडे में 149 विकेट लिए हैं। वहीं टी-20 के 62 मैचों में उनके नाम 74 विकेट हैं।**

### अश्विन को हुआ 12 पॉइंट्स का नुकसान



**बुमराह से पहले भारत के ही ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन नंबर-1 टेस्ट बॉलर थे। वह इस पोजिशन पर पिछले साल मार्च से बने हुए थे, वह 11 महीने बाद टॉप पोजिशन से हटे। अश्विन इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में 3 ही विकेट ले सके, इसलिए उन्हें 12 पॉइंट्स का नुकसान हुआ। वह 841 रेटिंग पॉइंट्स के साथ नंबर 3 पर हैं। टेस्ट बॉलर्स रैंकिंग में अश्विन और बुमराह के अलावा भारत से रवींद्र जडेजा और बिशन सिंह बेदी ही पहले नंबर पर पहुंच सके हैं।**

### बैटर्स रैंकिंग में हुआ यशस्वी को फायदा

इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में डबल सेंचुरी बनाने यशस्वी जायसवाल को 37 स्थान का फायदा हुआ। वह 29वें नंबर पर पहुंच गए हैं। निजी कारणों से शुरूआती 2 टेस्ट नहीं खेल सके विराट कोहली छठे से सातवें नंबर पर पहुंच गए। वह टॉप-10 बैटर्स में शामिल एकमात्र भारतीय हैं। बैटर्स में न्यूजीलैंड के केन विलियमसन पहले, ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ दूसरे और इंग्लैंड के जो रूट तीसरे नंबर पर हैं। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा भी एक स्थान की गिरावट के साथ 13वें नंबर पर पहुंच गए। शुभमन गिल 14 स्थान के फायदे के साथ 38वें नंबर पर पहुंच गए।

### टॉप-5 ऑलराउंडर्स में अब तीन भारतीय

भारत के अक्षर पटेल को दूसरे टेस्ट में अच्छी बैटिंग के कारण ऑलराउंडर्स रैंकिंग में फायदा हुआ। वह छठे से पांचवें नंबर पर पहुंच गए। उनके साथ भारत के ही रवींद्र जडेजा पहले और अश्विन दूसरे नंबर पर हैं। इस तरह टॉप-5 टेस्ट ऑलराउंडर्स रैंकिंग में 3 भारतीय हो चुके हैं। ऑलराउंडर्स में तीसरे नंबर पर बांग्लादेश के शाकिब अल हसन और चौथे नंबर पर इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स हैं। जो रूट 2 स्थान के नुकसान के साथ छठे नंबर पर पहुंच गए हैं।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 08 फरवरी, 2024
www.azadsipahi.in



## सुरंगा बस्ती में आयोजित यज्ञ में शामिल हुए झामुमो नेता धरणीधर



**बलियापुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सुरंगा गांव में चल आयोजित यज्ञ में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय सदस्य धरणीधर मंडल भी शामिल हुए। जहां लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया और बधाई दी। लोगों ने उनसे उम्मीदें लगाने और सुख-दुख में पास रहने की बात कही। इस पर धरणीधर मंडल ने भी लोगों के पास हमेशा खड़े रहने का बीत कही। साथ ही गांव के विकास के लिए हमेशा तत्पर रहने का आश्वासन दिया। मौके पर रामपाल बसंत ठाकुर, सबल गोरी और मनबोध रवानी आदि मौजूद थे।

### तार कटवाने वाले आरोपित के घर पहुंच कर ग्रामीणों ने किया हंगामा

# चोर ने केबल काटा, 4 हजार की आबादी पानी को तरसी

- धनसार में चोरों का आतंक
- भालगोरा न्यू पिट कोलियरी में तार काटने के सदंहे में एक किशोर की लोगों ने पकड़ कर जमकर की पिटाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनसार।** भालगोरा न्यू पिट कोलियरी में चोरों ने मंगलवार की रात ट्रांसफार्मर का दो मीटर केबल तार काट लिया। जिससे भालगोरा पांच नंबर, गोरखपुरिया धौड़ा, टीना धौड़ा व भालगोरा के लगभग चार हजार की आबादी में पीटवाटर जलापूर्ति ठप हो गई। वहीं कर्मियों ने न्यू पीट में संदिग्ध घूम रहे एक नाबालिग को केबल चोर के संदेह में पकड़ लिया। इसकी सूचना पाकर जनता श्रमिक संघ (जश्रसं) नेता अमर सिंह, रघूनंदन सिंह, संजय राय, अर्जुन रविदास व जनार्दन सिंह पहुंच गए। पकड़े गए किशोर से सख्ती से पूछताछ करने पर उसने बताया कि पांच नंबर के कंचन निषाद के कहने पर ही उसने केबल काटा है। इसके बाद गुस्साए लोगों ने कोलियरी में जमकर हंगामा किया। वहां मौजूद स्थानीय लोगों ने किशोर की पिटाई भी कर दी। इसके बाद आरोपी कंचन की तलाश में उसके घर भालगोरा पांच नंबर गए। लेकिन वह (कंचन) वहां नहीं मिला। हालांकि भीड़ में शामिल महिलाओं से कंचन की भाभी उलझ पड़ी। दोनों ओर से मारपीट भी हो गई। कंचन की भाभी अपने देवर को बेकसूर बता रही थी। बाद में स्थानीय लोगों ने पकड़े गए किशोर को दोबारा ऐसा न करने की हिदायत देकर छोड़ दिया। इस दौरान जश्रसं नेता अमर सिंह सहित स्थानीय लोगों ने प्रबंधक और अभियंता निखिल कुमार पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। कहा कि यहां लगातार केबल चोरी की घटना हो रही है। जिससे क्षेत्र में जलापूर्ति ठप हो जाती है। एक सप्ताह के अंदर तीन बार केबल कट चुका है। लगातार केबल कटने से चोरों पर स्थानीय लोग व कर्मी भी नजर रखे हुए थे।



केबल तार काटे जाने के बाद हंगामा करते ग्रामीण।

## जश्रसं मजदूर हित के लिए सदा तत्पर रहता है: रागिनी सिंह

आजाद सिपाही स्वाददाता



**निरसा।** जनता श्रमिक संघ (जश्रसं) सीवी एरिया 12 में क्षेत्रीय सचिव शफीर रहमान खान एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह के नेतृत्व में आयोजित कार्यकर्ता मिलन समारोह में जश्रसं की महामंत्री रागिनी सिंह बतौर मुख्य अतिथि बुधवार को चिरकुंडा स्थित कार्यक्रम स्थल पहुंची। जहां कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। वहीं रागिनी सिंह ने भी सभी उपस्थित नए सदस्यों का माला पहनाकर संगठन में स्वागत किया। उन्होंने कहा कि जश्रसं मजदूर हित की लड़ाई लड़ती रही है। सभी मजदूर भाई-बहनों को विश्वास दिलाती हूं कि उनके हक की लड़ाई में सदैव साथ खड़ी रहेंगी। सभी के सहयोग और समर्थन से संगठन और मजबूत होगा जिससे भविष्य में हमारी जीत सुनिश्चित होगी। मौके पर केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिन्हा आदि उपस्थित थे।

उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़
(जिला योजना)

– :: अति अल्पकालीन निविदा :: –

रामगढ़ जिलान्तर्गत DMFT मद से क्रियान्वित योजनाओं के निरीक्षण हेतु एक बोलेरो वाहन (चालक सहित) भाड़ा पर बाह्य स्त्रोत से रखा जाना है। उक्त हेतु दिनांक 15.02.2024 के अपराह्न 03:00 बजे तक अति अल्पकालीन निविदा जिला योजना कार्यालय, रामगढ़ में आमंत्रित की जाती है। दिनांक 16.02.2024 को अपराह्न 01:00 बजे समाहरणालय सभाकक्ष में चयन समिति के समक्ष निविदा खोली जाएगी। तद्नुसार अग्रेत्तर कार्रवाई की जाएगी।

निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी, शर्त एवं नियम तथा विशिष्टताएँ रामगढ़ जिले के वेबसाइट/पोर्टल http://ramgarh.nic.in पर देखी जा सकती है।

ह०/–
उप विकास आयुक्त,रामगढ़

PR 318137 (District)23-24*D

## बाबूलाल मरांडी से मिले भाजपा सिंदरी के नगर उपाध्यक्ष धीरज

- क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से कराया अवगत, मिला समाधान का आश्वासन

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिंदरी।** भाजपा सिंदरी नगर उपाध्यक्ष धीरज सिंह ने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से रांची स्थित मुख्यालय में मुलाकात की एवं सिंदरी की समस्याओं से अवगत कराया। जिसमें मुख्य रूप से एफसीआई प्रबंधन द्वारा डोमगढ़ की जमीन को सेल को दिए जाने और धनबाद नगर निगम द्वारा डोमगढ़ के सड़क-नालियों से संबंधित पत्र रांची नगर निगम कार्यालय को भेजे जाने के बावजूद विगत एक साल से इस विषय पर कोई सकारात्मक कार्य नहीं किये जाने की शिकायत की गई। आग्रह किया गया कि जल्द से जल्द इस विषय पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाए। इस पर बाबूलाल मरांडी ने धीरत सिंह को भरोसा दिलाया कि डोमगढ़ क्षेत्र के मुद्दे को जल्द ही केंद्र सरकार के समक्ष रखकर बात की जाएगी। सकारात्मक वार्ता होते ही डोमगढ बचाओ मोर्चा के प्रतिनिधि बाबूलाल मरांडी के साथ दिल्ली रवाना होंगे।

## डीसी ने की मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना की जिला स्तरीय समिति की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** डीसी कुलदीप चौधरी ने बुधवार को समाहरणालय स्थित सभागार में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना एवं जिला गव्य विकास कार्यालय के विभिन्न योजनाओं के तहत चयनित लाभुकों की सूची के अनुमोदन को लेकर जिला स्तरीय समिति की बैठक की। जिसमें डीडीसी कीर्तीश्री जी, जिला कल्याण पदाधिकारी मेनका, विधायक प्रतिनिधि चंदनकियारी हेमंत शेखर, विधायक प्रतिनिधि बेरमो विनोद कुमार, विधायक प्रतिनिधि गोमिया दुर्गा चरण महतो, समेत जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार मणि, अवर प्रमंडल पशुपालन पदाधिकारी पुष्पा कुमारी, जेएसएलपीएस डीपीएम प्रकाश रंजन आदि उपस्थित थे।

झारखण्ड सरकार
खान एवं भूतत्व विभाग,जिला खनन कार्यालय, कोडरमा
Email Id- dmo-koderma@jharkhandmail.gov.in

सूचना
लघु खनिज बालू की आपूर्ति के संबंध में

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कोडरमा जिलान्तर्गत विकास / निर्माण कार्यो में लघु खनिज की उपलब्धता सुनिश्चित बनाये रखते हेतु जिले के मेसर्स JSMDC द्वारा संचालित बालूघाट एवं स्टॉकयार्ड में पर्याप्त मात्रा में बालू का भण्डारण किया गया है। वर्तमान में जिलान्तर्गत JSMDC के 02 बालूघाट (मुर्तिया एवं लतबेधवा) संचालित है। बालूघाट के बावत किसी प्रकार की जानकारी एवं Online Booking हेतु JSMDC के बालू प्रभारी से मोबाईल सं0– 8160071792 से सर्म्पक स्थापित किया जा सकता है।

अतएव संबंधित संवेदको/एजेन्सियो एवं आम लोगो से अनुरोध है कि बालू खनिज के प्राप्ति हेतु JSMDC द्वारा संचालित बालूघाट से Online Booking बेवसाईट– https://jsmdc-sand.jharkhand.gov.in/ से किया जा सकता है।

जिला खनन पदाधिकारी,
कोडरमा

PR 318156 (Mines and Geology)23-24*D

## सत्तो दा की पुण्यतिथि में शामिल हुए पूर्व विधायक अरूप चटर्जी और आनंद महतो



**कतरास (आजाद सिपाही)।** भंडारीडीह स्थित सामुदायिक भवन परिसर में बुधवार को मजूदर नेता सह धनबाद बार एसोसिएशन के पूर्व महासचिव व अधिवक्ता सत्यनारायण भट्टाचार्य उर्फ सत्तो दा की पुण्यतिथि मनाई गई। श्रमजीवी विकास ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में निरसा के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी, सिंदरी के पूर्व विधायक आनंद महतो, बियाडा के पूर्व अध्यक्ष सह समाजसेवी विजय कुमार झा, कांग्रेस नेता ब्रजेंद्र सिंह, बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष उत्तम मुखर्जी, हलधर महतो आदि उपस्थि हुए और स्व. सत्तो दा की तस्वीर पर माल्यार्पण कर नमन किया। वक्ताओं ने सत्तो दा द्वारा गरीब-मजदूरों के हित में किये गए कार्यों की चर्चा की। कहा कि वे पूरी जिंदगी गरीबों के हक-अधिकार की रक्षा के लिए लड़ते रहे। गरीब वर्ग के लोगों के उत्थान के लिए पूरी जिंदगी गरीबों का मुकदमा मुफ्त में लड़ते थे। कार्यक्रम में आगंतुक अतिथियों का स्वागत सत्तो दा के पुत्र सह वरीय अधिवक्ता दीपनारायण भट्टाचार्य ने किया। जबकि संचालन कृष्ण कुमार ने किया।

## महिला व पुरुषों का हरि कीर्तन का आयोजन

**सिंदरी (आजाद सिपाही)।** रंगामाटी स्थित हनुमान मंदिर में तीन दिवसीय अखंड हरि कीर्तन और हवन कार्यक्रम ।आयोजित हुआ। जिसमें एक दल महिला और दूसरा दल पुरुष का है। मंदिर कमेटी के सदस्य ने कहा कि इस मंदिर में तीन दिन तक हरि कीर्तन व हवन आयोजित किया गया है।

## दिव्यांग बच्चों के क्रियाकलापों को देख हैरत में पड़े अमेरिका-ऑस्ट्रेलिया से आये मेहमान





- जीवन ज्योति में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए थे विदेशी मेहमान

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** रोटरी क्लब ऑफ धनबाद की ओर से संचालित दिव्यांग बच्चों का विशेष विद्यालय जीवन ज्योति में बुधवार को कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें रोटरी इंटरनेशनल की एनआईडी टीम के 15 सदस्यीय विदेशी मेहमान शामिल हुए। विदेशी अतिथियों का स्वागत विशेष बच्चों ने तिलक लगाकर व खुद से निर्मित पुष्पगुच्छ देकर किया। कार्यक्रम की शुरूआत में अमेरिका एवं ऑस्ट्रेलिया से आए हुए सभी मेहमानों ने जीवन ज्योति विशेष विद्यालय का भ्रमण किया और क्रियाकलापों की जानकारी ली। जीवन ज्योति के सचिव राजेश परकेरिया ने बताया कि विगत 35 वर्षों से रोटरी क्लब ऑफ धनबाद द्वारा संचालित जीवन ज्योति विशेष विद्यालय दिव्यांग बच्चों को शिक्षण प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने में जुटा हुआ है। वहीं, रोटरी इंटरनेशनल के पूर्व निदेशक कमल संघवी ने सभी को रोटरी के मूल उद्देश्यों की जानकारी दी। कहा कि सेवा भाव ही हमारा मूल मंत्र है। इसी के तहत रोटरी क्लब धनबाद में विभिन्न सेवा परियोजनाओ को संचालित कर रही है। वहीं, एनआईडी टीम की लीडर नैंसी बेंडर बार्बी ने जीवन ज्योति एवं रोटरी क्लब ऑफ धनबाद के कार्यों की प्रशंसा की। कहा कि मैं विगत 20 वर्षों से जब भी इंडिया आती हूं तो हमेशा अपनी टीम को जीवन ज्योति का दौरा अवश्य कराती हूं। यहां आकर एक आनंद एवं आत्मसंतुष्टि की अनुभूति प्राप्त होती है। उन्होंने जीवन ज्योति विशेष विद्यालय को भविष्य में हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। वहीं, उनकी टीम के सभी सदस्यों ने कहा कि यहां आना बहुत ही सुखद और आत्मीय लगा। आज रोटरी क्लब ऑफ धनबाद के द्वारा जरूरतमंद दिव्यांगजन को निःशुल्क 1 मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल, 2 व्हील चेयर, 4 आर्टिफिशियल जयपुर लिम्ब वितरित किए गए। कार्यक्रम में जीवन ज्योति के विशेष बच्चों ने अतिथियों के समक्ष सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उनको मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं, विदेशी मेहमान भी बच्चों के साथ जमकर थिरके। इसके बाद सभी अतिथियों को जीवन ज्योति के बच्चों द्वारा बनाए गए पेंटिंग्स मोमेंटो के रूप में प्रदान किया गया। मौके पार एनआईडी टीम की नैन्सी बेंडर बार्बी, मार्क माइकल वैलेंटाइन, डेनियल अगस्त वैलेंटाइन, वॉटसन हेवेन्स, मनीष बेंजामिन के अलावा रोटरी क्लब ऑफ धनबाद के सचिव अन्य रोटरी क्लब के सदस्य उपस्थित थे।

Government of Jharkhand
Urban Development & Housing Department
Municipal Corporation, Hazaribag

e- Procurement
Short Notice Inviting Tender
Reference No. - UDD/HMC/HZB/47/2023-24

1.Detail of work

| Group No. | Name of work | Estimated Cost (Rs.) | Earnest Money | Cost of BOQ | Completion period for construction |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Shops in Daily Market, Hazaribag under Municipal Corporation, Hazaribag Block A | 24,97,700.00 | 50,000/- | 5,900/- | 120 Days |
| 2. | Date of Publication of Tender on website | 08.02.2024 at 11:00 A.M. | | | |
| 3. | Last Date/Time of receipt of bids online | 20.02.2024 up to 5:00 P.M. | | | |
| 4. | Bid Opening date | 22.02.2024 at 11:00 A.M. | | | |
| 6. | Name & Address of office inviting tender | Municipal Commissioner Cum Administrator Municipal Corporation, Hazaribag. | | | |
| 7. | Contact No. of Procurement officer | 8219204356 | | | |

NOTE :
- Only e-Tenders will be accepted.
- Further details can be seen on website http:/jharkhandtenders.gov.in
- e-Procurement में Tender Fee एवं EMD की राशि ऑनलाईन सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड, रांची का आदेश ज्ञापांक 120, दिनांक 03.10.2023 एवं नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड रांची का पत्रांक 05/विविध (e-Tender)–12/2023/न0वि– 4847 (अनु.) दिनांक 11.10.2023 के तहत् ली जायेगी।

Sd/-
Administrator Municipal Corporation, Hazaribag

PR 318190 Urban Development and Housing(23-24)D

झारखण्ड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण (JSRRDA)
एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धुर्वा, राँची –834004, झारखण्ड

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या:- 301/2023-24
दिनांक :- 07.02.2024

मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड का नाम | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | JH-M-CHA-09 / 2023-24 | हण्टरगंज | 1 | मदनपुर से बसरिया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० – 4.125 कि०मी०) | 1142.907 | ग्यारह करोड़ बयालीस लाख नब्बे हजार सात सौ रू० मात्र | 15 महीना |
| | | हण्टरगंज | 2 | बाका से जबड़ा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० – 4.000 कि०मी०) | | | |
| | | हण्टरगंज | 3 | पण्डरी से सुग्गी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० –2.570 कि०मी०) | | | |
| | | हण्टरगंज | 4 | नयका डाहा से सोखा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० –1.530 कि०मी०) | | | |
| | | हण्टरगंज | 5 | नयनचक से उरैली होते हुए धरधरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं० –3.665 कि०मी०) | | | |
| | | हण्टरगंज | 6 | डुमरिया से पण्डरी सिमाना तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–1.290 कि०मी०) | | | |
| | | हण्टरगंज | 7 | बलुरी से चौखड़ा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–3.700 कि०मी०) | | | |
| | | हण्टरगंज | 8 | कनगुरूआ से करमा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–3.300 कि०मी०) | | | |
| 2 | JH-M-CHA-10 / 2023-24 | ईटखोरी | 1 | असरिया से बेला तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–3.540 कि०मी०) | 1240.391 | बारह करोड़ चालीस लाख उनतालीस हजार एक सौ रू० मात्र | 15 महीना |
| | | ईटखोरी | 2 | पितिज से सरहेता तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–5.560 कि०मी०) | | | |
| | | मयुरहण्ड | 3 | टी०–01 से पंदनी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–1.170 कि०मी०) | | | |
| | | मयुरहण्ड | 4 | करमा (नवादा) से सदाफर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–3.485 कि०मी०) | | | |
| | | मयुरहण्ड | 5 | शाले से पथरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–2.885 कि०मी०) | | | |
| | | मयुरहण्ड | 6 | शाले से चौरिया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–3.400 कि०मी०) | | | |
| | | गिद्धोर | 7 | तिलैया मोड़ से तिलैया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–2.700 कि०मी०) | | | |
| | | गिद्धोर | 8 | L032 पाण्डेयबागी से गुरूवाही तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–4.750 कि०मी०) | | | |

2. वेबसाईट मे निविदा प्रकाशन की तिथि:–15.02.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 27.02.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:–28.02.2024 .अपराह्न 5.00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता का कार्यालय, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धुर्वा, राँची –834004, झारखण्ड।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– ..........................

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

मुख्य अभियंता
जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची

PR 318229 Rural Work Department(23-24)#D

### नाराजगी : आक्रोशित लोगों ने सड़क पर टायर जला कर किया सड़क जाम

# वाहन ने बाइक सवार को रौंदा, मौके पर ही मौत, हंगामा

आजाद सिपाही संवाददाता





**करगली/बेरमो।** बेरमो थाना क्षेत्र के करगली-कथारा मुख्य मार्ग के करगली ईसाई समुदाय के कब्रिस्तान के समीप बुधवार को अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को रौंद दिया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान सद्दाम हुसैन (23) के रूप में हुई है। वह सीसीएल ढोरी एरिया में माइनिंग के अप्रेंटिस कोर्स का प्रशिक्षण लेकर बाइक से अपने घर झिरकी बस्ती लौट रहे था। वह कथार के झिरकी गांव निवासी गुलजार वारसी नामक व्यक्ति का इकलौता पुत्र था। इस घटना से नाराज स्थानीय लोगों ने सड़क पर टायर जलाकर जमकर प्रदर्शन किया। वाहनों की आवाजाही पूरी तरह ठप कर दी। उधर, घटना की सूचना पाकर बेरमो और गांधी नगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझा बुझा कर शांत कराया। इसके बाद शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने कहा कि यह घटना बहुत ही दुखदायक है। युवक घर का इकलौता चिराग था। इसकी पांच बहन है, जिसकी जिम्मेदारी इसी पर थी। 3 घंटे बीतने के बाद भी प्रशासन अभी तक वाहन का पता नहीं लगा पाई है। यह गंभीर समस्या है। वहीं, बेरमो सीओ संजीत कुमार सिंह ने परिजनों को समझने का प्रयास किया। कहा कि जल्द ही मुआवजा की राशि दिलवाने का प्रयास करेंगें। सूत्रों की मानें तो वे क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच करने खुद ही निकल पड़े। दूसरी ओर, घटना के बाद उक्त स्थल पर मृतक के गांव झीरकी बस्ती से दर्जनों लोग पहुंचे और करगली-कथारा मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। मौके पर बेरमो थाना प्रभारी अशोक कुमार, गांधीनगर थाना प्रभारी अनूप सिंह आदि मौजूद थे।

## न्यायमूर्ति चक्रधारी शरण सिंह ने ली शपथ



भूवनेश्वर(आजाद सिपाही)। न्यायमूर्ति चक्रधारी शरण सिंह ने ओडिशा उच्च न्यायालय के नए मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली है। राज्यपाल रघुवर दास ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी। सुबह 10 बजे चक्रधारी शरण सिंह ने मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ ली. इस शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक समेत कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। न्यायमूर्ति चक्रधारी शरण सिंह पहले पटना उच्च न्यायालय में न्यायाधीश के रूप में कार्यरत थे। न्यायमूर्ति विद्युत रंजन षड़ंगी वर्तमान में ओडिशा उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के रूप में कार्यरत थे।

## पुरी-सोनपुर-पुरी साप्ताहिक एक्सप्रेस का 8 फरवरी 2024 से नियमित संचालन

भूवनेश्वर(आजाद सिपाही)। पुरी-सोनपुर-पुरी साप्ताहिक एक्सप्रेस का नियमित संचालन 8 फरवरी से पुरी से और 9 फरवरी से सोनपुर से चलाने का निर्णय लिया गया है. इस ट्रेन का शुभारंभ 3 फरवरी, 2024 को एक उद्घाटन समारोह में माननीय प्रधान मंत्री द्वारा किया गया था। 18421 पुरी-सोनपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस प्रत्येक गुरुवार को शाम 7:35 बजे पुरी से रवाना होगी और अगले दिन सुबह 5:30 बजे सोनपुर पहुंचेगी। वापसी मार्ग पर, 18422 सोनपुर-पुरी एक्सप्रेस प्रत्येक शुक्रवार को शाम 7:30 बजे सोनपुर से रवाना होगी और शनिवार को सुबह 6:55 बजे पुरी पहुंचेगी। पुरी और सोनपुर के बीच, ट्रेन दोनों तरफ से खुर्दा रोड, भुवनेश्वर, नराज माथार्पुर, ढेंकानाल, तालचेर, अंगुल, बड़ंदा, रेढाखोल, संबलपुर, बरगढ़ रोड, बलांगीर, बिछूपाली, झारतरभा और नरसिंहगढ़ पर रुकेगी। इस ट्रेन में एक एसी-2 टियर, सात एसी-3 टियर, एक एसी-3 टियर इकोनॉमी, छह स्लीपर क्लास, तीन सेकेंड क्लास सीटिंग, एक गार्ड, लगेज और दिबांगजन कोच और एक गार्ड, लगेज और मोटर कोच होगा।

## रेल मंत्रालय ने वैगन मरम्मत कारखाना स्थापित करने के लिए मंजूरी दी

भूवनेश्वर(आजाद सिपाही) । रेलवे बोर्ड द्वारा 244.77 करोड़ की मंजूरी के बाद, रेल मंत्रालय ने कंटाबांजी में वैगन आवधिक ओवरहालिंग (पीओएच) सुविधा की स्थापना के लिए हरी झंडी दे दी है। यह महत्वपूर्ण विकास सितंबर 2023 में प्रस्तुत एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) पर गहन विचार के बाद आया है। 200 वैगनों की क्षमता वाला प्रस्तावित वैगन पीओएच कारखाना कंटाबांजी में रेलवे के पास उपलब्ध खाली भूमि पर स्थापित किया जाएगा । यह निर्णय रेल मंत्री से लंबे समय से इस क्षेत्र में ऐसी सुविधा की मांग कर रहे स्थानीय जन प्रतिनिधियों सहित स्थानीय लोगों के अनुरोध पर विचार करते हुए लिया गया है । ऐसी कार्यशाला की महत्वपूर्ण आवश्यकता को स्वीकार करते हुए, रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने क्षेत्र के लोगों को उनकी आकांक्षाओं के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का आश्वासन दिया है। रेलवे बोर्ड की मंजूरी नागरिकों की जरूरतों और चिंताओं को दूर करने में सरकार के समर्पण को दशार्ती है। वैगन पीओएच कारखाना की स्थापना के कई प्रमुख लाभ हैं। सुरक्षित ट्रेन परिचालन के साथ-साथ इस क्षेत्र में माल ढुलाई यातायात में वृद्धि के लिए वैगनों का नियमित रखरखाव भी किया जाएगा। वैगनों का जीवनकाल वैगनों को ठीक करने में मदद करेगा जिससे प्रतिस्थापन पर होने वाली लागत में बचत होगी। एक अलग वैगन रखरखाव संयंत्र के रूप में, वैगन रखरखाव से दक्षता और विश्वसनीयता में सुधार होगा जिसके परिणामस्वरूप दक्षता और उत्पादकता में सुधार होगा। कंटाबांजी में वैगन पीओएच संयंत्र की स्थापना रेलवे के बुनियादी ढांचे के साथ - साथ रेलवे प्रणाली की सुरक्षा , विश्वसनीयता और लागत - प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ती है ।









### राज्यसभा में पीएम मोदी की 90 मिनट की स्पीचः बोले

# कांग्रेस ने युवराज को स्टार्टअप बनाकर दिया, ना वो लिफ्ट हो रहा, ना ही लांच

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर बोल रहे थे। 90 मिनट की स्पीच की शुरूआत उन्होंने कांग्रेस से की और मोदी 3.0 पर खत्म किया। इस दौरान वे नेहरू, राहुल, ओबीसी, एससी-एसटी, आरक्षण और पीएसयू समेत कई मुद्दों पर बोले। उन्होंने कांग्रेस के लिए युवराज और कमांडो जैसे शब्द भी इस्तेमाल किये। प्रधानमंत्री ने स्पीच की शुरूआत में कहा- कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे जी ने मुझे 400 सीटों का आशीर्वाद दिया। पश्चिम बंगाल से आपको जो चैंलेज मिला है कि कांग्रेस 40 पार नहीं कर पायेगी। मैं प्रार्थना करता हूं कि आप 40 बचा पायें। ममता बनर्जी ने कहा था कि इस बार के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस 40 सीटें भी नहीं बचा पायेगी। पीएम ने राहुल गांधी के सरकारी कंपनियों के बंद होने के आरोपों पर कहा- कांग्रेस ने अपने युवराज को स्टार्टअप बनाकर दिया है। ना वो लिफ्ट हो रहा है और ना ही वो लॉन्च हो रहा है। प्रचार किया जा रहा है कि पीएसयू बंद हो गये। 2014 में देश में 234 पीएसयू थे। आज 254 हैं। भाई कौन सा अर्थमेटिक्स वो जानते हैं। इससे पहले लोकसभा में 5 फरवरी को मोदी ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा था। कहा था कि एक ही प्रोडक्ट को कई बार लॉन्च करने के चक्कर में कांग्रेस की दुकान पर ताला लगने की नौबत आ गयी है। देश के साथ-साथ कांग्रेस भी परिवारवाद का खामियाजा भुगत रही है।

# नीट 2024 की तैयारी को अंतिम रूप देने के लिए गोल इंस्टीट्यूट ने बतायी रणनीति

आजाद सिपाही संवाददाता




**पटना।** नीट 2024 के लिए छात्रों के पास मात्र 80 दिन शेष रह गये है। ऐसे में मेडिकल की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए यह जानना आवश्यक हो जाता है कि अंतिम समय में अपनी तैयारी को अंतिम रूप कैसे दे। छात्रों के इन्हीं उलझनों को सुलझाने के लिए गोल इंस्टीट्यूटने श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल, गांधी मैदान, पटना में सेमिनार का आयोजन किया। इसमें गोल के एक्सपर्टस के साथ-साथ गोल संस्थान के पूर्ववर्ती सफल छात्रों ने नीट 2024 की तैयारी कर रहे छात्रों को सफलता के महत्वपूर्ण टिप्स दिये। छात्रों को संबोधित करते हुए गोल इंस्टीट्यूट के मैनेजिंग डायरेक्टर विपिन सिंह ने छात्रों से कहा कि अंतिम समय में छात्रों को संयमित होकर अपने लक्ष्य के लिए लगातार प्रयास करने से सफलता सुनिश्चित होगी। इसमें समय का प्रबंधन करते हुए प्रतिदिन 10 घंटे या ज्यादा की पढ़ाई करें। पॉजिटिव सोच एवं आत्म विश्वास के साथ प्रयास करें। एनसीईआरटी की पुस्तक को तैयारी के मुख्य केंद्र में रखें। प्रत्येक चैप्टर के प्रश्नों से अभ्यास करें। डाउट्स वाले प्रश्नों के लिए शिक्षक एवं डिस्कशन का मदद लें। सही समय अंतराल पर बार-बार रिवीजन करें। टेस्ट के माध्यम से अपने गलतियों को जानें एवं लगातार उसे सुधारने की कोशिश करें। सही एवं जानकार व्यक्ति की निगरानी में सही दिशा निर्देश को फॉलो करें। असिस्टेंट डायरेक्टर रंजय सिंह ने कहा कि अंतिम समय में छात्र किसी नए पुस्तक को पढ़ने से बचें और अपने निगेटीव स्कोर को कम करने के लिए पर्याप्त रिविजन एवं प्रैक्टिस करें। गोल से पढ़ाई कर सफलता पाकर पटना मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई कर रहे अंकुर, मंसूर अली, स्नेहा कुमारी, सिद्धी, शिवम कुमारी एवं इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज, पटना में पढ़ रहे प्रभात रंजन, रणविजय एवं अमन ने पिछले वर्ष तैयारी के दौरान के अपने अनुभवों को साझा किया और कहा कि गोल संस्थान द्वारा मिल रहे दिशा निर्देश को अगर ईमानदारी पूर्वक फॉलो करें तो सफलता सुनिश्चित है। गोल इस्टीट्यूट के आरएंडडी हेड आनंद वत्स ने टाइम मैनेजमेंट के महत्व को समझाते हुए कहा कि प्रकृति ने सभी छात्रों को दिन रात मिलाकर 24 घंटे का बराबर समय दिया है। इसी समय से जो छात्र ज्यादा समय इस्तेमाल कर लेते हैं वे सफलता की ऊचाइयों तक पहुंच जाते हैं। छात्रों के बीच गौरव सिंह, संजीव जी एवं विनित जी ने भी अपने महत्वपूर्ण अनुभवों को साझा किया और बताया कि गोल इंस्टीट्यूट छात्रों को सफलता दिलाने के लिए हर संभव मदद करने को प्रतिबद्ध है। इस कार्यक्रम में गोल संस्थान के निकेत वर्धन, संजित कुमार (पिंटू), राहुल सहित अन्य उपस्थित थे।

## ब्राउन शुगर बेचने आये तीन व्यापारियों में से दो गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर ।** पुरी शहर में ब्राउन शूगर का कारोबार दिनों ही दिन बढ़ती जा रही है । आज सुबह ब्राउन शुगर बेचने के लिए आए हुए 3 व्यापारियों में से दो को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से 522 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त किया गया। जिसका कीमत अनुमानित 50 लाख रुपये होगी। पुलिस के मुताबिक, बुधवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि पूरी तालबनिया हेलीपैड पर तीन युवक ब्राउन शुगर बेचने आये हैं। पुलिस ने तुरंत समुद्रतट पुलिस स्टेशन के अधिकारि और पुरी पुलिस के विशेष स्क्वाड ने छापा मारा और दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाब रहे। एक और आरोपी फेरर हो गया। हालांकि, जिन दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, पुलिस दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट चालन किया। इसके साथ ही पुलिस ने आरोपियों के पास से एक महंगी बाइक और दो मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुरी एसपी पिनाक मिश्र ने बताया कि ब्रायन शूगर की अनुमानित लागत 50 लाख रुपये होगी और पुरी में ड्रग्स का कारोबार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# बीजेपी और बीजेडी की पार्टनरशिपः राहुल गांधी

### कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा ओड़िशा पहुंची, राउरकेला में रोड शो



आजाद सिपाही संवाददाता

**राउरकेला।** कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा बुधवार को ओड़िशा पहुंची। राहुल गांधी ने राउरकेला, सुंदरगढ़ में रोड शो से यात्रा शुरू की। राहुल ने भाषण में आरोप लगाया कि ओड़िशा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और बीजू जनता दल (बीजेडी) की पार्टनरशिप है। कांग्रेस राज्य के लोगों की भलाई के लिए इनका विरोध कर रही है। उन्होंने कहा, जैसा कि आप जानते हैं कि नवीन पटनायक और नरेंद्र मोदी ओड़िशा में साझेदारी सरकार चलाते हैं। उन दोनों ने हाथ मिलाया है और मिलकर काम करते हैं। मैंने देखा कि बीजेडी संसद में बीजेपी का समर्थन करती है। बीजेपी के कहने पर बीजेडी के लोग भी हमें परेशान करते हैं। राहुल ने कहा कि मैं नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने ओड़िशा आया हूं। उन्होंने ओड़िशा की बीजेडी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि राज्य से लगभग 30 लाख लोग आजीविका के लिए मजदूरों के रूप में दूसरे राज्यों में चले गये हैं, क्योंकि राज्य सरकार उनके लिए काम नहीं कर रही है। वहीं ओड़िशा के बाहर से 30 करोड़पति राज्य की संपत्ति लूटने के लिए यहां आये हैं। राहुल ने कहा कि ओड़िशा में आदिवासियों की बड़ी आबादी है, लेकिन सरकार दलितों के साथ-साथ उनकी भी उपेक्षा कर रही है। मैं यहां 6/7 घंटे आपके मन की बात सुनने और 15 मिनट थोड़ा बोलने आया हूं। उन्होंने कहा कि ओड़िशा में सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी है क्योंकि उद्योग ठीक से काम नहीं कर रहे हैं। इससे पहले राहुल ने ओडिशा के राउरकेला में वेदव्यास शिव मंदिर में पूजा-अर्चना कर भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू की। उदितनगर से पानपोष चक तक 3.4 किलोमीटर पैदल चले। इसके बाद वह राजगंगापुर के लिए निकल गये। राहुल का रात्रि विश्राम झारसुगुड़ा में होगा।

## पुष्पेंद्र सिंह की माता का निधन, शोक



**छत्तीसगढ़ (आजाद सिपाही)। पुष्पेंद्र सिंह की माता जी धर्म पत्नी एसके सिंह का बुधवार की शाम 4.30बजे आकस्मिक निधन हो गया है। ईश्वर उनकी दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें ऊं शान्तिः शान्तिः। शोकाकुल - सिंह परिवार। निवास स्थल उमंग कालोनी, टिकरापारा, नरसिंह हास्पिटैल के पास रायपुर छत्तीसगढ़।**











## संबलपुर में शिकायत निवारण शिविर का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**संबलपुर।** पूर्व तट रेलवे, संबलपुर मंडल द्वारा 06 फरवरी 2024 को रेलवे सामुदायिक भवन, संबलपुर में स्टाफ इंटरैक्शन, शिकायत निवारण और उमीद शिविर का आयोजन किया।

इस अवसर पर संबलपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक तुषार कांत पांडे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। श्री पांडे ने कहा कि कर्मचारियों की शिकायतों की निरंतर निगरानी करना प्रशासन की एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है जिससे अपने कर्मचारियों का कल्याण सुनिश्चित किया जा सके। केवल एक सक्रिय प्रशासन सक्रिय कर्मचारियों से सेवा ले सकता है जिससे सकारात्मक परिणाम मिलें । इस अवसर पर श्री तन्मय मुखोपाध्याय, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक, श्री तत्वदर्शी साहू, वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय), श्री संबीत सौरव नायक, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी, डॉ सबिता सत्पथी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, श्री विनायक बेहरा, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (परिचालन) ने अपने कर्मचारियों के प्रति प्रशासन की जिम्मेदारी को और बेहतर बनाने के लिए अपने बहुमूल्य सुझाव साझा किए। डॉ. मनोज कुमार बेहरा ने तनाव प्रबंधन पर एक पावर प्वाइंट प्रस्तुत किया। इस अवसर पर सभी अधिकारियों और बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने भाग लिया। समारोह का संचालन वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी जुसुफ कबीर अंसारी ने किया।





| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |



आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**